✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



पटना स्थित बिहार राज्य अभिलेख भवन सभागार में हिन्दी दिवस समारोह-सह-कवि सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 111 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 15 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# औरंगाबाद में जिप्सम पाउडर और बोर्ड के लिए औद्योगिक इकाई की होगी स्थापना

## 28 करोड़ का निवेश होने से उद्योग और रोजगार की जगी नई उम्मीद

- औद्योगिक क्रांति को मिलेगी नयी दिशा व रोजगार के अवसर होंगे सृजित
- 1,30,560 स्क्वायर फुट जमीन पर बनेगी फैक्ट्री, बियाडा ने दी स्वीकृति
- हाजीपुर व फतुहा में 60.47 करोड़ की लागत से आधुनिक विनिर्माण इकाई की होगी स्थापना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/औरंगाबाद।** प्रदेश में निर्माण उद्योग को सुदृढ़ करने व औद्योगिक क्रांति को नयी दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। औरंगाबाद स्थित औद्योगिक विकास केंद्र में मेसर्स अरंत्या इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कैल्सीनेटेड जिप्सम पाउडर और जिप्सम बोर्ड के उत्पादन के लिए समर्पित एक विनिर्माण इकाई की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य के बदलते इंफ्रास्ट्रक्चर व निर्माण सामग्री क्षेत्र को नई गति प्रदान की जायेगी। साथ ही इस परियोजना से औरंगाबाद समेत पूरे राज्य में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। औरंगाबाद के औद्योगिक विकास केंद्र में स्थापित होनी वाली इस औद्योगिक इकाई के लिए बियाडा द्वारा 1,30,560 स्क्वायर फुट जमीन की स्वीकृति दी गयी है। साथ ही इस इकाई को लगाने के लिए लगभग 27.57 करोड़ राशि का निवेश तय की गयी है। बता दें कि हाल ही में हाजीपुर व फतुहा औद्योगिक क्षेत्र में 60.47 करोड़ की लागत से मेडिकल मैनिफॉक्चरिंग यूनिट्स स्थापित करने का फैसला लिया गया है। इससे राज्य में मेडिकल उपकरणों, डिवाइस, सर्जिकल उत्पादों और दवाओं के स्थानीय उत्पादन को नया आयाम प्रदान की जायेगी। बियाडा द्वारा इस परियोजना के लिए हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र में 0.31 एकड़ भूमि व फतुहा में 0.81 एकड़ भूमि स्वीकृति का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के राज में बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ उद्योग क्षेत्र को नया आयाम प्राप्त हुआ है। राज्य में नये औद्योगिक नीति के तहत नये-नये औद्योगिक इकाई की स्थापना की जा रही है। राज्य सरकार का कहना है कि नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से बिहार में निवेश का माहौल मजबूत होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ उद्योग क्षेत्र में भी आधारभूत ढांचे के विस्तार से राज्य के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को गति मिलने की उम्मीद है। औरंगाबाद में जिप्सम उद्योग की प्रस्तावित इकाई को जिले में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# बाढ़ से नुकसान का आकलन करने 16 को बिहार आयेगी केंद्रीय टीम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बाढ़ से हालात लगातार गंभीर बने हुए हैं। राज्य के 15 जिलों में करीब 49.36 लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। कई इलाकों में नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पटना में गंगा और पुनपुन नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। दूसरी तरफ प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया था कि बिहार बाढ़ से बेहाल है लेकिन केंद्र सरकार राज्य की मदद नहीं कर रही। अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन आरोपों के बीच बड़ा अपडेट दिया है। पटना में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि 16 सितंबर को केंद्र सरकार की टीम बिहार पहुंचेगी और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह भी बताया कि यह टीम केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आने वाली है। सम्राट चौधरी के मुताबिक देश के गृहमंत्री अमित शाह ने खुद फोन कर उन्हें केंद्रीय टीम के बिहार आने की जानकारी दी है। नेपाल में हो रही बारिश और पिछले दिनों आई बाढ़ की वजह से बिहार में नदियां उफनाई हुईं हैं। कई नदियां खतरे के लाल निशान के ऊपर बह रही है। आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) के ताजा अपडेट की माने तो फिलहाल 15 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इन जिलों में पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णिया, मधेपुरा और अररिया शामिल है। टोटल 88 प्रखंडों की 575 ग्राम पंचायतों के 49.36 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। जानकारी के मुताबिक जल जमाव और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही प्रभावित इलाकों में जरूरी राहत और सहायता कार्य किए जा रहे हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगभग 1260 सामुदायिक रसोई चलाई जा रही है। साथ ही एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें भी लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों पर नजर रख रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 23 को बक्सर में

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** वामन द्वादशी का धार्मिक आयोजन इस बार कई वजहों से खास होगा। 23 सितंबर को भगवान वामन की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि और यजमान के तौर पर शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के बक्सर आने को लेकर विधायक आनंद मिश्रा ने पटना में उनसे मुलाकात कर न्योता दिया था, जिसे मुख्यमंत्री ने खुशी-खुशी मान लिया। विधायक आनंद मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान बक्सर के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बात हुई।

### गहरे पानी में डूबने से दो भाइयों की मौत

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** परबत्ता प्रखंड में सोमवार को दो सगे भाइयों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। यह घटना भरसो पंचायत के बंधकट्टा के पास हुई। मृतकों की पहचान तेलिया बथान गांव निवासी इतवारी मंडल के बेटे गोविंद कुमार और जय जय कुमार के रूप में हुई है। दोनों की उम्र लगभग 14 से 16 साल बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी गोगरी संजय कुमार और डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर परबत्ता अस्पताल पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। एसडीओ ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि बाढ़ का खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं है।

### पितृपक्ष मेला को लेकर पांच जिलों से दस अधिकारी प्रतिनियुक्त

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष महासंगम मेला-2026 की तैयारी जारी है। इसी कड़ी में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर अधिकारियों को गया समाहरणालय में प्रतिनियुक्त किया जा रहा है। गया जिले के आसपास के जिलों में पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग ने औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, रोहतास एवं कैमूर जिले में पदस्थापित बिप्रसे के 10 अधिकारियों को गयाजी समाहरणालय में प्रतिनियुक्त किया है। इन सभी को 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक गया में प्रतिनियुक्त किया गया है। मेला के सफल संचालन, विधि-व्यवस्था संधारण में इनसे ड्यूटी ली जायेगी।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना के बेली रोड में बीते देर रात करीब 12 बजे हुए सड़क हादसे में यारपुर निवासी दो युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीन युवक रात में घर से निकले थे। इसी दौरान परिजनों को बेली रोड पर सड़क हादसा होने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। वहां युवक गंभीर हालत में मिले। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गयी। मृतकों की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी पवन कुमार एवं यारपुर निवासी रुदल कुमार के रूप में हुई है।


# शटरिंग खोलने उतरे जीजा-साले की दम घुटने से गयी जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** सिकंदरपुर में एसपी आवास के पास शटरिंग खोलने के दौरान दम घुटने से जीजा और साले की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गयी। मृतकों के घरों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने साथ ले गयी। बताया जा रहा है कि एसपी आवास के पास शटरिंग खोलने के लिए जीजा और साला नीचे गये थे। इसी दौरान दोनों की दम घुटने से मौत हो गयी। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गयी। घटना को लेकर इलाके में भी चर्चा का माहौल है। स्थानीय जानकारी के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाले दोनों व्यक्ति आपस में जीजा और साले थे। एक मृतक का घर नेउरा में बताया गया है जबकि दूसरे का घर सरैयादीपुर में है। हादसे की खबर मिलने के बाद दोनों परिवारों में मातम पसर गया। मृतकों में एक की पहचान सोनू के रूप में हुई है। वहीं दूसरे मृतक का नाम अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस दोनों शवों को अपने साथ ले गयी है। पहचान की प्रक्रिया और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी जुटायी जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस दोनों शवों को अपने साथ ले गयी है। घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच की जा रही है। पुलिस की आगे की कार्रवाई के बाद हादसे से जुड़े अन्य तथ्यों का पता चल सकेगा।

# बिहार के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला हक : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना में सोमवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के बाद बिहार सरकार के मंत्रियों ने एक तरफ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को भारत के लिए अवसरों का नया द्वार बताया वहीं दूसरी ओर राज्य में बाढ़ की स्थिति और राहत-बचाव अभियान को लेकर सरकार की तैयारियों का भी ब्योरा दिया। ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्रिक्स के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सम्मेलन के दूरगामी लाभ भारत को मिलेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बिहार में बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता देने की बात कही। श्रवण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ब्रिक्स का सफल आयोजन भारत के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगा। उनके मुताबिक इस आयोजन से भारत को भविष्य में कई स्तरों पर लाभ मिलने की उम्मीद है। जदयू कार्यालय में जन सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयोजन की सफलता का फायदा आने वाले समय में देश को मिलेगा। ब्रिक्स के साथ बिहार के मौजूदा बाढ़ संकट का मुद्दा भी बातचीत में प्रमुखता से सामने आया। श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार यह कहते रहे हैं कि सरकारी खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है। उन्होंने दावा किया कि इसी सोच के साथ वर्तमान एनडीए सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों तक हरसंभव सहायता पहुंचाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। सरकार का जोर प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने पर है। वहीं ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव अभियान पूरी मुस्तैदी के साथ चलाया जा रहा है। प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री और वरीय अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

# पंचायत सचिवों के तबादले में लापरवाही पर कार्रवाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सरकार ने पंचायत सचिव तबादले में लापरवाही पर तीन जिलों के जिला पंचायत राज पदाधिकारी के साथ मुख्यालय के स्थापना कोषांग से संबंधित अधिकारियों पर शिकंजा कस दिया है। शीघ्र ही कार्रवाई होगी। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने सोमवार को बताया कि पंचायत सचिवों के तबादले में अनियमितता की बात विभाग के संज्ञान में आया है। मेरे निर्देश पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने अररिया, नवादा एवं नालंदा के डीएम की रिपोर्ट के आधार पर तीनों जिलों के डीपीआरओ से स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही मुख्यालय के संबंधित अधिकारियों से भी स्पष्टीकरण लिया गया। विभागीय स्तर पर समीक्षा में पाया गया कि पंचायत सचिवों के तबादले में लापरवाही हुई है।

# बाढ़ का पानी उतरा तो बढ़ी बीमारियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना सहित बिहार के बाढ़ प्रभावित जिलों में पानी धीरे-धीरे कम होने लगा है। अधिकतर इलाकों से बाढ़ का पानी निकल चुका है लेकिन कई जगहों पर कीचड़ और गंदा पानी जमा है। इसके कारण दस्त, वायरल बुखार, टायफाइड, त्वचा और आंखों से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ सदर अस्पताल और बड़े अस्पतालों की ओपीडी में भी मरीजों की लंबी कतार लग रही है। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में पटना सिटी, दीदारगंज, महेंद्रू, दीघा समेत अन्य बाढ़ प्रभावित इलाकों से रोजाना 100 से 150 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में पिछले एक सप्ताह में करीब 200 मरीज बढ़ गये हैं। एक सप्ताह पहले जहां करीब 300 मरीज रोजाना पहुंच रहे थे, वहीं अब संख्या बढ़कर करीब 500 हो गयी है। इनमें करीब 25 फीसदी मरीज वायरल बुखार, दस्त और टायफाइड से पीड़ित मिल रहे हैं। विभाग के डॉ. राजन कुमार ने बताया कि वायरल बुखार के मरीजों की संख्या सबसे अधिक बढ़ी है। आईजीआईएमएस के मेडिसिन विभाग में भी पिछले एक सप्ताह में वायरल बुखार, उल्टी-दस्त और टायफाइड के मरीजों की संख्या में 20 से 25 फीसदी तक वृद्धि हुई है। मेडिसिन विभाग के डॉ. सेतु सिंह ने बताया कि पहले ओपीडी में रोजाना करीब 400 मरीज आते थे लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 550 तक पहुंच गयी है। इनमें करीब 150 मरीज टायफाइड, वायरल बुखार या दस्त से पीड़ित मिल रहे हैं। अधिकतर मरीज फतुहा और मनेर के ग्रामीण इलाकों से पहुंच रहे हैं। न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल की ओपीडी में भी रोजाना 500 से 550 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें करीब 200 मरीज वायरल बुखार से पीड़ित मिल रहे हैं। दानापुर अस्पताल की डॉ. निभा कुमारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों से आने वाले मरीजों में संक्रमण से जुड़ी बीमारियां अधिक देखने को मिल रही हैं। वायरल बुखार के साथ त्वचा संबंधी खुजली, चकत्ते और संक्रमण के मरीजों की संख्या भी बढ़ गयी है। पीएमसीएच और आईजीआईएमएस की ओपीडी में त्वचा रोग के मरीजों की संख्या 20 से 25 फीसदी तक बढ़ी है। पीएमसीएच के चर्म रोग विभाग की एचओडी डॉ. अनुपमा सिंह ने बताया कि ओपीडी में रोजाना 80 से 100 मरीज खुजली और चकत्ते का इलाज कराने पहुंच रहे हैं। लंबे समय तक पानी में पैर रहने से खुजली की समस्या बढ़ रही है। वहीं गंदे पानी में मौजूद कीड़े-मकौड़ों के काटने से त्वचा पर चकत्ते हो रहे हैं।

# म्यांमार के चार नागरिकों के पकड़े जाने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** कटिहार रेलवे स्टेशन पर नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस से म्यांमार के चार नागरिकों के पकड़े जाने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। ट्रेन नंबर 12505 में कामाख्या से आनंद विहार की यात्रा कर रहे चारों लोगों को रेल पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा। पूछताछ के दौरान इनके पास भारत में प्रवेश और रहने से जुड़े जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। न पासपोर्ट था, न वीजा और न ही भारत में रहने की कोई वैध अनुमति मिली। रेल एसपी हरिशंकर कुमार ने बताया कि चारों के पास जनरल रेलवे टिकट मिले हैं। इनके पास से भारतीय और बांग्लादेशी करेंसी भी बरामद हुई है। पूछताछ में सभी ने कामाख्या से जम्मू जाने की बात बताई। मामले में मोहम्मद नूर को गिरफ्तार किया गया है जबकि उसके साथ मौजूद तीन नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इन तीनों की उम्र और पहचान से जुड़ी जानकारी भी जुटाई जा रही है। पूछताछ में एक और व्यक्ति के इस पूरे मामले से जुड़े होने और फिलहाल फरार होने की जानकारी सामने आई है।




# बिहार में होगा दो दिवसीय हिंदी साहित्य समागम : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी पटना स्थित बिहार राज्य अभिलेख भवन के सभागार में हिंदी दिवस के मौके पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति, सभ्यता और हमारी समृद्ध साहित्यिक परंपरा की अभिव्यक्ति है। हमें हिंदी के गौरव को समझते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी दुनिया में सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह दुनिया में तीसरी प्रयोग की जाने वाली भाषा है। यह हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हिंदी साहित्य को समृद्ध बनाने में बिहार की धरती के अनेक महान साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यापति जी, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' जी, जनकवि नागार्जुन जी जैसे साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिंदी साहित्य को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं और समाज को दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी के साहित्यिक और सांस्कृतिक विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार में दो दिवसीय हिंदी साहित्य समागम का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर के प्रमुख हिंदी साहित्यकारों, रचनाकारों, कवियों और विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस आयोजन की तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस हमें अपनी भाषा के प्रति गौरव और जिम्मेदारी, दोनों का बोध कराता है। बाढ़ की स्थिति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन में व्यस्त रहने के बावजूद बिहार में बाढ़ की स्थिति को लेकर संवेदनशील रहे। उन्होंने कहा कि बिहार की नदियां राज्य के जीवन और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए नदियों को जोड़ना भी है और उन्हें बचाना भी है। नदी तंत्र के संरक्षण, जल प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ कार्य किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि बाढ़ से होने वाली जन-धन की क्षति को कम करने के साथ-साथ इस समस्या का स्थायी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने हरा पौधा, अंगवस्त्र एवं दो पुस्तकें- 'मैला आंचल' एवं 'दिनकर की डायरी' भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में राजभाषा पत्रिका का मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया।

# जनसुनवाई में मंत्री श्रवण कुमार और सुनील कुमार ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं। दोनों मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर फरियादियों की समस्याओं के विधिसम्मत एवं त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी' तथा प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुमित कुमार सिंह भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में श्रवण कुमार ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का सफल आयोजन भारत के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगा और इसका देश को दूरगामी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता दल यूनाइटेड और उसके नेतृत्व को लेकर अनर्गल टिप्पणियां करने वालों को जनता ने 2024 के लोकसभा और 2025 के विधानसभा चुनाव में करारा जवाब दिया। दोनों चुनावों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार हमेशा कहते रहे हैं कि सरकारी खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है। इसी सोच के साथ वर्तमान एनडीए सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता पहुंचाने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। वहीं सुनील कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राज्य सरकार पूरी मुस्तैदी से राहत एवं बचाव अभियान चला रही है। प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री और वरीय अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं तथा स्वास्थ्य सेवाओं एवं राहत व्यवस्था की नियमित निगरानी की जा रही है। प्रभावित परिवारों तक समय पर राहत सामग्री पहुंचाने, सामुदायिक रसोई के सुचारु संचालन, पर्याप्त एवं सुरक्षित पेयजल, पशुओं के लिए पर्याप्त चारा तथा नाव और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो और उन्हें हरसंभव सहायता समय पर उपलब्ध हो। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी कार्यालय सचिव संजय कुमार सिन्हा ने दी।

## शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए नुसरत जहां को बिहार केसरी सम्मान-2026

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए शिवहर जिले के उच्च माध्यमिक विद्यालय कमरौली की प्रधानाध्यापिका नुसरत जहां को बिहार केसरी सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सरगम कला एवं समाज कल्याण मंच की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया था। समारोह में किसी कारणवश नुसरत जहां उपस्थित नहीं हो सकी थीं। बाद में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री तथा जदयू नेता श्रवण कुमार के हाथों उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में आयोजित कार्यक्रम में नुसरत जहां ने सम्मान को गौरव के साथ शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा बताया।

## 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए केपटाउन पहुंचे डॉ. प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार 13 से 18 सितंबर तक दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में आयोजित 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए केपटाउन पहुंच गए। केपटाउन एयरपोर्ट पर आयोजकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। डॉ. प्रेम कुमार ने स्वागत और सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि यह यात्रा नए अनुभवों, संवाद और नई संभावनाओं को समझने का अवसर है। सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के पीठासीन पदाधिकारी संसदीय लोकतंत्र, सुशासन और समसामयिक वैश्विक चुनौतियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के दौरान डॉ. प्रेम कुमार संसदीय नेतृत्व की भूमिका, विशेषकर जलवायु अनुकूलन और आपदाओं के प्रति संसदीय स्तर पर लचीलापन बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखेंगे। साथ ही विभिन्न देशों के पीठासीन पदाधिकारियों और संसदीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद एवं अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे। केपटाउन सम्मेलन के बाद डॉ. प्रेम कुमार 20 से 24 सितंबर तक सिडनी, 24 से 27 सितंबर तक ऑकलैंड तथा 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

### हिंदी दिवस पर बिहार स्टेट पावर होल्डिंग एवं अनुषंगी कंपनियों ने किया विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# ऊर्जा परिवार में हिंदी प्रेम का दिखा उत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड और इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वाक् प्रतियोगिता (एक्सटेम्पोर) और स्वरचित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशकअजय यादव (भा.प्र.से.), प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.), प्रबंध निदेशक डॉ. नवल किशोर चौधरी (भा.प्र.से.), प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल (भा.प्र.से.) और प्रबंध निदेशक विशाल राज (भा.प्र.से.) उपस्थित रहे। अजय यादव (भा.प्र.से.) ने प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही तीज एवं गणेश चतुर्थी के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि रचनात्मकता का उद्देश्य हमारी क्षमताओं को पहचानना और उन्हें नए आयाम देना है। भाषा को सरल और सहज बनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं तक संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए सरल भाषा का प्रयोग आवश्यक है। ऊर्जा सचिव ने सरल भाषा, प्रभावी संवाद और रचनात्मक सोच के साथ उपभोक्ताओं तक ऊर्जा विभाग की बात पहुंचाई जानी चाहिए। ऊर्जा परिवार के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों ने दोनों प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और हिंदी भाषा के प्रति अपने प्रेम एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु सांवर भारती, महाप्रबंधक (जनसंपर्क/ प्रशासन), जितेश सिंह, महाप्रबंधक (जनसंपर्क/ प्रशासन) और रवि भूषण, महाप्रबंधक (जनसंपर्क/प्रशासन), निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे।

## सैमसंग सर्टिफाइड री-न्यूड ने गैलेक्सी एस 26 सीरीज को ग्राहकों तक पहुंचाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। सैमसंग इंडिया अब गैलेक्सी एस 26 सीरीज को अपने सैमसंग सर्टिफाइड री-न्यूड प्रोग्राम के तहत उपलब्ध करा रहा है। सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई फोन्स के रूप में, सर्टिफाइड री-न्यूड गैलेक्सी एस 26 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस 26 सैमसंग डॉट कॉम पर उपलब्ध है। ये डिवाइस नए जैसे हैं और बेहतरीन मूल्य पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गैलेक्सी एस 26 सीरीज को अपनी सर्टिफाइड री-न्यूड लाइन-अप में शामिल करके सैमसंग अब अधिक ग्राहकों को अपने नवीनतम फ्लैगशिप इनोवेशन का अनुभव करने का अवसर दे रहा है।

## ऊर्जा उत्पादन के साथ भारतीय भाषा एवं संस्कृति के संवर्धन के लिए एनटीपीसी प्रतिबद्ध

### पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में हिंदी दिवस सह हिन्दी पखवारे का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में 14 से 28 सितम्बर 2026 तक आयोजित होने वाले हिंदी पखवाड़े के शुभारंभ के साथ ही 14 सितम्बर को मनाए जाने वाले हिन्दी दिवस का शुभारंभ मुख्य सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विल्सन अब्राहम ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु राजभाषा संकल्प दिलाया। इस अवसर पर महाप्रबंधक विल्सन अब्राहम ने कहा कि एनटीपीसी ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ भारतीय भाषा एवं संस्कृति के संवर्धन के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों, रिपोर्टों एवं पत्राचार में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि हिंदी को कार्य-व्यवहार की सहज एवं प्रभावी भाषा बनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा जारी हिंदी अपील भी उपस्थितजनों के साथ साझा की गई। इस अवसर पर हिंदी वर्तनी शुद्धिकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान निबंध लेखन, हिन्दी संगोष्ठी व कार्यशाला, श्रुति लेखन एवं हिंदी प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## हिंदी दिवस पर डॉ. आनन्द रंजन झा ने दिया हिंदी के सम्मान और डिजिटल शिक्षा का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




जंदाहा (वैशाली)। हिंदी दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने हिंदी भाषा के सम्मान, संवर्धन और प्रचार-प्रसार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी पहचान, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव की भाषा है। आधुनिक तकनीकी शिक्षा के साथ हिंदी का समन्वय विद्यार्थियों को ज्ञान और कौशल की नई दिशा प्रदान कर सकता है। इस अवसर पर डॉ. आनन्द रंजन झा ने अपनी कविता 'हिंदी का गौरव, हिंदी का मान' के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना व्यक्त की। डॉ. झा ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और भावनाओं की पहचान है। डिजिटल युग में हिंदी को कंप्यूटर एवं आधुनिक तकनीक से जोड़कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और हिंदी प्रेमियों को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# दानापुर मंडल में राजभाषा पखवारा का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



दानापुर। हिन्दी दिवस के अवसर पर दानापुर मंडल के द्वारा 14 सितंबर से 30 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक दैनिक काम-काज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपने संदेश में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि 'क' क्षेत्र में होने के कारण हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम अपना अधिक से अधिक काम-काज राजभाषा हिन्दी में करें तथा सरल, सहज एवं आसान शब्दों के प्रयोग द्वारा राजभाषा हिन्दी को आम जनों को समझने की लायक भाषा बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा 'रेलवाणी' त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया। पत्रिका का विमोचन करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि पत्रिका के माध्यम से हम अपने अव्यक्त भावों एवं विचारों को सरल एवं आसान शब्दों के माध्यम से दूसरे कर्मचारियों तक आसानी से पहुंचा सकते हैं। पत्रिका का मूल उद्देश्य पाठकों में ज्ञान एवं विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारियों का आदान-प्रदान करना है। पखवाड़े के अंतर्गत 14 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक दानापुर मंडल द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें दिनांक 16.09.2026 को राजभाषा प्रदर्शनी, 18.09.2026 को टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, 23.09.2026 को हिन्दी निबंध एवं वाक्य, 25.09.2026 को राजभाषा क्विज कर्मचारियों के लिए आयोजित किए जाएंगे।

## भारतीय जीवन बीमा निगम के पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी पखवारा समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




पटना। भारतीय जीवन बीमा निगम के पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, एक्जीविशन रोड पटना के सभा कक्ष में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रेमेंद्र हरि क्षेत्रीय प्रबंधक ने की। सभा के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ तरुण कुमार हिंदी विभागाध्यक्ष, पूर्व प्राचार्य पटना कॉलेज, पूर्व मानविकी संकायाध्यक्ष पटना विश्वविद्यालय सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज देशभर में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ राष्ट्रीय 'हिंदी दिवस' मनाया जा रहा है। इस वर्ष के हिंदी दिवस का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी राजभाषा के प्रति जागरूक करना, उसके गौरव को पुनर्स्थापित करना और दैनिक कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देना है। 14 सितंबर 1949 के ऐतिहासिक दिन को स्मरण करते हुए जब संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था, आज विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी और शैक्षणिक संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर देश के प्रबुद्ध जनों और संस्था प्रमुखों ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए हिंदी भाषा को जन-जन की भाषा बनाने का आह्वान किया है। सभा का संचालन ई केरकेक्ट्टा, प्रादेशिक प्रबंधक, मानव संसाधन विकास विभाग ने किया। सभा का शुभारंभ निगम गीत, दीप प्रज्ज्वलन एवं गृह मंत्री और सी.ई.ओ./एम.डी. के संदेश से हुआ। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के पदक विजेता विवेक कुमार गुप्ता एवं नेहा रानी सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय स्तर पर पावरलिफ्टिंग में बिहार का नाम रोशन करने वाले नेशनल इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 के पदक विजेता विवेक कुमार गुप्ता एवं नेहा रानी को सम्मानित किया गया। गाजीपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित 52वीं पुरुष सीनियर नेशनल इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में विवेक कुमार गुप्ता ने 74 किलोग्राम वर्ग में कुल 697.5 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। वहीं 44वीं महिला सीनियर नेशनल इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में नेहा रानी ने 83 किलोग्राम वर्ग में 477.5 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों को विधायक एवं विधानसभा के मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया ने दुशाला एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सम्मान समारोह में बिहार राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के महासचिव अशोक मेहता और बिहार राज्य पावरलिफ्टिंग संघ, पटना के अध्यक्ष राजीव भार्गव उपस्थित रहे। संघ की ओर से दोनों खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

## कृषि ड्रोन से बदलेगी खेती की तस्वीर : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में कृषि को आधुनिक एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार नए कदम उठा रही है। किसानों को कम समय में अधिक क्षेत्र में कीटनाशी एवं तरल उर्वरकों के छिड़काव की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत 'कृषि ड्रोन से फसलों पर कीटनाशी एवं तरल उर्वरक का छिड़काव' योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के लिए राज्य में कुल 11 करोड़ 81 लाख 30 हजार 440 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत बिहार के सभी 38 जिलों में 2,85,160 एकड़ फसल क्षेत्र में कृषि ड्रोन के माध्यम से कीटनाशी, फफूंदनाशी, खरपतवारनाशी, पादप वृद्धिनियामक तथा विभिन्न प्रकार के तरल उर्वरकों के छिड़काव का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार की खेती को अब परंपरागत तरीकों के साथ आधुनिक तकनीक से जोड़ने का समय है।

## होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

### हिंदी हमारी संस्कृति, संवेदना और सामाजिक एकता का महत्वपूर्ण माध्यम : सुमित चटर्जी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




पटना। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था, होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के विभागाध्यक्ष सुमित चटर्जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता, व्याख्याता, सहायक व्याख्याता, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष सुमित चटर्जी ने कहा कि हिंदी केवल हमारी भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदना, विचार और सामाजिक एकता का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह देश के करोड़ों लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। यह दिवस अपनी भाषा के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी को स्मरण करने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि हिंदी की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सरलता, सहजता और समावेशी प्रकृति है। हिंदी ने समय के साथ विभिन्न भारतीय भाषाओं एवं संस्कृतियों के अनेक शब्दों को आत्मसात किया है जो इसकी जीवंतता और व्यापकता को दर्शाता है। होटल प्रबंधन एवं आतिथ्य क्षेत्र में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री चटर्जी ने कहा कि एक सफल आतिथ्य क्षेत्र के पेशेवर के लिए केवल तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अतिथियों के साथ मधुर, विनम्र एवं प्रभावी संवाद करने की क्षमता भी अत्यंत आवश्यक है।

## अभियंता दिवस पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अभियंता दिवस के अवसर पर सभी अभियंताओं के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि एवं सफलता की कामना करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके निरंतर योगदान के लिए शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में अध्यक्ष ने कहा कि अभियंता देश के विकास की आधारशिला को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी तकनीकी दक्षता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं रचनात्मक सोच के माध्यम से अभियंता आधारभूत संरचना, जल संसाधन, सिंचाई, ऊर्जा, उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी तथा डिजिटल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस महान अभियंता एवं भारत रत्न से सम्मानित सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। सर विश्वेश्वरैया ने देश में इंजीनियरिंग एवं तकनीकी विकास को नई दिशा देने के साथ-साथ जल प्रबंधन, सिंचाई और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। उनकी दूरदृष्टि, अनुशासन, कार्य के प्रति समर्पण और राष्ट्र सेवा की भावना आज भी देश के अभियंताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

### पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने की स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा

# स्टेशन पुनर्विकास कार्य निर्धारित समय के भीतर पूरा करने का महाप्रबंधक ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा विभागाध्यक्षों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यालय, हाजीपुर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर जारी पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने कार्य में तेजी लाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने का निर्देश दिया। रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास यात्रियों को अत्याधुनिक रेल अवसंरचना, सुरक्षित, स्मार्ट एवं आरामदायक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पूर्व मध्य रेल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 97 स्टेशनों का पुनर्विकास विभिन्न चरणों में है। दानापुर मंडल के 22 स्टेशन, सोनपुर मंडल के 16 स्टेशन, धनबाद मंडल के 17 स्टेशन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 17 स्टेशन तथा समस्तीपुर मंडल के 25 स्टेशन इस योजना में शामिल हैं। विदित हो कि विकसित भारत के भारतीय रेल के दृष्टिकोण के अनुरूप चयनित रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य स्टेशनों पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं का उन्नयन, यात्री सुविधाओं का विस्तार, सुगम पहुंच सुनिश्चित करना, सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना तथा स्टेशन परिसर को आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करना है। साथ ही क्षेत्र की स्थानीय पहचान एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। स्टेशन की वास्तुकला को क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के अनुरूप विकसित किया जा रहा है जिससे यह आधुनिक यात्री सुविधाओं और स्थानीय परंपरा का उत्कृष्ट संगम प्रस्तुत करेगा। बेहतर रेल संपर्क के माध्यम से स्थानीय व्यापार, कृषि गतिविधियों तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी।

## शिक्षा विभाग ने 37 पदाधिकारियों को सौंपा जिलों के निरीक्षण का जिम्मा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। शिक्षा विभाग मुख्यालय ने राज्य के विभिन्न जिलों के निरीक्षण के लिए 37 पदाधिकारियों का आवंटन किया है। विभाग के विशेष सचिव द्वारा जारी सूची के अनुसार संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने आवंटित जिलों में निरीक्षण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया है। सूची के अनुसार श्रीप्रकाश (बि.प्र.से.), संयुक्त सचिव को गोपालगंज, शाहजहां (बि.प्र.से.), संयुक्त सचिव को मुजफ्फरपुर, शचीन्द्र कुमार, विशेष निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को बक्सर तथा रश्मि रेखा (बीईपीसी) को बेगूसराय का निरीक्षण सौंपा गया है। अहसन, संयुक्त निदेशक, जन शिक्षा को पूर्वी चंपारण, संजू कुमारी (बि.प्र.से.), संयुक्त सचिव को जहानाबाद, सुषमा कुमारी (बि.प्र.से.), विशेष कार्य पदाधिकारी (एससीईआरटी) को गया तथा आरुप (बि.प्र.से.), विशेष कार्य पदाधिकारी (एससीईआरटी) को अरवल का दायित्व दिया गया है। रविन्द्र कुमार, उप निदेशक (एससीईआरटी) को रोहतास, नीरज कुमार, उप निदेशक, प्राथमिक शिक्षा को पश्चिम चंपारण, नरेन्द्र कुमार, उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को मधुबनी, प्रफुल्ल कुमार मिश्र, उप निदेशक, प्राथमिक शिक्षा को अररिया तथा कविता कुमारी, उप निदेशक, प्राथमिक शिक्षा को वैशाली का निरीक्षण करना है। राज कुमार शर्मा, उप निदेशक को सीवान, शिवनाथ प्रसाद, माध्यमिक शिक्षा (संविदा पर नियोजित) को सारण, प्रमोद कुमार साहू, उप निदेशक, जन शिक्षा को सीतामढ़ी, कौशल कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी को लखीसराय तथा गार्गी कुमारी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी को पूर्णिया का दायित्व मिला है।

# मां तुतला भवानी धाम पहुंच रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने की पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड के कैमूर पहाड़ी स्थित मां तुतला भवानी धाम में रविवार को राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा तुतला भवानी धाम में पहुंचे। राज्यसभा सांसद ने मां तुतला भवानी धाम में विकास कार्यों को लेकर धाम का निरीक्षण किया। इसी क्रम में इन्होंने लघु सिंचाई विभाग की ओर से बनाए गए अर्द्धनिर्मित डैम का भी निरीक्षण किया। इस संबंध में इन्होंने बताया कि मां तुतला भवानी धाम से जो तुतराही नदी निकलती है इससे सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचित की जा सकती है, लेकिन डैम नहीं होने के कारण इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। इन्होंने यह



बताया कि रामडीहरा जाने वाले रास्ते में पुल के समीप जो लघु सिंचाई विभाग से बनाया गया अर्द्धनिर्मित डैम है उसके पुनर्निर्माण के लिए लघु सिंचाई विभाग के वरीय अधिकारियों से बहुत जल्द बात कर इस डैम का निर्माण कराया जाएगा वही इन्होंने आगे यह भी कहा कि मां तुतला भवानी धाम को और विकसित करने के उद्देश्य से हर पहलू पर विचार किया जा रहा है। तत्काल महोत्सव स्थल व मां तुतला भवानी गेट पर दो हाई मास्ट लाइट को लगाया जाएगा तथा तिलौथू से मां तुतला भवानी धाम तक सड़क का चौड़ीकरण कराया जाएगा। इसके बाद श्री कुशवाहा ने मां तुतला भवानी धाम में मत्था टेका व क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में मां तुतला भवानी धाम में न्यास समिति के अध्यक्ष गुरु चरण यादव, सचिव धर्मेंद्र सिंह ने इन्हें माता रानी का चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया। इसके बाद श्री कुशवाहा ने इंद्रपुरी से तिलौथू व सरैया सोन तट पर मरीन ड्राइव के तर्ज पर सड़क का निर्माण व पर्यटन का विकास करने संबंधी चर्चा और धौदाढ़ में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जमीन की उपलब्धता को लेकर सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर से बैठक किया तथा इस पर अविलंब काम चालू करने का निर्देश दिया वही इन्होंने मांझर कुंड में भी पर्यटन को विकसित करने के उद्देश्य से निरीक्षण किया। इस मौके पर रालोमो के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार कुशवाहा, रालोमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन वैश्य, वनकर्मी सतानंद कुमार मां तुतला भवानी धाम न्यास समिति के अध्यक्ष गुरुचरण यादव, सचिव धर्मेंद्र सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## रोहतास में तीन थानाध्यक्षों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास पुलिस ने तीन थानाध्यक्षों का सोमवार को तबादला कर दिया। रोहतास के पुलिस कप्तान मिस्टर राज ने जारी प्रेस बयान में जानकारी देते हुए बताया कि डालमियानगर थाना में पद स्थापित थानेदार राजीव रंजन का तबादला सासाराम मुफस्सिल थाना में थानाध्यक्ष के पद पर कर दिया गया। वहीं चेनारी के थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार को बिक्रमगंज का नया थानेदार बनाया गया है।

## नशे में हंगामा करते गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन।** नप बस स्टैंड के पास नशे में हल्ला-हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को डिहरी नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के सिमरी दूधीपट्टी निवासी सत्येन्द्र दूबे को बस स्टैंड में शराब के नशे में हंगामा करते पकड़ा गया।

## जमानत पर छूटे सात अभियुक्तों की थाने पर हाजिरी, सघन पूछताछ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** रोहतास पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के निर्देश पर अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिले भर में जमानत पर रिहा अभियुक्तों पर निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को दरिहट थाना में बड़ी कार्रवाई की गई। दरिहट थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने अपने थाना क्षेत्र के बेरकप ग्राम के जमानत पर मुक्त 7 अभियुक्तों को थाना पर बुलाया। थाना पर सभी की वर्तमान गतिविधियों की गहनता से जांच की गई और उनसे विस्तृत पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस द्वारा संधारित हाजिरी पंजी पर सभी के हस्ताक्षर करवाए गए। पुलिस का उद्देश्य है कि जमानत पर बाहर आए अभियुक्तों पर प्रभावी और लगातार निगरानी रखी जा सके, ताकि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल न हों। थाने पर हाजिरी के लिए थाने में 7 व्यक्ति बुलाए गए। मिथिलेश चौधरी उर्फ खोखा, पिता बंगाली चौधरी, भोला, पिता दीनानाथ राम, संजीव कुमार, पिता सिकंदर राम, सुमंत कुमार, पिता विजेंद्र शाह, विजय पासवान, पिता हरि पासवान, विकास कुमार, पिता दिनेश सिंह, सुजीत कुमार, पिता टुनटुन बैठा।

### अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने किया शोरूम का उद्घाटन, मदरसा नियाजिया निजामिया का किया निरीक्षण

# एनडीए सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** रोहतास नगर पंचायत के अकबरपुर में आयोजित शोरूम के उद्घाटन कार्यक्रम में बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान शामिल हुए। उद्घाटन के बाद मंत्री ने अकबरपुर स्थित मदरसा नेयाजिया निजामिया में औपचारिक बैठक कर जलपान किया। इस दौरान रसूलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जय कुमार सिंह ने मंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र में आई बाढ़ से किसानों की फसलों और जमीन को हुए नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने प्रभावित किसानों को सरकारी सहायता और मुआवजा दिलाने की मांग रखी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रभावित किसानों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए, ताकि जिलाधिकारी से बात कर मुआवजा



दिलाने की दिशा में पहल की जा सके। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने फैसल खान को जदयू का रोहतास जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। अल्पसंख्यक समुदाय के लिए छात्रावास, कॉलेज समेत विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय नेता नीतीश कुमार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए शुरू किए गए कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। मदरसों में शिक्षा व्यवस्था के साथ शिक्षकों को समय पर वेतन उपलब्ध कराने की दिशा में भी सरकार कार्य कर रही है। मौके पर समाजसेवी तोराब नियाजी, शकील खान, सारिक खान, मेराज खान, जदयू जिलाध्यक्ष समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में पांच घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास नगर पंचायत क्षेत्र के कुशडिहरा-रोहतास-नौहट्टा मुख्य मार्ग पर सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। घटना 14 सितंबर 2026 को करीब 11 बजे की बताई जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सड़क पर घायलों को देखकर ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पीएचसी रोहतास को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए पीएचसी रोहतास लाया गया। घायलों की पहचान धीरेंद्र कुमार उम्र 26 वर्ष निवासी शेखपुरा, सुशील कुमार 24 वर्ष, पिता बबलू कुमार, निवासी नावाडीह, अनिकेत कुमार 25 वर्ष, पिता प्रदीप साह, निवासी शेखपुरा, श्रीकांत यादव 28 वर्ष, पिता कृष्णा यादव, निवासी बारेचा तथा धनजीत कुमार 20 वर्ष, पिता रमेश कुमार, निवासी नावाडीह के रूप में हुई है। पीएचसी रोहतास में चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर देखते हुए सुशील कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सासाराम रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार एक बाइक अकबरपुर की ओर से आ रही थी जबकि दूसरी बाइक अकबरपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान दोनों बाइक आमने-सामने टकरा गईं। हादसे के बाद कुछ देर तक घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# हिंदी दिवस पर कवि सम्मेलन सह मुशायरा कार्यक्रम

### हिन्दी हमारी समृद्धि, संस्कृति, इतिहास और परम्पराओं की संवाहक : डीईओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** हिंदी दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कवि सम्मेलन सह मुशायरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने सम्बोधन में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि हिन्दी हमारी समृद्धि, संस्कृति, इतिहास और परम्पराओं की संवाहिका है। यह देश के अलग-अलग प्रदेशों और संस्कृतियों के लोगों को एकसूत्र में पिरोने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि हिन्दी दिवस केवल हिन्दी भाषा का उत्सव ही नहीं है, बल्कि भारत की भाषायी, विविधता और एकता की पहचान भी है। संचार, शिक्षा और व्यापार के क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे हिन्दी के दायरे पर भी जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विस्तार से प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में आये शाहाबाद के जाने-माने समाजसेवी विवेक कुमार पाण्डेय उर्फ सोनू पाण्डेय ने हिन्दी की महत्ता पर बोलते हुए कहा कि हिन्दी दिवस हिन्दी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की याद दिलाता है तथा यह अनेक भाषाओं और बोलियों वाले राष्ट्र में एकता की शक्ति के रूप में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है। समाजसेवी ने कहा कि आज हिन्दी दुनिया में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में शामिल है और विदेशों में भी इसका अध्ययन तथा प्रचार-प्रसार उत्तरोत्तर बढ़ रहा है। हिन्दी-व्याख्यान के बाद कवि सम्मेलन-मुशायरा का दौर शुरू हुआ। आजमगढ़ से आये मशहूर शायर अहमद आजमी, फतेहपुर से आयीं तरन्नुम नाज, हास्य-व्यंग्य के विख्यात कवि चकाचौंध ज्ञानपुरी, मिर्जापुर से आये नरसिंह साहसी, सरोज कुमार पंकज, अख्तर इमाम अंजुम, तनवीर अख्तर, दशरथ प्रजापति तथा प्रो. राजबहादुर राय ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का मनोरंजन भी किया और सोचने पर विवश भी किया।

## तीज पर गूंजी शिव-पार्वती की कथा, सुहाग की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** हरतालिका तीज के पावन अवसर पर सोमवार को बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। शहर के अलावे विभिन्न प्रखंडों दावथ, सूर्यपूरा, दिनारा, काराकाट, संझौली आदि के शिव मंदिरों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवालयों में सुबह से ही व्रती महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अखंड सुहाग की कामना की। इस अवसर पर मंदिरों में आयोजित कथा वाचन में पंडितों ने हरतालिका तीज की पौराणिक कथा सुनाई। कथा के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए हिमालय के वन में कठोर तपस्या की थी। उनकी सखियों ने उन्हें पिता के घर से हरकर वन में ले जाकर तपस्या में सहयोग किया था, इसीलिए इस व्रत का नाम हरतालिका पड़ा। पार्वती के अटूट प्रेम और तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया। मान्यता है कि इस दिन व्रत और कथा श्रवण करने से दांपत्य जीवन सुखमय होता है। बिक्रमगंज के डिहरी रोड, थाना, धारूपुर, तेंदूनी, धनगाई, बरारी प्रखंड परिसर देव मारकंडे, मोटा जयश्री, संजौली के प्राचीन सरोवर, दावत के प्रसिद्ध बुढ़वा शिव मंदिर, देवढी धाम शिव मंदिर, जोगनी शिव मंदिर एवं गांव देहात में स्थित शिव मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से कथा सुनी।

# ऐतिहासिक गणेश मंदिर में चौथे वर्ष मनी गणेश चतुर्दशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** गणेश चतुर्दशी के अवसर पर रोहतास गढ़ किला परिसर स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा लंगर का भी आयोजन किया। कैमूर पहाड़ी पर स्थित इस ऐतिहासिक मंदिर में सुबह से ही बभनतलाब, नागा टोली, ब्रह्मदेवता, रानी तालाब आदि गांवों के महिला पुरूष एवं बच्चे सुबह से ही इकठ्ठा होने लगे थे। विधि विधान से पूजा अर्चना और भजन कीर्तन के बाद आयोजित भंडारा में बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन किया। विदित हो कि मुगल आक्रांताओं द्वारा क्षतिग्रस्त प्राचीन गणेश मंदिर में पूजा



अर्चना करीब साढ़े चार सौ साल से बंद था जहां शाहाबाद महोत्सव आयोजन के अध्यक्ष अखिलेश कुमार के पहल पर 2023 में पहली बार गणेश चतुर्दशी को पुनः पूजा अर्चना आरंभ किया गया था। आज के कार्यक्रम में शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार, संजय पासवान, पूर्व मुखिया कृष्णा यादव, पैक्स अध्यक्ष महावीर सिंह, पैरा ओलम्पिक में स्वर्ण पदक विजेता शेखर चौरसिया, राम रुप उरांव, अवधेश यादव, सुदर्शन सिंह, राम अशीष यादव, अमरेन्द्र पासवान, जितेन्द्र उरांव सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## रेखा त्रिपाठी के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी स्थित विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटूर पांडेय के निवास पर स्वर्गीय रेखा त्रिपाठी के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में स्वर्गीय रेखा त्रिपाठी के पुत्र निखिल त्रिपाठी, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, बहू स्वाती त्रिपाठी सहित परिवार एवं रिश्तेदारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। शोक व्यक्त करने वालों में डिहरी विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, विनोद पांडेय, कृष्णा पांडेय, रविकांत पांडेय, राजू पांडेय, प्रत्युष पांडेय, सूरज प्रकाश, रुद्र पांडेय, महेंद्र पांडेय, नीरज चतुर्वेदी, संजय तिवारी, मनोज पांडेय, राजेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## प्रथम पूज्य गणेश जन्मोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रथम पूज्य गणेश जन्मोत्सव का शहर में सोमवार को रंग छाया। तार बंगला, एनीकट गणपति मन्दिर व नगर परिषद पूर्व मुख्य पार्षद के आवास पर गणेशउत्सव सोमवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ शुरू हुआ। तारबंगला में गणपति सेवा संस्थान द्वारा गणपति जन्मोत्सव श्रद्धा के रंगों में भीगा और गणपति बप्पा मोरया व प्रभु आला सदनाला, आनन्द मनाला झाला के उदघोष से पंडाल गूंज उठी। कलश स्थापना के साथ गणपति उत्सव का शुभारम्भ हुआ। महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। आयोजक मण्डल के पवन सिंह, सूरज सिंह समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। वहीं



राजपूतान मोहल्ला स्थित पूर्व मुख्य पार्षद विशाखा सिंह के आवास पर गणपति उत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई जा रही है। मौके पर पूर्व पार्षद संजीत सिंह व अन्य मौजूद थे जबकि एनीकट काली मंदिर परिसर स्थित गणपति मन्दिर में श्रद्धा के साथ पूजन किया गया।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर के दिशा-निर्देशानुसार पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा किड्स कॉनर स्कूल, यूरोपियन कॉलोनी, डी.डी.यू. में रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए ऑल इण्डिया ऑन-द-स्पॉट निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 6 से 15 वर्ष आयु वर्ग के कुल 104 पंजीकृत प्रतिभागियों में से 92 रेलवे कर्मचारियों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति एवं आत्मविश्वास को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बच्चों को अपनी प्रतिभा को पहचानने, निरंतर सीखने तथा अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों की रुचि एवं प्रतिभा को समझते हुए उन्हें उचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान करें।

## डिहरी शहर में नाबालिग ऑटो-टोटो चालकों की बाढ़, हादसे का खतरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर में इन दिनों ऑटो और ई-रिक्शा (टोटो) चलाने वाले नाबालिग चालकों की बाढ़ सी आ गई है जिससे आम लोगों की जान पर खतरा मंडराने लगा है। इस संबंध में जदयू के जिला प्रवक्ता व वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि थाना चौक, अम्बेडकर चौक, गांधी चौक, स्टेशन चौक और तार बंगला चौक पर सुबह से शाम तक ऑटो-टोटो का जमावड़ा लगा रहता है और यातायात नियमों का पालन नहीं होता। अधिवक्ता ने बताया कि बे-रोकटोक नाबालिग बच्चों द्वारा इ-रिक्शा चलाया जा रहा है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने नाबालिग चालकों के अभिभावकों पर कार्रवाई करते हुए सख्त जांच अभियान चलाने की मांग की है।

# पति की दीर्घायु की कामना को लेकर सुहागिनों ने मनाया हरतालिका तीज

### सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने की भगवान शिव-पार्वती की पूजा, व्रत कथा का किया श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ हरतालिका तीज का व्रत रखा। इस अवसर पर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव-पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा हरतालिका तीज की व्रत कथा का श्रवण किया। सुबह से ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने सोन नदी और सोन नहर में स्नान किया। इसके बाद सज-धजकर



महिलाओं के समूह मंदिरों की ओर रवाना हुए। कई महिलाओं ने अपने घरों में ही भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। मुख्य बाजार स्थित हनुमान मानस मंदिर सहित अन्य मंदिरों में व्रतियों ने मिट्टी से भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा बनाकर विधि-विधान से पूजा की। मंदिर में आचार्य संजय मिश्र ने हरतालिका तीज की व्रत कथा का वाचन किया। आचार्य संजय मिश्र ने बताया कि भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की हस्त युक्त तृतीया तिथि को माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए व्रत रखा था। धार्मिक मान्यता के अनुसार हरतालिका तीज का व्रत करने से भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा प्राप्त होती है तथा महिलाओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं, कुंवारी कन्याएं भी उत्तम वर की कामना को लेकर इस व्रत का पूजन करती हैं।

## बुजुर्ग महिला लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना के पश्चिमी मोहन बिगहा से एक 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने डिहरी नगर थाने में गुमशुदगी का आवेदन दिया है। पुलिस के अनुसार कृष्णा सिंह ने दिए आवेदन में कहा है कि उनकी मां सोनामती देवी गत 4 सितंबर को मोहल्ले में टहलने निकली थीं, लेकिन रात तक घर वापस नहीं आईं। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। महिला कैंसर रोग से ग्रसित है और मानसिक रूप से भी कमजोर है।

**पूर्व रेलवे**

विस्तृत निविदा सं.: ईपीसी-04-सीएओ-सी-ईआर-2026: एकल चरण-दो पैकेट प्रणाली में खुली ईपीसी ई-निविदा, दिनांक 11.09.2026; मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** महागामा-पिरपैंती नई रेल लाइन: ईपीसी प्रारूप में पूर्व रेलवे की पिरपैंती-जसीडीह नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में किमी. 60.000 से किमी. 92.100 तक महागामा स्टेशन (सहित) तथा पिरपैंती स्टेशन (छोड़कर) के बीच नई रेल लाइन के निर्माण के लिए सिविल, पी-वे, विद्युतीकरण, संकेत एवं दूरसंचार कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित मूल्य:** रु. 531,03,36,856.54; **बयाना राशि:** रु. 10,62,06,700; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य; **समापन अवधि:** 630 दिन। **बंद होने की तारीख:** 10.12.2026 को 11.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (CON-36/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# हिंदी दिवस पर डीडीयू मंडल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

### हिंदी विचारों एवं भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में हिंदी दिवस के साथ राजभाषा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने की। बैठक में मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की स्थिति की समीक्षा के साथ-साथ कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं राजभाषा सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह हमारी रेल यात्रा करती है, उसी तरह हमारी हिंदी भी एक प्रांत से दूसरे प्रांत



की यात्रा करती है। यह न सिर्फ संस्कृतियों को जोड़ती है, बल्कि दूसरी भाषाओं से मेल भी कराती है। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी केवल भाषा ही नहीं, बल्कि हमारे विचारों एवं भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार अनवरत जारी रहे क्योंकि हिंदी हमारी राजभाषा होने के नाते प्रत्येक कार्यक्षेत्र में इसका प्रयोग करना हमारा संवैधानिक उत्तरदायित्व है और साथ ही रेल उपभोक्ताओं एवं जनता के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिंदी के प्रयोग-प्रसार को निरंतर बढ़ावा देने तथा हिंदी के उत्तरोत्तर विकास के लिए सामूहिक प्रयास करते रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यांत्रिक विभाग (कैरिज एंड वैगन) को राजभाषा चल शील्ड प्रदान की गई।

# पीएम आवास प्लस के लिए 27 से 29 सितंबर तक होगा अनुमोदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस-2024 सर्वे में चिन्हित पात्र परिवारों की प्राथमिकता निर्धारण प्रारूप सूची के अनुमोदन के लिए ग्राम सभा की तिथियां तय कर दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट द्वारा 11 सितंबर 2026 को जारी पत्रांक 1350 के अनुसार सर्वेक्षित पात्र परिवारों को प्रारूप सूची में शामिल किया गया है और अब इस सूची को ग्राम सभा के समक्ष विचार के लिए रखा जाना है, ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन के बाद अधिकतम 20 दिनों के भीतर अर्थात 30 सितंबर 2026 तक सूची को प्रखंड कार्यालय को वापस करना अनिवार्य है। उप विकास आयुक्त सासाराम के पत्रांक 2155 दिनांक 08.09.2026, ग्रामीण विकास विभाग बिहार पटना के पत्रांक 6189496, दिनांक 07.09.2026 तथा पंचायती राज विभाग बिहार पटना के पत्रांक 8839 दिनांक 10.09.2026 के आलोक में माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस आयोजित करने का प्रावधान है और सितंबर माह का अंतिम रविवार 27 सितंबर 2026 पड़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उक्त तिथि को ग्राम सभा आयोजित कर सूची का अनुमोदन करने का निर्देश दिया गया है जिन पंचायतों में पंचायत सचिव या ग्रामीण आवास सहायक के पास एक से अधिक पंचायतों का प्रभार है वहां 27 सितंबर से पहले या बाद में ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 सितंबर 2026 को बाराडीह, बेनसागर, बुदबुद, चिकसिल, दनवार, धनहरा, गम्हरिया, किरही और सकला पंचायत में, 28 सितंबर 2026 को अमरथा, अमौना, देव, जयश्री, काराकाट, मुंजी और सोनवर्षा पंचायत में तथा 29 सितंबर 2026 को मानिक परसी, मोधा और सिकरिया पंचायत में संबंधित पंचायत सरकार भवन या सामुदायिक भवन में ग्राम सभा होगी। सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव और ग्रामीण आवास सहायकों को निर्देश दिया गया है कि निर्धारित तिथि को अनिवार्य रूप से ग्राम सभा का आयोजन कर प्राथमिकता सूची का अनुमोदन कराएं और समय पर प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि आगे की कार्रवाई समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सके।

# परिवादों के समयबद्ध निष्पादन का जिला पदाधिकारी ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय “सबका सम्मान-जीवन आसान” का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। इसी क्रम में आज दिनांक 14 सितम्बर 2026 को जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान कुल 30 परिवाद प्राप्त हुए। विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखी गईं। जिला पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी परिवादों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें तथा परिवादियों को उनके मामलों में की गई कार्रवाई से अवगत कराएं।

# गणेश चतुर्थी व हिंदी दिवस पर मॉडर्न समूह के विद्यालयों में विविध कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा**। नवादा। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सभी विद्यालयों में सोमवार को गणेश चतुर्थी एवं हिंदी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय परिसरों में भगवान गणेश की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि एवं ज्ञान की कामना की गई। 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर मॉडर्न इंगलिश स्कूल, कुंती नगर के बहुद्देश्यीय सभागार में बाल कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। साथ ही विद्यार्थियों के बीच हिंदी भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं कराई गईं। समारोह का शुभारंभ मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज कुमार सिंह ने मंगलदीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में प्राचार्य गोपाल चरण दास, उप-प्राचार्य मिथलेश कुमार विजय सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। निदेशक ने कहा कि हिंदी भारतीय संस्कृति, संवेदना और साहित्यिक चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है। साहित्यिक गतिविधियां विद्यार्थियों में सृजनशीलता, अभिव्यक्ति-कौशल, देशप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती हैं। बाल कवि सम्मेलन में प्रज्ञा दुबे, अनन्या, मानसी, आयुष पटेल, शर्मिष्ठा, जाह्नवी, निशांत प्रताप, मेघा, श्रेया सुमन सहित अन्य विद्यार्थियों ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया। हास्य कविताओं ने भी सभागार में मुस्कान बिखेरी। गणेश चतुर्थी पर निदेशक ने पूजा-अर्चना कर सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सहयोगी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर

### नगर थाना नवादा में शांति समिति की बैठक



**नवादा**। आगामी गणेश पूजा एवं विश्वकर्मा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर नगर थाना नवादा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पदाधिकारियों के साथ विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि, पूजा समितियों के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल हुए। बैठक में दोनों पर्वों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों ने पूजा समितियों से निर्धारित नियमों का पालन करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। साथ ही पूजा पंडालों एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही गई। अधिकारियों ने कहा कि पर्व-त्योहार हमारी सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक हैं। सभी लोग मिल-जुलकर पर्व मनाएं और किसी भी ऐसी गतिविधि से बचें, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो।

### स्वास्थ्य मेला एवं मीडिया ब्रीफिंग आयोजित

**नवादा**। मिशन परिवार विकास अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन सेवा पखवारा (14 सितंबर से 26 सितंबर तक) के सफल संचालन एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से स्वास्थ्य मेला एवं मीडिया ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिवार नियोजन के महत्व, उपलब्ध साधनों एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने कहा कि परिवार नियोजन सुरक्षित मातृत्व, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं स्वस्थ परिवार के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दंपतियों को उनकी आवश्यकता एवं पसंद के अनुरूप स्थायी एवं अस्थायी परिवार नियोजन साधनों की जानकारी, परामर्श एवं सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों को जनसंख्या के आधार पर परिवार नियोजन सेवाओं के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। अभियान के दौरान 1,250 महिला बंध्याकरण एवं प्रत्येक प्रखंड में 5 पुरुष नसबंदी का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त कॉपर टी 2420, अंतरा इंजेक्शन 2,420, कंडोम 3,685, दैनिक गर्भनिरोधक गोली माला-एन 1,09,300, साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली 43,720 तथा आकस्मिक गर्भनिरोधक गोली 21,860 के वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. आफताब कलीम, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक गजेंद्र कुमार, डीपीए  नवीन कुमार पांडेय, डीएए राजीव कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक आदित्य कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### बहू की हत्या मामले में सास गिरफ्तार

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी पंचायत अंतर्गत प्रभानगर गांव में शनिवार की देर रात 18 वर्षीया विवाहिता सुविता कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने उसकी सास सानू देवी को गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में सोमवार को भेज दिया। बता दें कि प्रभानगर गांव के नयकाडीह टोला निवासी प्रमोद चौधरी के पुत्र गोलू कुमार की गर्भवती पत्नी सुविता कुमारी की मृत्यु संदिग्ध परिस्थिति में हो गई। जिसके बाद मृतक की माता व पकरीबरावां प्रखण्ड के धमौल थाना अंतर्गत रेवार गांव निवासी संजू देवी,पति-स्व० रामाशीष चौधरी ने कौआकोल थाना में दहेज को लेकर पुत्री के साथ प्रताड़ित करने एवं खाना में जहर मिलाकर हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए लिखित प्राथमिकी दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने मृतक की सास सानू देवी को हिरासत में ले लिया था। जबकि ससुर प्रमोद चौधरी घर से फरार हो गए।

# माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति किशोरी बालिकाओं को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित मिशन शक्ति के अंतर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्र, सीतारामपुर, नवादा सदर में किशोरी बालिकाओं के बीच माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरी बालिकाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा माहवारी से संबंधित भ्रांतियों एवं झिझक को दूर करना था। इस दौरान बालिकाओं को बताया गया कि माहवारी एक स्वाभाविक एवं सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इसके संबंध में सहज एवं वैज्ञानिक जानकारी रखना आवश्यक है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को ‘माहवारी पर पहेली की सहेली’ विषयक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से माहवारी के दौरान आवश्यक सावधानियों, स्वच्छता के उचित तरीकों तथा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। फिल्म प्रदर्शन के उपरांत विषय से संबंधित चर्चा एवं परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें किशोरी बालिकाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए माहवारी से जुड़े अपने प्रश्न एवं जिज्ञासाएं साझा कीं। परिचर्चा के दौरान बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छ एवं सुरक्षित साधनों के उपयोग, उन्हें समय-समय पर बदलने तथा उपयोग किए गए स्वच्छता उत्पादों के उचित निपटान के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही, माहवारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों एवं संकोच को दूर करते हुए बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किशोरी बालिकाओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें माहवारी से संबंधित विषयों पर बिना झिझक संवाद करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# किसानों के साथ सरकार अपना रही तानाशाह रवैया : प्रभाकर झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने सोमवार को नारदीगंज प्रखंड के मोतनाजे व मधुबन का दौरा कर लौटने के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी की। उन्होंने कहा कि गंगाजल परियोजना के नाम पर किसानों के साथ बिहार सरकार और जिला प्रशासन बर्बरतापूर्ण व्यवहार कर रहा है। उन्होंने किसानों की सहमति के बिना उपजाऊ जमीन अधिग्रहण करने की नीति की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस बल के दम पर खड़ी धान की फसल पर जेसीबी चलाना शर्मनाक और अमानवीय है। कांग्रेस अन्नदाताओं के साथ ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेगी। झा ने कहा कि इस कार्रवाई से मधुबन व मोतनाजे के करीब 3000 किसान परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास के खिलाफ नहीं है, लेकिन किसानों और रैयतों की जमीन पर दमनकारी रवैये का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि गंगाजल उद्धह योजना के तहत 4174 करोड़ रुपये की परियोजना से मोकामा से गया, राजगीर और नवादा तक पानी पहुंचाने का उद्देश्य था। नवादा के 44 वार्डों में से 17 को ही इसका लाभ मिला, जबकि 27 वार्ड इससे वंचित रहे। झा ने पंचाने नदी की गाद निकालने और गहलोर में बांध बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अपर सकरी परियोजना 37 वर्षों से लंबित है। प्रशासन ने किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी। उनके साथ विजय कुमार, सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा व छोटे लाल यादव भी थे।

# अखंड सौभाग्य की कामना के लिए महिलाओं ने रखा हरितालिका तीज व्रत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**कौआकोल**। अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर महिलाओं ने सोमवार को हरितालिका तीज व्रत श्रद्धा एवं भक्ति के साथ रखा। विवाहित महिलाओं ने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए निर्जला उपवास किया, वहीं अविवाहित युवतियों ने मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए तीज व्रत धारण किया। इस अवसर पर महिलाओं ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की तथा ब्राह्मणों से हरितालिका तीज की कथा का श्रवण किया। तीज पूजन को लेकर महिलाओं ने पवित्र स्नान कर शुद्ध मिट्टी से भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की प्रतिमा बनाई। इसके बाद पूजन स्थल को केले के पत्ते, फूल-मालाओं एवं अन्य पूजन सामग्री से आकर्षक ढंग से सजाया गया। व्रती महिलाएं नए वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार से सुसज्जित होकर पूजा स्थल पर पहुंचीं और भगवान शिव, माता पार्वती एवं भगवान गणेश की विधिवत पूजा की। पूरे क्षेत्र में तीज को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। शाम से ही विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने समूह में तीज की कथा सुनी और पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



# स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर जोर

## एपीएचसी व हेल्थ सेंटरों के विकास की पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हरनौत**। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीडीओ कक्ष में सोमवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह समिति के अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार ने की। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने, मरीजों एवं उनके परिजनों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा अस्पताल परिसर में आवश्यक विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी सह समिति के सचिव डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मुरारी, समाजसेवी चंद्रोदय कुमार, रौशन कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सदस्यों ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, साफ-सफाई और आधारभूत संरचना को बेहतर बनाने के संबंध में सुझाव दिए।बीडीओ डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के साथ जरूरी सुविधाओं में सुधार किया जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को भी विकसित किया जाएगा। इन केंद्रों में आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य ‘विकसित भारत जी राम जी योजना’ के तहत कराने की दिशा में पहल की जाएगी। इससे ग्रामीणों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए आपसी समन्वय पर भी जोर दिया गया।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना से मृतका के पति को मिले दो लाख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हरनौत**। चेरो बाजार स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा की तत्परता से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक खाताधारक के आश्रित पति को दो लाख रुपये की बीमा दावा राशि मिली। सोमवार को शाखा प्रबंधक विवेक आनंद ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद गोसाईं बिगहा गांव निवासी दिवंगत विनीता देवी के पति दिवाकर सिंह के खाते में दो लाख रुपये की राशि ट्रांसफर की।जानकारी के अनुसार, विनीता देवी की अप्रैल माह में हृदय गति रुकने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। उनका बैंक खाते के साथ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा भी था। पत्नी की मौत के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे दिवाकर सिंह ने बीमा राशि के लिए बैंक में दावा प्रस्तुत किया। बैंक प्रबंधन ने आवेदन और संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की, जिसके बाद दावा स्वीकृत हुआ।राशि खाते में पहुंचने के बाद दिवाकर सिंह भावुक हो गए और बैंक प्रबंधन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि परिवार के लिए यह कठिन समय है। ऐसे में मिली बीमा राशि भरण-पोषण में काफी मददगार साबित होगी। शाखा प्रबंधक विवेक आनंद ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सामाजिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण योजना है। मात्र 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर खाताधारक को दो लाख रुपये का जीवन बीमा सुरक्षा कवच मिलता है। उन्होंने लोगों से ऐसी योजनाओं से जुड़कर परिवार का भविष्य सुरक्षित करने की अपील की।

# तीज को लेकर हरनौत बाजार में उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हरनौत**। हरियालिका तीज पर्व को लेकर हरनौत बाजार में सोमवार को सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुई पर्व की तैयारी सोमवार को खरीदारी के साथ चरम पर पहुंच गई। महिलाओं ने पूजा सामग्री, फल, ईख, मिठाई और श्रृंगार प्रसाधन समेत अन्य जरूरी सामानों की जमकर खरीदारी की।तीज को लेकर फलों की मांग बढ़ने से कीमतों में भी इजाफा हुआ है। फल विक्रेताओं के अनुसार सामान्य दिनों की तुलना में कई फलों के दाम में 20 से 30 रुपये प्रति किलो तक की बढ़ोतरी हुई है। करीब 100 रुपये किलो बिकने वाला सेब सोमवार को 140 रुपये किलो तक बिका। केला, अंगूर, अनार, नाशपाती और संतरा समेत अन्य फलों की कीमतों में भी वृद्धि देखी गई। इसके बावजूद खरीदारी पर इसका खास असर नहीं पड़ा और बाजार में दिनभर चहल-पहल बनी रही।चेरो और बोधनगर बाजार में भी तीज व गणेश पूजा को लेकर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रही। दुकानदारों ने पर्याप्त मात्रा में फल और पूजन सामग्री मंगाई है।इधर, हरनौत बाजार में सड़क किनारे ठेले और फुटपाथी दुकानों के कारण कई जगह जाम की स्थिति बनी रही। गोनावां रोड और मुख्य सड़क पर राहगीरों को परेशानी हुई। पर्व को देखते हुए हरनौत थाना पुलिस बाजार में गश्त कर यातायात व्यवस्था सामान्य रखने में जुटी रही।

### त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, सोयवा पुल के पास चला वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। गणेश पूजा और हरितालिका तीज व्रत को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अस्थावां थाना पुलिस ने सोयवा पुल के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। बिहारशरीफ-शेखपुरा मुख्य मार्ग पर पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर सघन जांच की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए कुल चार हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। वहीं चारपहिया वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। पुलिस ने यह भी सुनिश्चित किया कि त्योहार के दौरान कोई व्यक्ति शराब अथवा आपत्तिजनक सामान लेकर आवागमन न कर सके। अस्थावां थानाध्यक्ष सत्यम कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से बाइक चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने की अपील की। साथ ही सभी जरूरी कागजात साथ रखने को कहा। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सील दुकान में चोरी करते तीन नाबालिगों का वीडियो वायरल, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**राजगीर**। शहर के बाजार क्षेत्र में आर्य समाज मंदिर के पास एक सील दुकान में तीन नाबालिगों के चोरी करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक नाबालिग लड़की और दो लड़के रात के समय दुकान के ऊपर बने वेंटिलेटर के रास्ते अंदर प्रवेश करते और सामान निकालते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, वीडियो कब का है और दुकान से कितना सामान चोरी हुआ, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। वीडियो में दुकान के ऊपर लगा वेंटिलेटर क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है। ऊंचाई अधिक होने के कारण नाबालिग लड़की अपनी पीठ का सहारा देकर एक लड़के को वेंटिलेटर तक पहुंचाती दिख रही है। इसके बाद दुकान के अंदर से सामान निकालकर बाहर रखा जाता है। तीनों बच्चे रद्दी चुनने वाले प्रतीत हो रहे हैं और बोरे में सामान भरते नजर आ रहे हैं।इसी दौरान किसी व्यक्ति के पहुंचने और उन्हें पकड़ने का प्रयास करने पर तीनों मौके से भागते दिखाई देते हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित दुकान अजय कुमार की है, जिसे कुछ दिन पूर्व शराब की बड़ी खेप पकड़े जाने के बाद प्रशासन ने सील किया था।सील दुकान में रात के समय प्रवेश कर सामान निकालने का वीडियो सामने आने से बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### सरमेरा बाजार में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**सरमेरा**। हरितालिका तीज व्रत को लेकर सोमवार को सरमेरा प्रखंड क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। पर्व की तैयारियों को लेकर सरमेरा बाजार में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्रती महिलाओं ने पूजा में उपयोग होने वाली सामग्री के साथ फल, कपड़े और अन्य जरूरी सामानों की जमकर खरीदारी की। सुबह से ही बाजार की विभिन्न दुकानों पर महिलाओं की चहल-पहल बनी रही। फल, कपड़े, श्रृंगार सामग्री और पूजन सामग्री की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी गई। महिलाओं ने अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार तीज से संबंधित सामान खरीदे। बाजार में भीड़ बढ़ने से दुकानदारों के कारोबार में भी तेजी आई। हरितालिका तीज को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना को लेकर श्रद्धा और आस्था के साथ निर्जला व्रत की तैयारी कर रही हैं। पर्व को लेकर पूरे बाजार का माहौल उत्सवी नजर आया।

# भारत देश की शान और हम सबका अभिमान है हिंदी : प्रो. सुनीता सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से सोमवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति और राष्ट्र चेतना से जुड़े आकर्षक पोस्टर बनाए।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हिंदी भारत देश की शान और हम सबका अभिमान है। हिंदी हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं को एक-दूसरे से जोड़ने का कार्य करती है।हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी चंपा ने कहा कि हिंदी किसी वर्ग या संप्रदाय की भाषा नहीं है, बल्कि यह जनमानस के व्यापक सांस्कृतिक समन्वय का परिणाम है। वरिष्ठ शिक्षक प्रो. श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि हिंदी एक सरल भाषा है, इसे अपनाकर देखिए, सारी कठिनाइयां अपने आप दूर हो जाएंगी। छात्र अंकित कुमार ने कहा कि हम केवल हिंदी भाषा नहीं पढ़ते, बल्कि भाषा के माध्यम से राष्ट्र की चेतना, संस्कृति और तर्कशीलता का निर्माण करते हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्नातक वर्ग के सूरज पटेल सेमेस्टर-3, पुष्पा कुमारी सेमेस्टर-7, रिया कुमारी सेमेस्टर-7और अनुज कुमार सेमेस्टर-5 तथा स्नातकोत्तर वर्ग की अर्चना कुमारी, आदित्या कुमार और अंजली कुमारी सभी सेमेस्टर-3 को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# लंबित मामलों में देरी बर्दाश्त नहीं, अधिकारी शीघ्र लें निर्णय : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। जिला प्रशासन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को न्यू एनआईसी भवन में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित मामलों, जन शिकायतों, सेवा संकल्प अभियान, राजस्व महाभियान, राशन कार्ड, बिजली एवं शिक्षा से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी मामले के निष्पादन में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को आवश्यक निर्णय लेकर मामलों को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रखंड स्तर पर दो-दो कर्मियों को दस्तावेजीकरण के लिए प्रशिक्षित कराने को कहा।मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत योजना के लंबित मामले 13 से घटकर सात रह गए हैं। डीएम ने शेष मामलों का निष्पादन इसी सप्ताह करने का निर्देश दिया। सीएम डैशबोर्ड पर लंबित मामलों में अधिकांश पुलिस प्रशासन से जुड़े होने पर संबंधित अधिकारियों को समन्वय कर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। नगरनौसा डिग्री कॉलेज के लिए भूमि चिन्हांकन की जानकारी लेते हुए प्रस्ताव शीघ्र भेजने का निर्देश दिया। अतिक्रमण के 27 लंबित मामलों में अगली बैठक तक स्पष्ट प्रगति मांगी। राशन कार्ड केवाईसी की प्रगति 39 प्रतिशत से आगे बढ़ाने के लिए जरूरत पड़ने पर घर-घर जाकर दस्तावेज जुटाने को कहा। वहीं पीएम सूर्य घर योजना में प्राप्त आवेदनों में कम से कम 50 प्रतिशत कन्वर्जन का लक्ष्य रखने तथा बिहारशरीफ ग्रामीण व राजगीर में कार्य तेज करने का निर्देश दिया।

# पितृपक्ष में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर सोमवार को जिला परिषद सभागार में प्रभारी मंत्री, गया जिला-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने विभिन्न विभागों की तैयारियों, उपलब्ध संसाधनों तथा श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेला गया की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करते हुए निर्धारित समय-सीमा में श्रद्धालु-केंद्रित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, आवासन, यातायात, पार्किंग, स्वास्थ्य, सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने प्रभावी प्रबंधन के लिए मेला क्षेत्र को पांच जोन और 54 सेक्टर में बांटा है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर लगातार निगरानी की जाएगी। स्वच्छता के लिए तीन पालियों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कराई जाएगी तथा करीब 39,500 मानवबल की आवश्यकता के अनुरूप एजेंसी चयन की निविदा प्रकाशित की जा चुकी है। फल्गु नदी की सफाई के लिए ट्रैश क्लीनिंग बोट का उपयोग होगा। मेला क्षेत्र में गंदगी और जलजमाव नहीं रहने देने तथा प्रमुख मार्गों, वेदी स्थलों, घाटों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई का निर्देश दिया गया। नौ तालाबों की विशेष सफाई दो पालियों में कराई जा रही है। पानी, सीढ़ियों और वेदी स्थलों की सफाई भी होगी। विभिन्न वेदी, घाट, यात्री आवासन, पुलिस आवासन और पार्किंग स्थलों पर पेयजल, वाटर एटीएम और वाटर टैंकर की व्यवस्था की जा रही है। पानी की गुणवत्ता की नियमित लैब जांच होगी। बोतलबंद पानी की भी जांच कराई जाएगी तथा डुप्लीकेट सील बोतल की बिक्री रोकने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया गया। स्नानागार, चेंजिंग रूम और शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। मेला क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाइट, विद्युत तार, ट्रांसफॉर्मर समेत अन्य संरचनाओं की मरम्मत के साथ प्रमुख पोल पर तिरंगा सजावटी लाइट लगाई जा रही है। बच्चों की सुरक्षा के लिए तीर्थयात्रियों के साथ आने वाले बच्चों को क्यूआर आधारित रिस्ट बैंड दिया जाएगा जो अभिभावक के मोबाइल नंबर से जुड़ा होगा। बच्चे के गुम होने पर पहचान और ट्रैकिंग में इससे मदद मिलेगी। मेला क्षेत्र में 24 घंटे हेल्पलाइन, सीसीटीवी निगरानी और 'मे आई हेल्प यू' काउंटर की व्यवस्था रहेगी। हेल्पलाइन नंबर 9266628168 जारी किया गया है। यातायात, परिवहन, पेयजल, सफाई, प्रकाश, स्वास्थ्य, अग्निशमन और विधि-व्यवस्था से संबंधित सहायता के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति होगी। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, अलग प्रवेश-निकास द्वार, सीसीटीवी और 24 घंटे जिला आपातकालीन संचालन केंद्र की व्यवस्था रहेगी तथा 112 का व्यापक प्रचार किया जाएगा। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने सभी विभागों को समन्वित मेला प्रबंधन के रूप में कार्य करने, नियमित समीक्षा, स्थल निरीक्षण और कमियों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में वजीरगंज, गुरुआ, अतरी और बेलागंज के विधायक, नगर निगम के महापौर, नगर परिषद के सभापति, जिला अध्यक्ष, विभिन्न कोषांगों में नामित जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी तथा पंडा-पुरोहितों ने सुझाव दिए। पितृपक्ष मेला के सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी एवं सहायक भी उपस्थित रहे।

## हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने हिंदी दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी है। हिंदी ने देश की विविध भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बदलते समय और तकनीकी युग के अनुरूप हिंदी के प्रयोग को प्रशासन, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और जनसंचार के क्षेत्रों में और व्यापक बनाने की आवश्यकता है। हिंदी को आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और तकनीक से जोड़कर नई पीढ़ी के लिए अधिक उपयोगी और सहज बनाना हमारा सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि हिंदी का सम्मान करते हुए सभी भारतीय भाषाओं के प्रति समान आदर और सम्मान की भावना बनाए रखना आवश्यक है। भाषा का विकास केवल उसके प्रयोग से नहीं, बल्कि ज्ञान, नवाचार और जनसेवा के माध्यम के रूप में उसके विस्तार से होता है।

## महाराष्ट्र मण्डल द्वारा आयोजित श्रीगणेश उत्सव पूजा में शामिल हुये मुख्यमंत्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी महाराष्ट्र मण्डल द्वारा सरपेंटाईन रोड, दारोगा प्रसाद राय पथ पटना में आयोजित श्रीगणेश उत्सव पूजा में शामिल हुये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीगणेश से प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। महाराष्ट्र मण्डल के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प-गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पगड़ी भी पहनाया गया। मुख्यमंत्री ने श्रीगणेश उत्सव पूजा के आयोजन के लिये महाराष्ट्र मण्डल के सदस्यों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुभकामनायें देते हुये कहा कि भगवान श्रीगणेश सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता प्रदान करें तथा बिहार निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़े। इस अवसर पर सिविल विमानन विभाग के सचिव डॉ नीलेश रामचन्द्र देवरे, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, मुख्यमंत्री सचिवालय के संयुक्त सचिव श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर सहित महाराष्ट्र मण्डल के सदस्य, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# हिंदी दिवस पर आयुक्त कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** हिंदी दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय, गया के सभागार में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया डॉ. सफीना ए. एन. ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, साहित्य, परंपरा एवं भावनाओं को जोड़ने वाली भाषा है। हिंदी ने देश की विविध भाषाओं और संस्कृतियों के बीच संवाद एवं समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग से आमजन के साथ संवाद को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशासनिक कार्यों में सरल, सहज एवं स्पष्ट हिंदी के प्रयोग से योजनाओं एवं सरकारी निर्णयों की जानकारी आम नागरिकों तक सुगमता से पहुंचाई जा सकती है। आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्राथमिकता दें तथा हिंदी भाषा के विकास एवं प्रचार-प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान हिंदी भाषा के महत्व, राजभाषा के रूप में हिंदी की भूमिका तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने की भगवान गणपति की पूजा अर्चना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के दारोगा प्रसाद राय स्थित महाराष्ट्र मंडल की ओर से आयोजित गणपति उत्सव के पहले दिन भी भक्तों का तांता लगा रहा इस मौके पर आम व खास सभी भक्तों ने भगवान गणपति की पूजा अर्चना कर वरदान मांगा। सोमवार को पूजा पंडाल में राज्यपाल महामहिम लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव आईएएस अधिकारी दीपक कुमार सिंह ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भगवान गणपति को प्रथम पूज्य व बुद्धि का देवता कहा जाता है। भगवान गणेश के आशीर्वाद से सबकुछ होता है। आज की पूजा में विजय पाटिल, विट्ठल घोडके, शुभदा कुलकर्णी, डॉ कविता राऊत, शंकर किर्दत, महादेव कनशे, आनंद पवार, मल्लिकार्जुन आरले, राजेंद्र पवार, संतोष पवार, संतोष देवकर, प्रदीप पाटील, अनिल गायकवाड, सुनील शिंदे, अनमोल जाधव, शिवाजी जाधव, संजय पाटिल, अधिक मोरे, विजय पाटिल, संतोष शिंदे, सीताराम शिंदे, सुरेश सालुंखे, संजय पाटिल, सुरेश आर्ले सहित बड़ी संख्या में महाराष्ट्र मंडल के कार्यकर्ताओं व्यवस्था में सहयोग दिया।

# तेजस राजधानी एक्सप्रेस में गांजे की खेप बरामद, युवती गिरफ्तार

### 15.822 किलो गांजा बरामद, कीमत करीब 7.91 लाख रुपये, एसी-2 कोच में बैग के साथ पकड़ी गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में तेजस राजधानी एक्सप्रेस से गांजे की बड़ी खेप बरामद की गई। ऑपरेशन नारकोश के तहत चलाए गए विशेष सर्च अभियान में 15.822 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 7,91,100 रुपये बताई गई है, बरामद हुआ है। मामले में गया जिले की 26 वर्षीय युवती मीणा कुमारी को गिरफ्तार कर जीआरपी गया को सौंप दिया गया है।

**ओडिशा से दिल्ली ले जाया जा रहा था गांजा**

पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार के निर्देश पर सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर 22811 अप भुवनेश्वर-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस के गया जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर पहुंचते ही कोच ए-3 की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बर्थ संख्या-06 पर यात्रा कर रही युवती के पिट्ठू बैग और ट्रॉली बैग से कुल 15 बंडलों में गांजा बरामद हुआ है। युवती गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र की रहने वाली बताई गई है। पूछताछ में उसने गांजा जाजपुर क्योंझर रोड, ओडिशा से दिल्ली ले जाने की बात बताई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव, सीआईबी इंस्पेक्टर चंदन यादव, रेल थानाध्यक्ष शिव कुमार यादव समेत टीम ने कार्रवाई पूरी की है। प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ युवती को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी गया को सौंप दिया गया है। टीम गांजा तस्करी से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है।

# शाम को भट्ठा जाने निकले, सुबह मोरहर नदी में मिला शव

### चितापकला के पास नदी में डूबने से मौत की आशंका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के चितापकला गांव के समीप मोरहर नदी में सोमवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कमात गांव निवासी करीब 45 वर्षीय नागेंद्र यादव उर्फ नरेश उर्फ फकीरा यादव के रूप में हुई है। शव एएस भट्ठा के पास नदी से बरामद किया गया। परिजनों के अनुसार नरेश यादव रविवार की शाम करीब चार बजे घर से ईंट भट्ठे पर काम करने जाने की बात कहकर निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर उनकी पत्नी गीता देवी और अन्य परिजन उनकी तलाश में जुट गए। रातभर आसपास के इलाकों में खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार की सुबह चितापकला के समीप मोरहर नदी में ग्रामीणों ने एक शव को तैरते देखा। इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। बाद में शव की पहचान नरेश यादव के रूप में की गई। परिजनों ने आशंका जताई कि शौच के बाद नदी में पानी छूने के दौरान पैर फिसल जाने से वे गहरे पानी में चले गए होंगे और डूबने से उनकी मौत हो गई। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा। सूचना पर पहुंची शेरघाटी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा है। पत्नी गीता देवी और सात वर्षीय बेटी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## परसावां हाईस्कूल भवन के लिए 28 से आमरण अनशन की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच में पदाधिकारियों के खिलाफ आमरण अनशन का सिलसिला जारी है। परसावां गांव के ग्रामीणों ने डीएम के नाम बीडीओ को आवेदन देकर 28 सितंबर से आमरण अनशन व अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय परसावां में भवन निर्माण नहीं हो रहा है। आरोप है कि बीईओ डॉ. अभय कुमार रमण ने एक वर्ष पूर्व परसावां में भूमि उपलब्ध रहने के बावजूद मुड़ेरा गांव के लिए सीओ से एनओसी लेकर जिला को प्रतिवेदन भेज दिया। पूर्व उप मुखिया रामबली प्रसाद ने कहा कि डीईओ, डीपीओ और एसडीओ टिकारी ने संयुक्त रूप से भूमि का सर्वे किया था, फिर भी पक्षपात कर मुड़ेरा में भवन बनाने की मंशा है जबकि विद्यालय परसावां पंचायत के नाम पर है और पंचायत मुख्यालय बीच में है। इससे पहले बीईओ के भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार का सात दिवसीय अनशन आश्वासन पर टूटा था। ग्रामीणों ने पांच सूत्री मांग रखी है जिसमें परसावां में ही भवन निर्माण, अंचल में अनियमितता व वसूली की जांच, उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, बिजली बिल में गड़बड़ी की जांच और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने की मांग शामिल है।

## 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में हिंदी दिवस समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के परिसर में सोमवार को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सशस्त्र सीमा बल, गया के उप महानिरीक्षक (विशेष प्रचालन) मानवेन्द्र ने की। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने हिंदी के ऐतिहासिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने, राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कार्यालयी कार्यों में हिंदी के सरल एवं सहज प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी एवं डिजिटल युग में हिंदी को और अधिक सशक्त बनाने तथा नई पीढ़ी को हिंदी भाषा एवं साहित्य से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी कार्मिकों से दैनिक एवं कार्यालयी कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और भावनात्मक एकता की महत्वपूर्ण कड़ी है। हिंदी का विकास अन्य भारतीय भाषाओं के सम्मान एवं सहयोग के साथ किया जाना चाहिए। समारोह में 29वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी असीम उपाध्याय, द्वितीय कमान अधिकारी अंजय रजक, क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), सशस्त्र सीमा बल, गया के द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार समेत क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) एवं 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी तथा बलकार्मिक उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड क्लास शहर बनेगा गयाजी : मंत्री




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला आर्किटेक्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में 2 दिवसीय इंफ्रा बिल्ट एक्सपो-2026 का उद्घाटन सोमवार को एक निजी होटल के सभागार में प्रभारी मंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। एक्सपो में भवन निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कंपनियां अपने उत्पाद, तकनीक और सेवाओं की जानकारी दे रही हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह एक्सपो बिहार के बदलते इंफ्रास्ट्रक्चर को पेश करने का माध्यम है। राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर के सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। हमारा काम सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना नहीं, बल्कि ड्यूरेबल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना है, जो लंबे समय तक लोगों की जरूरतों को पूरा कर सके। मंत्री ने कहा कि गया विश्व के आध्यात्मिक मानचित्र पर अपनी अलग पहचान रखता है। विष्णुपद मंदिर और बोधगया जैसी ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत के कारण यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में देश-विदेश से लोग पहुंचते हैं, इसलिए गयाजी को विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिए सुनियोजित विकास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आर्किटेक्ट का काम केवल भवन का नक्शा बनाना नहीं है। वह विचारों और कल्पनाओं को जमीन पर उतारकर शहर को सुंदर और व्यवस्थित स्वरूप देता है।


बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

राजस्व विभाग की सभी सेवाएं ऑनलाइन हैं।

बिहारभूमि पोर्टल
जमीन से जुड़ी हर जानकारी, हर सेवा, एक ही पोर्टल पर
https://biharbhumi.bihar.gov.in/



नागरिक विभाग के वेबसाइट पर जाकर निम्नलिखित सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

1. ऑनलाइन दाखिल-खारिज
2. ऑनलाइन भू-लगान भुगतान
3. डिजिटल हस्ताक्षरित भू-अभिलेख
4. ई-मापी
5. परिमार्जन प्लस
6. ऑनलाइन राजस्व न्यायालय (RCMS)
7. राजस्व मानचित्रों की डोर स्टेप डिलीवरी
8. जमाबंदी पर SMS अलर्ट चुनने की सेवा
9. भूमि दखल-कब्जा प्रमाण पत्र (एलपीसी)

नोट: • ऑनलाइन सेवाओं के लिए रैयत अपने मोबाइल नंबर की मदद से लॉगिन करेंगे (अगर नए user हैं तो पहले आप रजिस्ट्रेशन कर लें) और संबंधित सेवा का लाभ उठाएं।
• ऑनलाइन सूचना बिना लॉगिन के उपलब्ध है।

शिकायत एवं सुझाव के लिए जन शिकायत पोर्टल https://biharbhumi.bihar.gov.in पर जायें।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।
स्पष्ट भू संपदा, सुशासन, समृद्धि से शांति सर्वदा
Follow Us
#BiharRevenueAndLandReformsDept
बिहारभूमि वेबसाइट पर जाने के लिए QR कोड स्कैन करें।
PR. No. 011823 (Revenue)2026-27

संपादकीय

# फ्लू के बढ़ते प्रकोप चिंता का विषय...

महामारियां क्रूर और सीखने का सबसे बुरा समय होती हैं। सबक सबसे अच्छे तरीके से महामारी के बीच के समय में सीखे जाते हैं, जैसे कि वर्तमान में फ्लू का प्रकोप। भारत के विभिन्न हिस्सों में इस साल पिछले साल की तुलना में 2-10 गुना अधिक मामले सामने आए हैं। सरकारी सलाह में भी जनता से सतर्क रहने को कहा गया है लेकिन घबराने को नहीं। मुझे समझ नहीं आता कि इसका क्या मतलब है। एक अच्छी तरह से स्थापित वायरस गंभीर चिंता का विषय नहीं होना चाहिए। फिर भी, संक्रमण को रोकने के लिए सलाह जारी करना आवश्यक है, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने और मास्क के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए। इसमें उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों और स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण भी शामिल हो सकता है। नियंत्रण का अर्थ है यह सुनिश्चित करना कि संक्रमित व्यक्तियों को उचित चिकित्सा देखभाल मिले।

कोविड के बाद, भारत में वायरल रोगों की निगरानी की एक उत्कृष्ट प्रणाली है। इन्फ्लूएंजा पॉजिटिविटी दर में एक निर्धारित सीमा से अधिक वृद्धि होने पर अलर्ट जारी किया जाना चाहिए। चयनित अस्पतालों में किए गए हमारे अध्ययन में पाया गया कि गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के साथ भर्ती मरीजों में पॉजिटिविटी दर इस वर्ष 16 प्रतिशत थी, जबकि पिछले वर्ष यह 12 प्रतिशत थी। निगरानी और कार्रवाई के बीच का संबंध कमजोर है। यह अंतर आई.सी.एम.आर. (प्रयोगशाला निगरानी का संचालन), एन.सी.डी.सी. (प्रतिक्रिया का समन्वय) और राज्य स्वास्थ्य प्रणालियों (प्रतिक्रिया का कार्यान्वयन) के बीच है। आगे का रास्ता एक एकीकृत कमान संरचना स्थापित करना है, जिसे बीमारी के प्रकोप और महामारियों के दौरान प्रभावी प्रतिक्रिया के समन्वय और कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट अधिकार प्राप्त हों। हम कोविड से यह सबक सीखने में विफल रहे। वर्तमान में संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए, प्राथमिकता अनावश्यक मौतों को रोकने की होनी चाहिए। सरकारी सलाह में ऐसे लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने और मास्क पहनने का आग्रह किया जाना चाहिए।

सरकारें अक्सर इस बात से डरती हैं कि ऐसी सलाह से दहशत फैल सकती है। उचित प्रतिक्रिया और दहशत फैलाने वाली प्रतिक्रिया के बीच एक बहुत पतली रेखा होती है। विश्वभर की सरकारें इस संतुलन को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं। उन पर और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) पर कभी-कभी अतिप्रतिक्रिया का आरोप लगाया जाता है। हालांकि, अगर हमारी प्राथमिक चिंता जीवन बचाना है, तो अतिप्रतिक्रिया अल्पप्रतिक्रिया से बेहतर है। हालांकि सामान्य परिस्थितियों में टीकाकरण की आवश्यकता पर बहस की जा सकती है लेकिन प्रमुख मौसमी प्रकोप के दौरान उच्च जोखिम वाले समूहों के टीकाकरण पर विचार न करके, हम अगली महामारी के लिए अप्रस्तुत रहने का जोखिम उठाते हैं। यहां तक कि इन्फ्लूएंजा के चरम मौसम में भी एंटीवायरल दवाओं का कम उपयोग भी जांच का विषय है-इन्फ्लूएंजा प्रबंधन दिशा-निर्देशों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। प्रकोप, विभिन्न स्तरों की महामारियां और वैश्विक महामारियां एक निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा हैं। इनके लिए एक सुनियोजित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। लघु-महामारी की स्थितियां हमारी प्रतिक्रिया और संचार रणनीतियों को परिष्कृत करने का अवसर प्रदान करती हैं।

# क्या जर्मनी में फिर से नाजियों का हो रहा उदय?

**सैक्सनी-अनहाल्ट में एएफडी के नेता 35 वर्षीय उलरिच सिगमंड हैं, जिन्हें पार्टी के अन्य कट्टरपंथियों की तुलना में मीडिया के अनुकूल और मिलनसार माना जाता है. उन्होंने एक मोपेड पर अपना चुनाव प्रचार किया, जो जर्मनी का एक लोकप्रिय प्रतीक है. सिगमंड का जन्म 1990 में हुआ था, जो पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी के पुनर्मिलन का वर्ष था. अगर आप यूरोप को देखें, तो यह भी एक बड़े ट्रेंड का हिस्सा है. यूरोपीय संघ के कई देशों में, राजनीतिक दक्षिणपंथियों ने सफलताएं हासिल की हैं, और वे सत्ता के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं. कई दक्षिणपंथी पार्टियों ने अधिक अंतर्मुखी और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण अपनाया है, प्रवासियों पर कड़े नियंत्रण और यूरोपीय संघ विरोधी नीतियों पर जोर दिया है. लेकिन वे सभी व्यावहारिक रहे हैं. वे चुनावों और बहुदलीय व्यवस्थाओं में विश्वास करते हैं, और वे सभी चुनाव जीतकर सत्ता में आने के लिए अपनी बारी का इंतजार करने को तैयार हैं. और वे अपने रुख में बदलाव भी ला सकते हैं. उदाहरण के लिए, दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी पार्टी 'ब्रदर्स ऑफ इटली' की नेता जियोर्जिया मेलोनी 2022 में अपनी पार्टी को सत्ता में लेकर आईं. सत्ता में आने से पहले, मेलोनी और उनकी पार्टी यूरोपीय एकीकरण को लेकर संशय में थीं और उन्होंने प्रवासियों पर कड़ा रुख अपनाया था. लेकिन सत्ता संभालने के बाद से, मेलोनी ने अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने के साथ-साथ यूरोपीय संघ और यूक्रेन का समर्थन करने वाली नीति अपनाई है.**

दूसरे विश्व युद्ध के अंत में जर्मनी को मिली भयानक हार के बाद से जर्मन लोग दक्षिणपंथी पार्टियों को लेकर हमेशा सतर्क रहे हैं. वहां के नेता और जनता कभी नहीं चाहते थे कि नाजी या हिटलर का दोबारा उदय हो. जर्मनी की मध्यमार्गी पार्टियां, क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और सोशल डेमोक्रेट्स का राजनीति पर दबदबा रहा है. वे दक्षिणपंथी पार्टियों को खुद से काफी दूर रखने को लेकर पर्याप्त रूप से सावधान थीं. लेकिन युद्ध खत्म होने के 80 से अधिक वर्षों के बाद, ये दोनों स्थापित पार्टियां अब कमजोर पड़ती दिखाई दे रही हैं. जर्मनी में धुर दक्षिणपंथी एएफडी का उदय न तो कोई झटका होना चाहिए और न ही कोई आश्चर्य. फ्रांस, बेल्जियम, हंगरी और इटली सहित कई यूरोपीय देशों में दक्षिणपंथी पार्टियां राजनीति के केंद्र में आ गई हैं. जर्मनी में, एएफडी ने उस राजनीतिक शून्यता में अपनी जगह बना ली जो देश की राजनीति के केंद्र में बन रही थी. पहला, 2015 से पैदा हुआ यूरोपीय शरणार्थी संकट था. जब जर्मनी ने सीरिया जैसे देशों में चल रहे संघर्षों से भागकर आए दस लाख से अधिक शरणार्थियों और प्रवासियों को पंजीकृत किया था. दूसरा कारण, यह था कि जर्मनी की मजबूत अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो गई थी. हालांकि यह अन्य यूरोपीय संघ देशों जितनी गंभीर नहीं थी. दक्षिणपंथी पार्टियां सामाजिक और आर्थिक संकट का फायदा उठाती हैं. एएफडी ने ठीक यही किया. सैक्सनी-अनहाल्ट के राज्य चुनावों में इसकी जीत इस बात का सबूत है कि यह जर्मनी के राजनीतिक परिदृश्य का हिस्सा बन चुकी है.

मर्ज इस समय क्रिश्चियन सोशल यूनियन (ष्ट्स) के साथ मिलकर एक गठबंधन सरकार चला रहे हैं. 2025 के चुनावों के बाद, सीडीयू ने बुंडेस्टाग में 164 सीटें जीतीं और सीएसयू ने 44 सीटें जीतीं, जिससे इस गठबंधन को कुल 208 सीटें मिलीं. एएफडी 630 सदस्यों वाले सदन में 152 सीटों के साथ बुंडेस्टाग (जर्मनी की संसद) में सबसे बड़ा विपक्षी दल बन गया है. 21 लाख की आबादी वाले जर्मनी के 16 राज्यों में से सबसे छोटे राज्यों में से एक.



सैक्सनी-अनहाल्ट में मिली जीत से उत्साहित एएफडी को पूरा भरोसा है कि वह 2029 में होने वाले संसदीय चुनावों में संघीय स्तर पर सत्ता में आएगी. जर्मनी की खुफिया एजेंसी, 'वेरफासुंगशुट्ज़', जो एएफडी पर नज़र रख रही थी, उसने 2025 में इस पार्टी को 'धुर दक्षिणपंथी चरमपंथी' करार दिया था. लेकिन एक अदालत ने आदेश दिया कि मुकदमा लंबित रहने तक इस वर्गीकरण को निलंबित रखा जाए. एएफडी ने इस टैग को खारिज कर दिया था. लेकिन यह एक धुर दक्षिणपंथी राजनीतिक दल की विशेषताएं जरूर प्रदर्शित करता है. 'प्यू रिसर्च सेंटर' के 2024 के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि एएफडी समर्थकों में से अधिकांश पुरुष हैं, वे यूरोपीय संघ को पसंद नहीं करते थे, और वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समर्थक थे.

फिर भी, जर्मन लोग उग्र-राष्ट्रवादी राजनीतिक समूहों को सत्ता से बाहर रखने के लिए उत्सुक रहे हैं क्योंकि दूसरे विश्व युद्ध के अंत में मिली हार और तबाही के बाद देश को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी थी.अधिकांश जर्मन आज भी होलोकॉस्ट (यहूदी नरसंहार) से अच्छी तरह वाकिफ हैं और इस पर शर्मिंदा महसूस करते हैं. जब दूसरे विश्व युद्ध के दौरान स्व-घोषित 'थर्ड रीक' (नाजी शासन) के तहत एकाग्रता शिविरों सहित अन्य जगहों पर बेहद क्रूर और सुनियोजित तरीके से साठ लाख यहूदियों को मार दिया गया था. इस इतिहास के कारण, एएफडीअपने नेताओं के माध्यम से खुद को एक नरम छवि में पेश करने का प्रयास कर रही है. उदाहरण के लिए, बुंडेस्टाग की सदस्य 47 वर्षीय एलिस विडेल के पास एक आदर्श नव-उदारवादी योग्यता है. उन्होंने छह साल तक चीन में काम किया, चीन की पेंशन प्रणाली पर अपनी डॉक्टरेट की थीसिस पूरी की और 'बैंक ऑफ चाइना' के साथ काम किया. जब वह जर्मनी लौटीं, तो उन्होंने फ्रैंकफर्ट में 'गोल्डमैन सैक्स' के साथ काम किया था.


सैक्सनी-अनहाल्ट में एएफडी के नेता 35 वर्षीय उलरिच सिगमंड हैं, जिन्हें पार्टी के अन्य कट्टरपंथियों की तुलना में मीडिया के अनुकूल और मिलनसार माना जाता है. उन्होंने एक मोपेड पर अपना चुनाव प्रचार किया, जो जर्मनी का एक लोकप्रिय प्रतीक है. सिगमंड का जन्म 1990 में हुआ था, जो पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी के पुनर्मिलन का वर्ष था. अगर आप यूरोप को देखें, तो यह भी एक बड़े ट्रेंड का हिस्सा है. यूरोपीय संघ के कई देशों में, राजनीतिक दक्षिणपंथियों ने सफलताएं हासिल की हैं, और वे सत्ता के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं. कई दक्षिणपंथी पार्टियों ने अधिक अंतर्मुखी और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण अपनाया है, प्रवासियों पर कड़े नियंत्रण और यूरोपीय संघ विरोधी नीतियों पर जोर दिया है. लेकिन वे सभी व्यावहारिक रहे हैं. वे चुनावों और बहुदलीय व्यवस्थाओं में विश्वास करते हैं, और वे सभी चुनाव जीतकर सत्ता में आने के लिए अपनी बारी का इंतजार करने को तैयार हैं. और वे अपने रुख में बदलाव भी ला सकते हैं. उदाहरण के लिए, दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी पार्टी 'ब्रदर्स ऑफ इटली' की नेता जियोर्जिया मेलोनी 2022 में अपनी पार्टी को सत्ता में लेकर आईं. सत्ता में आने से पहले, मेलोनी और उनकी पार्टी यूरोपीय एकीकरण को लेकर संशय में थीं और उन्होंने प्रवासियों पर कड़ा रुख अपनाया था. लेकिन सत्ता संभालने के बाद से, मेलोनी ने अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने के साथ-साथ यूरोपीय संघ और यूक्रेन का समर्थन करने वाली नीति अपनाई है.

इसी तरह, विडेल प्रवासियों को लेकर अधिक शांत लेकिन कड़ा रुख अपनाती हैं. उन्होंने कहा, 'और अगर हम राष्ट्रीय स्तर पर जर्मनी में सरकार की ज़िम्मेदारी संभालते हैं, तो हम सीमाओं को बंद कर देंगे, और केवल उन्हीं लोगों को यहाँ आने की अनुमति दी जाएगी जिनके पास जर्मनी में रहने का कानूनी अधिकार है. हम उन लोगों को वापस भेज देंगे जो यहां अपराध करते हैं और जो इस देश में अवैध रूप से रह रहे हैं.' लेकिन एएफडी के अधिक आक्रामक नेताओं ने पहले ही घोषणा कर दी है कि जैसे ही पार्टी सत्ता में आएगी, सैक्सनी-अनहाल्ट में 'रीमाइग्रेशन' शुरू कर दिया जाएगा, जो कि प्रवासियों को देश से बाहर निकालने का ही एक सॉफ्ट नाम है.

पार्टी ने अभी सैक्सनी-अनहाल्ट में सत्ता नहीं संभाली है. और यहां एक दिलचस्प संभावना यह भी है कि धुर दक्षिणपंथी एएफडी, धुर वामपंथी रूढ़िवादी पार्टी 'सहरा वेगनकनेख्त एलायंस' के साथ हाथ मिला सकती है. यह पार्टी सहरा वेगनकनेख्त द्वारा बनाई गई है, जो लेफ्ट पार्टी से अलग हो गई थीं, और वे भी एएफडी की तरह ही पुतिन-समर्थक और प्रवासी-विरोधी रुख रखती हैं. जर्मनी की राजनीति वाकई में बेहद अजीब और उलझे हुए दौर से गुजर रही है, क्योंकि धुर विरोधी विचारधाराओं वाली ये पार्टियां मुख्यधारा की दबदबा रखने वाली मध्यमार्गी पार्टियों का विरोध करने के लिए एक साथ आ सकती हैं. यह मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था के खिलाफ एक बड़ा विद्रोह है, और ऐसा लगता है कि यह पूरे यूरोप में एक नया ट्रेंड बन चुका है.

अध्यात्म

## सफलता केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि अपनी बुराइयों पर विजय पाने से मिलती है



एक दिन महावीर स्वामी अपने शिष्यों के साथ बैठे थे। शिष्यों ने जीवन के बारे में प्रश्न पूछे। एक शिष्य ने पूछा, 'स्वामी जी, ऐसा क्या है जिससे कोई व्यक्ति बर्बाद हो सकता है?' महावीर स्वामी मुस्कुराए और सभी शिष्यों से जवाब मांगने लगे। शिष्यों ने कहा, 'अहंकार, कामवासना, लालच और क्रोध जैसी बुराइयां हमें बर्बाद कर देती हैं।' स्वामी जी ने सबकी बातें ध्यान से सुनी और फिर एक कमंडल उठाया। उन्होंने पूछा, 'अगर हम इसे नदी में छोड़ दें तो क्या ये डूब जाएगा?' शिष्यों ने कहा, 'अगर कमंडल का आकार सही है तो यह डूबेगा नहीं।' स्वामी जी ने फिर पूछा, 'अगर इसमें एक छोटा सा छेद हो जाए तो क्या होगा?' शिष्यों ने उत्तर दिया, 'छेद के कारण कमंडल डूब जाएगा। अगर छेद छोटा होगा तो धीरे-धीरे और बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा।' महावीर स्वामी ने समझाया, 'देखो, हमारा शरीर भी इस कमंडल की तरह है और बुराइयां उसमें छेद की तरह हैं। छोटी सी भी बुरी आदत, चाहे वह कामवासना, क्रोध, अहंकार, मोह, लालच, नशा या ईर्ष्या हो, हमारे जीवन को डुबो सकती है। जैसे कमंडल का छोटा छेद भी उसे डुबो देता है, वैसे ही छोटी बुराई भी व्यक्ति को बर्बाद कर सकती है। इसलिए जीवन में आने वाली हर बुराई को तुरंत छोड़ना चाहिए। जो व्यक्ति अपनी आदतों को नियंत्रित करता है और बुराइयों से दूर रहता है, वही सच्चा सुख पा सकता है।' महावीर स्वामी के इस उदाहरण से सभी शिष्यों ने समझा कि जीवन में सफलता केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि अपनी बुराइयों पर विजय पाने से मिलती है।

**सीखः** क्रोध, लालच और मोह को नियंत्रित करना सीखें। ध्यान, प्रार्थना, योग और अध्ययन से मन शांत होता है। नशा, झूठ, अहंकार जैसी आदतें भी समय से पहले रोकें। अच्छे और विद्वान लोगों के साथ समय बिताएं। नकारात्मक भावनाओं को पोषण न दें, विचारों में सकारात्मकता बनाए रखें। रोज अपने कामों और आदतों की समीक्षा करें। जो बातें गलत हैं, उन्हें सुधारें। बुरी आदतें तुरंत नहीं जातीं, लेकिन नियमित प्रयास से बुरी आदतों को छोड़ा जा सकता है।

# उत्तर प्रदेश में सनातन और विकास की गूंज...

**उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही सभी राजनैतिक दलों ने अपना गुणा-भाग करके उसके आधार पर पिच बनानी आरम्भ कर दी है। अभी तक जो राजनैतिक अनुमान सामने आए हैं उसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की बढ़त स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है। उधर सपा मुखिया अखिलेश यादव और कांग्रेस के मध्य सीटों के तालमेल पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हो सका है जिसके कारण इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं में भ्रम व असमंजस की स्थिति बनी हुई है। चुनावी तैयारी करते हुए सपा ने कार्यकर्ताओं की ड्रेस का रंग भी बदल डाला है।**

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने अपना कार्यभर संभाल लिया है और अपने इरादे भी स्पष्ट कर दिए हैं। भाजपा ने 2027 के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमें हर बूथ को मजबूत करना होगा। कोई बूथ छूटना नहीं चाहिए। सभी जातियों को साधने का मंत्र दिया गया है। संख्या चाहे कम हो या ज्यादा लेकिन कोई जाति अछूती न रहे। हमें सबको जोड़ना होगा। भाजपा ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश का चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व उनके चेहरे पर ही लड़ा जाएगा। यही कारण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पाती के माध्यम से, मंच से तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी जनता के साथ संवाद बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी का जनता दरबार तो नियमित है ही। वह अयोध्या, मथुरा, काशी की भूमि से सनातन का संदेश भी दे रहे हैं। योगी स्वयं बाढ़ प्रभारवित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और पीड़ितों से मिल रहे हैं। योगी ने सार्वजनिक संवाद के मंचीय भाषण और योजनाओं के शुभारंभ से आगे बढ़कर युवाओं, छात्रों ,लाभार्थियों से संवाद का विस्तार किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा का दो दिवसीय दौरा कर स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर अग्रसर है और अब श्रीकृष्ण की



जन्मभूमि की मुक्ति का समय आ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के माध्यम से अवध से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक समस्त क्षेत्र को सनातन के रंग में रंग दिया और अपने मतदाता को बता दिया कि अब अगला चरण श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का ही है। मथुरा में मुख्यमंत्री योगी ने दो दिन बिताए। परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए सपा सरकार के काले कारनामों को उजागर किया और समा बांध दिया। अपने भाषण में योगी ने कहा कि प्रदेश में 2017 के पूर्व उत्सव नहीं उपद्रव होता था। पूर्व की सरकार दंगाइयों को सम्मान देती थी।अब दंगामुक्त प्रदेश में भारी संख्या में पर्यटक व श्रद्धालु आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सनातन की आभा निरंतर बढ़ रही है।आज काशी विश्वनाथ धाम भव्यता और आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जा रहा है। अयोध्या में बाबर ने 128 में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर को तोड़कर गुलामी का ढांचा बनवा दिया लेकिन इससे रामनवमी, पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा सावन का झूला मेला नहीं रुका। सनातन की आभा निरंतर बढ़ती रही और संघर्षों का जज्बा पैदा करती रही। इसी का परिणाम है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दिव्य व भव्य मंदिर बन गया है। मुख्यमंत्री मथुरा में दो दिन श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाने के बाद लखनऊ में रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल हुए और फिर उन्होंने गोरखपुर में भी जन्माष्टमी समारोह मे भाग लेकर हिंदू समाज को स्पष्ट संकेत दिया कि भाजपा की योजना इस बार मंडल व कमंडल दोनों को अपने में समाहित कर लेने की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जहां सनातन की आभा बढ़ रही है वहीं विकास की गूंज भी लगातार सुनाई दे रही है। भाजपा सरकार अपनी योजनाओं के माध्यम से उन सभी वर्गों को खुश करने का प्रयास कर रही है जो उसके वोट प्रतिशत को बढ़ाने में सहायक है। प्रदेश के शिक्षकों के लिए सुविधाओं की घोषणा, 60 वर्ष की ऊपर की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा तथा समाजिक पेंशन में वृद्धि के बाद अब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा सेविकाओं का मानदेय भी बढ़ाने की घोषणा कर दी गई है। आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय 8 हजार से बढाकर 12 हजार कर दिया गया हैजबकि सहायिका का मानदेय 6 हजार की जगह 8 हजार कर दिया गया है। इसके अलावा 5 लाख तक का कैशलेस इलाज, स्मार्टफोन तथा साड़ियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। अयोध्या में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज से 9 वर्ष पूर्व आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हालात में थे और बच्चे खुद टाट पट्टी लेकर पढ़ने के लिए आते थे, आंगनबाड़ी केंद्र अस्त व्यस्त रहते थे, समय से पोषाहार नहीं मिलता था । इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सेविकाओं को सम्मानित भी किया। योगी ने यहां पर भी सनातन को जोड़ लिया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सेविकाओं की तुलना माता यशोदा से करी। उन्होंने कहाकि सपा व कांग्रेस इस बात से हैरान है कि रैन बसेरा निषादराज के नाम से कैसे बन गया ? यहां के भोजनालय शबरी माता के नाम से कैसे बन गए? अयोध्याधाम में रामलला विराजमान होने को लेकर पूरी दुनिया में उत्साह है किंतु सपा और कांग्रेसी खेमे में वीरानी छाई हुई है। वे भौंचक हैं कि अयोध्या धाम में रामलला का मंदिर कैसे बन गया। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि अयोध्या में रेलवे स्टेशन का विकास कैसे हो गया तथा सड़केन कैसे चौड़ी हो गयीं। महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इतना बड़ा इंटरनेशनल एसरपोर्ट कैसे बन गया? आगामी विधनसभा चुनावों के लिए भाजपा ने कमर कस ली है और वह हर वर्ग व जाति को साधते हुए सधे हुए कदमों से आगे बढ़ रही है इसके इतर समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन सीटों के तालमेल पर ही अटका है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपका ध्यान रुके हुए बिलों, घर के खर्चों और पैसों की सही व्यवस्था पर रहेगा। केवल मन ललचाने पर कोई भी खरीदारी न करें।

**वृषभ**
आज परिवार के खर्चों या किसी बड़े सामान की खरीदारी पर ध्यान जाएगा। जोखिम लेने के बजाय समझदारी से चलना सही रहेगा। किसी भी लुभावने मौके पर बिना सवाल पूछे हां न कहें।

**मिथुन**
आज बहुत संभलकर चलने की जरूरत है। जल्दबाजी में फैसला लेने का मन हो सकता है। कोई भी बड़ा फैसला या खरीदारी करने से पहले थोड़ा समय लें।

**कर्क**
आज पैसों की स्थिति को लेकर मन में भरोसा बना रहेगा। बचत को मजबूत करने का मन होगा। थोड़े समय के फायदे के बजाय लंबे समय के लिए बनाई गई योजनाएं आपको ज्यादा सुकून और सुरक्षा देंगी।

**सिंह**
आज दिखावे के खर्चों के बीच का अंतर पहचानें। किसी स्थिति या पहचान को बनाए रखने के लिए पैसा बहाने से बचें। बार-बार होने वाले खर्चों को देखें और बेवजह का वित्तीय दबाव अपने ऊपर न आने दें।

**कन्या**
कन्या आज का दिन बहुत बढ़िया है। आप किसी पुरानी गलती या बचत के नए मौके को आसानी से पकड़ लेंगे। व्यवस्थित माहौल में काम करने से आपकी क्षमता बहुत बढ़ेगी।

**तुला**
आज आराम या अपनी पसंद की चीजों पर खर्च कर सकते हैं। अपनी मेहनत की कमाई का आनंद लेना गलत नहीं है, बस यह ध्यान रखें कि इससे आपकी बचत न बिगड़े।

**वृश्चिक**
आज किसी भी जगह पैसा लगाने या बड़ा खर्च करने से पहले सोच-विचार कर लें। जज्बात में आकर पैसों का फैसला न लें और पुरानी जिम्मेदारियों को समय पर निपटाएं।

**धनु**
आज पढ़ाई, सफर या किसी नई सीख पर खर्च का मन बन सकता है। ऐसे काम पर पैसा लगाना सही है जिसका आगे जाकर साफ फायदा मिले, बस फालतू के खर्चों से दूरी बनाए रखें।

**मकर**
आज पैसों को नियम से चलाने पर ध्यान रहेगा। घर की जरूरतों और भविष्य की बचत पर गंभीर सोच-विचार होगा। हर किसी की जिम्मेदारी अपने सिर लेने के बजाय केवल अपनी सीमा तय रखें।

**कुंभ**
आज रातों-रात फायदा कराने वाले दावों या स्कीमों से दूरी बनाकर रखें। जल्दबाजी के जोखिम के बजाय जांच-परखकर लिया गया फैसला ही पैसों को सुरक्षित रखेगा।

**मीन**
आज पैसों से जुड़ी पुरानी जिम्मेदारियों को याद दिला रहे हैं। पुराने भुगतानों या बचत की योजनाओं को फिर से देखना पड़ सकता है।

# सुहागिन महिलाओं ने मनाई हरितालिका तीज

## की पति की लंबी उम्र की कामना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी क्षेत्र में हरितालिका तीज का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की और अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिरों और घरों में तीज की रौनक देखी गई। महिलाओं ने नए वस्त्र, मेहंदी, सिंदूर और सोलह श्रृंगार कर सामूहिक रूप से कथा सुनी। पंडितों ने हरितालिका व्रत की कथा सुनाते हुए बताया कि इस व्रत को माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए किया था। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मसौढ़ी के श्रीराम जानकी ठाकुरवाडी मंदिर, मणीचक सूर्य मंदिर, रामनाथेश्वर मंडप मंदिर, विश्वनाथ मंदिर, कपूरी चौक शिव मंदिर समेत कई जगहों पर एवं अपनी-अपने घरों में सामूहिक रूप से महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल, फल अर्पित कर पूजा की। दिनभर भूखी-प्यासी रहकर शाम को कथा सुनने के बाद देर रात व्रत का पारण किया।वहीं नवविवाहित महिलाओं में इस पर्व को लेकर खास उत्साह देखा गया। कई जगहों पर महिलाओं ने समूह में झूला झूलते हुए लोकगीत गाए। बाजारों में भी तीज को लेकर चूड़ियों, मेहंदी और पूजा सामग्री की दुकानों पर रौनक रही। वही मसौढी स्थित तारेगना डीह मोहल्ले में आरती कुमारी प्रियंका कुमारी समेत कई महिलाओं ने सामूहिक रूप से हरियाली तीज पर मनाया। पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास में डूबा रहा।

## गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा क्षेत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के साथ पालीगंज बाजार में भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित कर गणेशोत्सव की शुरूआत की गई। पालीगंज बाजार स्थित दुर्गा स्थान तथा चंदोस मोड़ शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है।

प्रतिमा स्थापित होने के बाद दोनों पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। पूजा परिसर से लेकर रोड़ तक आकर्षक ढंग से पंडालों से सजाया गया है। रंग बिरंगे एवं दूधिया लाइट खूबसूरती बिखेर रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। दर्शन करने आ रहे श्रद्धालु भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना कर रहे हैं। गणपति बप्पा के जयकारों से आसपास का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए महिला एवं पुरुष जवानों को दोनों पूजा स्थलों के पास तैनात किया गया है जो ट्रैफिक की समस्या से निजात दिला रहे हैं।

# गणपति के दर्शन को लेकर उमड़ी भीड़



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खगौल।** नगर स्थित अंतर्गत लोको कॉलोनी कस्तूरबा स्कूल के पास आजाद क्लब में पट खुलते ही गणपति बप्पा मोरया के जयकारा के साथ दर्शन को लेकर लोगो की भीड़ जुटने लगी। इसके साथ ही गणेशोत्सव के रंग में पट गया सोमवार को गणपति बप्पा को दर्शन को लेकर पंडाल में भक्तों की भीड़ लगने लगी।

आयोजित गणेशोत्सव में प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया। आजाद क्लब, लोको कॉलोनी खगौल द्वारा विशालकाय गणेशजी के प्रतिमा के साथ शुभ-लाभ व ऋद्धि सिद्धी की प्रतिमा स्थापित की गयी है। इसके साथ ही 10 दिनों तक चलने वाली पूजा का शुभारंभ प्राण प्रतिष्ठा के साथ संध्या बेला में हुआ। जिसमें इसके साथ ही दर्शन के लिये लोगो की भीड़ पंडाल में उमड़ पड़ा। इस मौके पर कुमार पिंटू अविनाश, वार्ड पार्षद रोहित कुमार, एवम ,सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स ने बताया कि में मेला का भी आयोजन भव्य रूप से किया गया है। जगह-जगह झूला और खाने पीने की ठेला की व्यवस्था की गई है।नगर के मुर्तिकार पप्पू कुमार की बनायी गयी प्रतिमा की चर्चा होती रही। आजाद क्लब संघ के अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि महिला के लिए दर्शन की अलग व्यवस्था की गयी है। पिछले 2010 से महाराष्ट्र के तर्ज पर गणेशोत्सव आयोजित होती आ रही है। प्रत्येक वर्ष कुछ अलग गणेश जी के प्रतिमा के साथ अलग अलग प्रतिमा स्थापित की जाती है। भगवान विघ्न विनाशक की दर्शन को लेकर दुर दराज से लोग यहां आते है। इस मौके पर कुमार पिंटू अविनाश सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स चिंटू, आशीष, सचिन कुमार पासवान, मनीष यादव,रजत कुमार, आरव कुमार, मनीष कुमार, चिंटू कुमार,अमन कुमार, सहित सभी भक्तजन मौजूद रहे।

# मोर में मेले का विधायक अनंत सिंह ने किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोकामा।** मोकामा थाना क्षेत्र के मोर गांव स्थित प्रसिद्ध गणेश स्थान में आयोजित गणेश पूजनोत्सव मेले का उद्घाटन सोमवार को मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान भोजपुरी गायक गुंजन सिंह भी मौजूद रहे।गणेश स्थान मोर में श्री गणेश कला संस्थान, मोर की ओर से कई वर्षों से मेले का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन के दौरान विधायक ने आयोजकों और स्थानीय लोगों को गणेश पूजनोत्सव की शुभकामनाएं दीं। मेले को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।मौके पर संस्थान के अध्यक्ष अंशुमान कश्यप, कोषाध्यक्ष अमित प्रकाश, सचिव कोमल कुमार, पवन कुमार, अजित प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।वहीं मोकामा प्रखंड के स्टेशन रोड और हाथीदह के तारादेवी स्थान में भी गणेश पूजनोत्सव का आयोजन किया गया है। पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि गणेश पूजनोत्सव को लेकर सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है, ताकि पूजा और मेले के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

## धनरूआ में बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई

**धनरूआ।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा धनरूआ ने बिजली चोरी के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। प्रखंड के विभिन्न गांवों में 6 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया, जिनपर कुल 2 लाख 13 हजार 402 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। सभी के विरुद्ध धनरूआ थाने में भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।कनीय विद्युत अभियंता पीयूष कुमार और आशीष कुमार शैलेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित अलग-अलग छापेमारी दलों ने नदवां, मोरियाँवा और सॉई गांव में जांच की। जांच में पाया गया कि उपभोक्ता छ्ळ लाइन और पोल से मीटर तक आने वाले सर्विस तार में कट लगाकर या अलग से ढश्ढ तार जोड़कर मीटर को बाईपास कर अवैध रूप से बिजली जला रहे थे।सबसे बड़ा मामला मोरियाँवा निवासी सुदामा पासवान के औद्योगिक परिसर में पकड़ा गया, जहाँ ग्रिल काटने के कार्य के लिए 2819 वाट का अवैध लोड चल रहा था। इससे विभाग को 1 लाख 61 हजार 298 रुपये की राजस्व क्षति हुई है।

# जयंती समारोह को लेकर दुसाध महासभा की बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज स्थित आर्य समाज पुस्तकालय में राष्ट्रीय दुसाद महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान ने की। बैठक में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की जयंती पर पटना में समारोह आयोजित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान ने भोला पासवान शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने समाज की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने की अपील करते हुए जयंती समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के साथ पटना पहुंचने का आ▮ान किया।बैठक में फुलवारी के पूर्व प्रमुख राधेरमन, बृज किशोर पासवान, कुरकुरे पंचायत के मुखिया पापू पासवान, शिक्षक दुलार चंद पासवान, महेंद्र पासवान, संजय पासवान, राजनंदन पासवान, विशिष्ट पासवान, सुदर्शन पासवान, शिवशंकर पासवान, गुड्डू पासवान, रामभवन पासवान, सुरेंद्र पासवान, चितरंजन पासवान, सुरेश पासवान, सोहन पासवान सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे।अंत में कृष्ण बल्लभ पासवान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## शराबी को छुड़ाने का प्रयास, 20 लोगों पर प्राथमिकी

**मोकामा।** पचमहला थाना क्षेत्र के रामपुर डुमरा गांव में डायल-112 की टीम से शराब पीने के आरोप में पकड़े गए युवक को छुड़ाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पांच महिलाओं, नौ पुरुषों और छह अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस अभिरक्षा से कैदी छुड़ाने के प्रयास का मामला दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार, बीते गुरुवार को रामपुर डुमरा निवासी ओमप्रकाश महतो के पुत्र अमरजीत कुमार ने अपने पड़ोसी मुकेश कुमार पर शराब के नशे में गाली-गलौज करने की शिकायत डायल-112 पर की थी। सूचना मिलने के बाद 112 की टीम मौके पर पहुंची और शराब पीने की पुष्टि होने पर मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर पुलिस वाहन में बैठा लिया।बताया जाता है कि गिरफ्तारी के बाद मुकेश के परिजन और अन्य लोग मौके पर जुट गए। करीब 20 लोगों ने पुलिस वाहन को घेर लिया और युवक को जबरन छुड़ाने का प्रयास करने लगे। भीड़ ने 112 की गाड़ी को चारों तरफ से घेर लिया, जिसके बाद इसकी सूचना पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार को दी गई।

# टूटे हुए डायवर्सन से छाती भर पानी में रस्सी के सहारे गुजरने को मजबूर हैं ग्रामीण



शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी।** अनुमंडल में लगातार हो रही बारिश और नदियों में आई बाढ़ ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। मसौढ़ी प्रखंड के गुरपतिचक गांव में मोरहर नदी पर बना अस्थायी डायवर्सन पुल बाढ़ के तेज बहाव में बह गया है। इसके बाद से करीब 6 गांवों के लोगों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। लोग जान जोखिम में डालकर छाती भर पानी में रस्सी के सहारे नदी पार करने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मोरहर नदी पर पक्के पुल का निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन बरसात शुरू होते ही काम रोक दिया गया। इसी दौरान आई बाढ़ में डायवर्सन टूट गया। अब आलम यह है कि स्कूल जाने वाले छात्र हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी को तेज बहाव के बीच रस्सी पकड़कर नदी पार करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने अपनी सहूलियत के लिए आर-पार रस्सी बांध रखी है, जिसके सहारे लोग किसी तरह गुजर रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार चार दिन पहले तेज बहाव में एक बच्चा बह गया था, जिसे किसी तरह लोगों ने बचाया। कई महिलाएं भी पानी में गिर चुकी हैं, जिसके बाद महिलाओं का इस रास्ते से आना-जाना लगभग बंद हो गया है। शाम के समय मजदूरी कर लौटने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

इस टूटे डायवर्सन से सुकढीयां, काजीचक, बहादुरगंज, सिकंदरपुर, लहसुना और बदरोई सहित 6 गांवों के हजारों लोगों का रोज का आना-जाना होता है। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र रजक, मंटू साव, राजू पासवान, बबलू रजक, उमेश रजक, नाथू सिंह, दिलीप सिंह, साधु पासवान, महेंद्र पासवान सहित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द डायवर्सन की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कभी भी बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र रजक ने बताया कि अगर किसी गांव में अभी कोई घटना घट जाएगी तो उसे गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाएगा, रात में किसी तरह की कोई परेशानी होगी तो गाड़ी वहां नहीं जा पाएगी तो ऐसे में स्थानीय प्रशासन से मांग है कि जल्द ही इस समस्या से निजात दिलावे।

## बकरी चोरी कर भाग रहे दो चोर ऑटो समेत गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** भगवानगंज थाना क्षेत्र में सक्रिय बकरी चोर गिरोह पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में लगातार हो रही बकरी चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बकरी चोरी कर भाग रहे दो शातिर चोरों को ऑटो के साथ गिरफ्तार किया है। चोरी की दो बकरियों को भी बरामद कर लिया गया है। ताजा मामला खैनिया गांव के पास बजरंगबली मंदिर के समीप का है। बताया जाता है कि एक ऑटो पर दो बकरियों को लादकर दो युवक तेजी से भाग रहे थे। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने भगवानगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर ऑटो समेत दोनों चोरों को धर दबोचा।गिरफ्तार चोरों की पहचान जहानाबाद जिले के पाली थाना क्षेत्र के ओसियावां गांव निवासी मनीष कुमार पिता मोहन प्रसाद और मतेंद्र कुमार पिता गिरानी पंडित के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

# खेत में कु▮ी गिरने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## पिता-पुत्र सहित तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** धनरुआ थाना क्षेत्र के मलिकपुर गांव में मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। खेत में कु▮ी गिरने को लेकर चचेरे भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें लोहे के पंजे और लाठी-डंडे से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया गया। घर पर ईंट-पत्थर फेंककर छत का प्लास्टर भी तोड़ दिया गया। पीड़ित शंभू कुमार (28 वर्ष), पिता कमलेश सिंह, ग्राम मलिकपुर, पंचायत सोनमई ने थाने में आवेदन देकर बताया कि 12 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे वह अपने घर के बगल में अपनी जमीन पर ट्रैक्टर से नेवारी की कु▮ी बनवा रहा था। कु▮ी का थोड़ा हिस्सा चाचा संजय प्रसाद की परती जमीन में चला गया। इसी बात को लेकर चचेरा भाई रौशन कुमार विवाद करने लगा।आरोप है कि रौशन कुमार (20 वर्ष), अमन कुमार (19 वर्ष) दोनों पिता संजय प्रसाद, संजय प्रसाद (42 वर्ष) पिता स्व. मुनक प्रसाद और पूर्वी देवी (40 वर्ष) पति संजय प्रसाद सभी ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए लाठी और लोहे के पंजे से हमला कर दिया। रौशन ने हाथ में पहने लोहे के पंजे से शंभू के सिर पर वार कर दिया, जिससे सिर फट गया। संजय प्रसाद ने लाठी से उसके बाएं कंधे पर मारा। बीच-बचाव करने आई शंभू की पत्नी संगीता देवी, बेटी सलोनी कुमारी और बेटा सन्नी कुमार को भी आरोपियों ने लाठी से पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद सभी ने घर पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।इतना ही नहीं, जब शंभू के पिता कमलेश सिंह मारपीट की सूचना पर पटना से घर लौट रहे थे, तो दोपहर करीब 1:30 बजे कृष्णनंदन सिंह के मकान के सामने रौशन और अमन ने उन्हें रोककर मारपीट की। रौशन ने लोहे के पंजे से उनके सिर और मुंह पर वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और नीचे के दो दांत टूट गए।घायल शंभू कुमार ने धनरुआ थाने में आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मुसहरी के लोगों को शराबबंदी को लेकर किया जागरूक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** लहसुना थानाध्यक्ष की ओर से पुलिस-पब्लिक समन्वय को लेकर एक सराहनीय पहल की गई है। थाना परिसर में लहसुना थाना क्षेत्र के बांसडीह मुसहरी के ग्रामीणों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थानाध्यक्ष बिक्रम कुमार ने ग्रामीणों को शराब सेवन से होने वाले शारीरिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शराब न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करती है, बल्कि परिवार और समाज को भी तोड़ देती है।

पुलिस ने ग्रामीणों को बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून के नियमों से अवगत कराते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि अवैध रूप से देसी शराब का निर्माण, बिक्री और सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसा करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी हाल में अवैध शराब नहीं चुलाने का सख्त निर्देश दिया गया।

इस दौरान पुलिस ने जनता से अपील की कि वे शराबबंदी को सफल बनाने में पुलिस का सहयोग करें और कहीं भी अवैध शराब बनते या बिकते देखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही पुलिस-जनता के बीच आपसी समन्वय और विश्वास को मजबूत करने पर बल दिया गया, ताकि क्षेत्र में शांति और अपराध मुक्त वातावरण बना रहे। इस पहल की ग्रामीणों ने भी सराहना की।

## ट्रेन से बैग लेकर उतर रहा उचक्का गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोकामा।** हाथीदह रेल थाना क्षेत्र के प्लेटफॉर्म पर सोमवार तड़के चलती ट्रेन से चोरी का बैग लेकर उतर रहे एक आदतन चोर को आरपीएफ मोकामा, आरपीएफ किउल और हाथीदह जीआरपी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बड़हिया वार्ड संख्या-3 निवासी मुकेश सिंह के पुत्र अमित उर्फ मनीष कुमार के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार किउल और मोकामा आरपीएफ की टीम सिविल ड्रेस में ट्रेन संख्या 13121 गाजीपुर-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस में मार्गरक्षण कर रही थी। ट्रेन के हाथीदह स्टेशन पहुंचने के दौरान एक व्यक्ति काला बैग लेकर ट्रेन रुकने से पहले ही उतर गया। संदिग्ध गतिविधि देखकर आरपीएफ जवानों ने स्टेशन पर मौजूद मोकामा आरपीएफ और हाथीदह जीआरपी की टीम को सूचना दी। इसके बाद घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया गया।तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 73 हजार रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए।

# हिलसा में हिन्दी दिवस पर विद्वानों का मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां/हिलसा।** हिन्दी भाषा के सम्मान और प्रचार-प्रसार के लिए पूरे देश में 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में अनुमंडल प्रशासन, हिलसा द्वारा एस यू कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हाल में सोमवार को हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सभागार में ‟हिन्दी है हमारी शान, हिन्दी है हमारी पहचान‟ और ‟हिन्दी अपनाएँ - देश बढ़ाएँ‟ के नारों के साथ आधुनिक हिन्दी के जनक भारतेन्दु हरि▮न्द्र का चित्र लगाया गया था।

आपको बता दें कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था, तभी से हर साल यह दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

हिन्दी दिवस पर मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रो० डॉ० शिवचन्द्र सिंह ने हिन्दी भाषा के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा - ‟भारत में आज भी 1652 बोलियां बोली जाती हैं, लेकिन हिन्दी ही वह डोर है जो पूरे देश को एक सूत्र में पिरोती है। हमने राजनीतिक गुलामी से तो मुक्ति पा ली, लेकिन जो मानसिक और मनोवैज्ञानिक गुलामी है, उससे अभी मुक्त नहीं हो पाए हैं। अंग्रेजों ने प्रभाव से भाषा थोपने की कोशिश की, जबकि हमें भाव से हिन्दी को अपनाना होगा। इसलिए अपनी भाषा के प्रति मान और स्वाभिमान की भावना रखनी चाहिए।‟

कार्यक्रम में मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने कहा कि हिन्दी केवल सरकारी कार्यालयों की भाषा नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, संस्कार और एकता की आवाज है। उन्होंने सभी अधिकारियों और युवाओं से आ▮ान किया कि हिन्दी के संवर्धन के लिए संकल्प लें और जीवन में कोई न कोई हिन्दी साहित्य अवश्य पढ़ें।

मीडिया प्रभारी डॉ० राजीव कुमार नयन ने हिन्दी भाषा के वैश्विक स्वरूप पर चर्चा करते हुए कहा कि हिन्दी आज केवल साहित्य की नहीं, बल्कि रोजी-रोजगार की भाषा बन गयी है। उन्होंने याद दिलाया कि 4 अक्टूबर 1977 को तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र संघ (वठड) में पहली बार हिन्दी में अपना संबोधन देकर भारत की राजभाषा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई थी।

डॉ० अभिषेक कुमार ने जोर देकर कहा कि जब तक मेडिकल, यांत्रिकी और तकनीकी की पढ़ाई हिन्दी में नहीं होगी, तब तक हिन्दी का पूर्ण विकास नहीं हो सकता।

इस अवसर पर अध्यापक राजमणि कुमार, डॉ० पिंकी कुमारी, डॉ० सम्राट सरकार, डॉ० प्रभात कुमार, प्रो० अरविंद कुमार, डॉ० भुवनेश्वर मंडल, डॉ० पीसी चौरसिया, कुमार पवन, प्रो० शिवप्रसाद ठाकुर ने भी हिन्दी के भविष्य, चुनौतियों और संभावनाओं पर अपने विचार रखे।

छात्र वर्ग से रिशु पटेल, संजय कुमार और आशीष कुमार ने भी हिन्दी दिवस पर अपनी बात रखी।

मौके पर मुनील पटेल,मधुसूदन कुमार,जलेंद्र कुमार,राजा,नवीन कुमार,गार्ड राजेश यादव,अजीत कुमार,चिंटू, परमेन्द्र यादव छात्रसंघ के रिशु पटेल, संजय कुमार, रजनीश शर्मा, गुलशन कुमार, आशीष कुमार, आलोक कुमार सिंह, रोनित रॉय, प्रदीप कुमार, मीडिया कर्मी संतोष पार्थ, धनपत कुमार, सियापति देवी सहित सौ से अधिक शिक्षक, छात्र, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बाढ़ के पानी में स्नान करने के दौरान किशोर की डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना स्थित रसुलपुर गांव में रविवार की शाम बाढ़ के जमा पानी में स्नान करने के दौरान 15 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान रसुलपुर निवासी मुन्ना चौधरी के पुत्र सन्नी कुमार ( 15 ) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सन्नी अपने कुछ दोस्तों के साथ गांव के बाहर जमा बाढ़ के पानी में स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया व डूब गया। सन्नी को डूबता देख उसके दोस्तों ने शोर मचाया। इधर शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद सन्नी को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.इधर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।इस संबंध में अप्राकृतिक मौत के मामले दर्ज किया गया है।

## पैसेंजर ट्रेन में 65 वर्षीय यात्री की मौत, मोकामा स्टेशन पर मिला शव

**मोकामा।** मोकामा रेलवे स्टेशन पर सोमवार को मोकामा से बक्सर जा रही पैसेंजर ट्रेन से करीब 65 वर्षीय एक यात्री का शव बरामद किया गया। शव मिलने के बाद स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मोकामा रेल थानाध्यक्ष प्रसिद्ध कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यात्री की मौत ट्रेन में यात्रा के दौरान ही हो गई थी। यात्री की पहचान नहीं हो सकी है। रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा।पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए शीत गृह में सुरक्षित रखा गया है। रेल पुलिस मृतक की पहचान कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## मसौढ़ी में बाइक चोरों का आतंक,दिनदहाड़े बाइक चोरी

**मसौढी।** मसौढी थाना क्षेत्र में एक बार फिर से बाइक चोरों का आतंक चल रहा है, बिते शनिवार की सुबह दिनदहाड़े कोचिंग के सामने से बाइक की चोरी हो गई थी और ऐसे में एक बार फिर से मसौढी कोर्ट कैंपस शिव मंदिर के सामने लोक शिकायत निवारण के पास से भी एक बाइक चोरी हो गई है। पीड़ित द्वारा थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाया है। धनरुआ थाना क्षेत्र के केवाली निवासी पीड़ित विजय सिंह, पिता रामदेव सिंह ने बताया कि दिनांक 11/11/18 को करीब 3:45 बजे वह कोर्ट कैंपस में शिव मंदिर के सामने लोक शिकायत निवारण कार्यालय के समक्ष वह आधार कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक कराने गया था। जब वह वापस लौटा तो देखा कि उसकी गाड़ी वहां नहीं है। काफी खोजबीन के बाद भी गाड़ी का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने आशंका जताई है कि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी गाड़ी चोरी कर ली गई है।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नवजात की मौत पर दो एएनएम से जबाव तलब, जांच कमेटी गठित

**मसौढी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौढ़ी में प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। परिजनों के हंगामे के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए,ड्यूटी पर तैनात कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है और जांच के लिए कमेटी गठित कर दी है।जानकारी के अनुसार जहानाबाद निवासी गुड़िया कुमारी (27 वर्ष), पति गौतम कुमार 11 सितंबर 2026 को प्रसव के लिए एएनएम मसौढ़ी आई थीं। 12 सितंबर को प्रसव के बाद नवजात की मौत हो गई इसको लेकर परिजनों ने ढळ्ड में जमकर हंगामा किया। मामले पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा प्रसव कक्ष में उस दिन ड्यूटी पर तैनात अठट संगीता कुमारी और बेबी कुमारी से 24 घंटे के अंदर बिंदुवार स्पष्टीकरण मांगा गया है कि चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा क्या परामर्श दिया गया, साथ ही इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक जांच टीम का गठन किया गया है। टीम परिजनों के आरोपों और अस्पताल के दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक से अनियंत्रित होकर गिरे युवक, इलाज के दौरान मौत

**मोकामा।** मरांची थाना क्षेत्र के एनएच-80 पर मरांची इंग्लिश के समीप रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की सोमवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मरांची दक्षिणी पंचायत के ताजपुर निवासी छोटू राम (35) के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, छोटू राम एक अन्य युवक के साथ बाइक से हाथीदह से ताजपुर की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि बाइक का साइड स्टैंड गिरा हुआ था। मरांची इंग्लिश के समीप अचानक साइड स्टैंड सड़क से टकराने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सवार सड़क पर गिर पड़े।हादसे में बाइक चला रहे छोटू राम को गंभीर चोटें आईं, जबकि दूसरे युवक को मामूली चोट लगी। गंभीर हालत में छोटू राम को इलाज के लिए बेगूसराय ले जाया गया, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल छोटू राम की बेगूसराय में इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

## मारपीट के आरोपी बिपत यादव गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मसौढी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के दौलता गांव में चार साल पुराने मारपीट कांड के प्राथमिकी अभियुक्त बिपत यादव को धनरुआ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित कन्नू यादव, ग्राम दौलता ने थाने में आवेदन देकर बताया था कि 28 फरवरी 2022 को सुबह करीब 6 बजे वह शौच के लिए प▮म रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान बीचलाहार खंधा के पास शेड के सामने गांव के ही मुंशी यादव, विकास कुमार, बिपत यादव और दीपक यादव, चारों पिता स्व. छोटू यादव ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने मिलकर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। मुंशी यादव ने लाठी से उसके बाएं हाथ की कलाई पर वार किया, जिससे कलाई में सूजन आ गई। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। कांड के नामजद आरोपी बिपत यादव लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## बिजली के एल्युमिनियम तार चोरी करने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**मसौढी।** बिजली पोल से एल्युमिनियम तार चोरी के मामले में धनरुआ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी हैप्पी सिंह, पिता बबलू सिंह, ग्राम बौरही को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि इस मामले में पीटीसी राकेश कुमार रंजन ने 04 मार्च 2026 को धनरुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार वे सिपाही मो. शमीम आलम और सत्येंद्र कुमार के साथ दिवा गश्ती पर थे। दोपहर करीब 2:20 बजे गुप्त सूचना मिली कि सीएनजी टेम्पू पर सवार 1. हैप्पी सिंह, 2. बि▮ू कुमार और 3. धीरज कुमार बिजली पोल से एल्युमिनियम तार काटकर सोनमई कब्रिस्तान के पास लोड कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो तीनों पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने खदेड़कर एक आरोपी धीरज कुमार उर्फ शेरू (22 वर्ष), पिता धर्मेंद्र कुमार, ग्राम मई को पकड़ लिया था, जबकि हैप्पी सिंह और बि▮ू कुमार मई गांव की ओर भाग निकले थे। मौके से टेम्पू की पिछली सीट पर बोरा में रखा चोरी का एल्युमिनियम तार बरामद कर जप्त किया गया था। पकड़े गए धीरज ने ही दोनों फरार आरोपियों के नाम बताए थे। इसी कांड में पुलिस ने अब फरार चल रहे दूसरे आरोपी हैप्पी सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस तीसरे आरोपी बि▮ू कुमार और टेम्पू मालिक की तलाश में जुटी है।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी

**मसौढ़ी।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-2 ने बिजली चोरी के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए गोपालपुर गांव में बड़ी कार्रवाई की है। एक साथ तीन घरों में छापेमारी कर विभाग ने बिजली चोरी का खुलासा किया है। तीनों घरों में पोल से मीटर तक आने वाले सर्विस तार में कट लगाकर अवैध रूप से बिजली चोरी की जा रही थी। जानकारी के अनुसार कनीय विद्युत अभियंता आशीष कुमार शैलेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था, जिसमें तकनीशियन, मानव बल सहित अन्य कर्मी शामिल थे। ग्राम गोपालपुर में जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में बुल्लु रजक (62 वर्ष), नन्दु प्रसाद रजक (47 वर्ष) और अशोक राम (42 वर्ष) के घरेलू परिसरों में मीटर को बाईपास कर पीवीसी तार जोड़कर बिजली जलाते हुए पाया गया। मौके से चोरी में प्रयुक्त तार को आंशिक रूप से काटकर जप्त किया गया है।

# प्रज्ञा प्रवाह, उत्तर बिहार की स्मारिका प्रबुद्ध भारतम का लोकार्पण

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रज्ञा प्रवाह, उत्तर बिहार की ओर से प्रकाशित स्मारिका प्रबुद्ध भारतम का लोकार्पण बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के सीनेट हॉल में सम्पन्न हुआ। भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रबोध और समकालीन सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखकर तैयार की गई इस स्मारिका के लोकार्पण समारोह में शिक्षा, समाज और वैचारिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ज्ञात हो इस स्मारिका में सर-संघचालक, मोहन भागवत, प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक एवं वरिष्ठ प्रचारक जे नंद कुमार, राज्यपाल बिहार, शिक्षा मंत्री, बिहार सरकार एवं महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोगों के शुभ संदेश सम्मिलित है।



### भारतीय दृष्टि को समकालीन विमर्श से जोड़ने का प्रयास

स्मारिका के बारे में बताते हुए प्रधान संपादक प्रो. प्रसून दत्त सिंह, आचार्य एवं अध्यक्ष संस्कृत विभाग, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी ने कहा कि प्रबुद्ध भारतम केवल एक प्रकाशन या स्मारिका नहीं है, बल्कि भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और समकालीन बौद्धिक विमर्श के बीच संवाद स्थापित करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत को समझने के लिए केवल बाहर से निर्मित प्रतिमानों पर निर्भर रहने के बजाय भारत की अपनी ज्ञान-दृष्टि, अनुभव और सांस्कृतिक स्मृति को भी विमर्श के केंद्र में लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। भारतीय ज्ञान-परंपरा को केवल गौरव के विषय के रूप में देखने के बजाय उसे शोध, चिंतन और सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। ह्यप्रबुद्ध भारतम्ह्न इसी दिशा में एक पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय बौद्धिक परंपरा को समकालीन प्रश्नों के साथ जोड़ते हुए सार्थक संवाद को आगे बढ़ाना है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर जोर

कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी ने कहा कि यह स्मारिका उत्तर बिहार की ज्ञान परंपरा को निरंतर आगे बढ़ायेगी। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में ईशान जोशी, महामंत्री, भारतीय विचार मंच एवं अखिल भारतीय युवा प्रमुख, प्रज्ञा प्रवाह ने कहा कि यह स्मारिका भारत के खिलाफ निगेटिव नैरेटिव फैलाने वालों को मुँहतोड़ जवाब देगी। प्रज्ञा प्रवाह की स्थापना भी इसी उद्देश्यों से संघ के स्वयंसेवकों के किया था। प्रज्ञा प्रवाह के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के संयोजक देवव्रत प्रसाद ने प्रज्ञा प्रवाह और समकालीन विमर्शों पर बात रखी। प्रज्ञा प्रवाह उत्तर बिहार के संरक्षक उदय शंकर ने उत्तर बिहार के सांस्कृतिक विरासत को जानने और सहेजने की बात कही। इस लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने प्रबुद्ध भारतम् को वह खजाना कहा कि यह आने वाले समय में युवाओं के लिए प्रकाशपुंज बनेगी। स्मारिका की प्रशंसा करते हुए इसे महनीय कार्य बताया। कवर पेज के चित्रों की विशेष चर्चा ' धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रज्ञा प्रवाह के प्रांत संयोजक विजय साही ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, विद्वानों एवं प्रबुद्धजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने ह्यप्रबुद्ध भारतम्ह्न के कवर पेज पर अंकित चित्रों का उल्लेख करते हुए उनके प्रतीकात्मक एवं सांस्कृतिक महत्त्व को भी रेखांकित किया। कवर पर उत्तर बिहार की सांस्कृतिक विरासत का चित्रण है। इस पत्रिका का कवर पेज केंद्रीय विश्वविद्यालय के दो शोधार्थी मनीष और सुखेन ने प्रधान संपादक के मार्गदर्शन में किया है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अर्चना सिंह ने किया। समारोह में लगभग दो सौ सुधीजन एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। समारोह के अंत में स्मारिका का वितरण किया गया। इस दौरान सह संपादक डॉ संदीप कुमार, डॉ. संतोष अनल, प्रो. पंकज कुमार सिंह, प्रो. अरविंद शुक्ला, डॉ मयंक कपिला एवं अन्य उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने हरितालिका तीज व्रत का अनुष्ठान कर पति के दीघार्यु की कामना की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता। छपरा/एकमा (सारण)।** हरितालिका तीज के अवसर पर जिला मुख्यालय छपरा सहित जिले भर में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ के साथ हरतालिका तीज अनुष्ठान सुहागिन महिलाओं द्वारा किया गया। इस दौरान अपने पति की दीघार्यु कामना की गई। नगर पंचायत एकमा बाजार सहित प्रखंड क्षेत्र व आसपास के गांवों में सोमवार को दिन भर निर्जला उपवास रख कर पारंपरिक श्रद्धा के साथ सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज व्रत का अनुष्ठान किया। इस दौरान सायंकाल सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने विभिन्न जलाशयों के तटों पर, शिव मंदिरों में पहुंच कर शिव पार्वती की कथा का श्रवण किया।

इसी क्रम में एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर और नचाप व हंसराजपुर स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में पहुंच कर व्रती महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर हरितालिका तीज से संबंधित शिव-पार्वती के विवाह की कथा का श्रवण समूह में एकमा शिव मंदिर के पुजारी पं. नागेंद्र मिश्रा से कराया। वहीं नगर पंचायत एकमा बाजार के एकमा गांव, गंजपर, भुईली, हरपुर, राजापुर, भरहोपुर के अलावा आमडाढ़ी, रसूलपुर, महम्मदपुर, परसागढ, लालपुर, नचाप, देवकुली, भजौना, विशुनपुरा कला, परसागढ़,

# हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को ह्यहिंदी में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। अभियान का उद्देश्य हिंदी के प्रति सम्मान, आत्मीयता एवं गौरव की भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए महाविद्यालय परिवार को प्रेरित करना है।




अभियान के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने हिंदी में हस्ताक्षर कर हिंदी के व्यवहारिक प्रयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रीय एकता से जुड़ी भाषा है। सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यो के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देकर हम हिंदी को और अधिक समृद्ध एवं व्यापक बना सकते हैं।

स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन तक सीमित न रहकर हिंदी के प्रति व्यवहारिक प्रतिबद्धता का अवसर बनना चाहिए। हिंदी में हस्ताक्षर करना एक छोटी किंतु प्रभावशाली पहल है, जो भाषा के प्रति हमारे सम्मान और आत्मविश्वास को अभिव्यक्त करती है।इस अवसर पर हिंदी विभाग के शिक्षक डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव, डॉ. गौरव भारती, डॉ. अवनीश कुमार मिश्र सहित महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. नागेंद्र दास, डॉ. रुपेश कुमार, डॉ. रत्नेश कुमार, डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. मशहूर अहमद, डॉ. सफीकुर रहमान, डॉ. पंकज कर्ण तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। अभियान में महाविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारी, विद्यार्थी एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित इस अभियान के माध्यम से महाविद्यालय परिवार ने हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग, प्रचार-प्रसार एवं प्रतिष्ठा को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई 46 बैग यूरिया खाद जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी द्वारा प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट के निर्देशन में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में यूरिया खाद की जब्ती की गई।



प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर सीमा चौकी रेगनिया के द्वारा गश्ती दल ने गश्ती के दौरान कुछ व्यक्तियों को मोटरसाइकिल एवं सिर पर यूरिया खाद की बोरियां लेकर भारत से नेपाल की ओर जाते हुए देखा गया। गश्ती दल को देखते ही उक्त व्यक्ति खाद की बोरियां छोड़कर नेपाल की ओर भागने लगे। पीछा करने पर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जिसकी पहचान त्रिभुवन पुत्र- अमर सिंह (24 वर्ष), ग्राम रेगनिया, पोस्ट बिजबनी, थाना जितना निवासी के रूप में हुई। मौके स्थल की गहन तलाशी के दौरान अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखी गई 46 बैग यूरिया खाद, प्रत्येक बैग 45 किलोग्राम, कुल 2,070 किलोग्राम, 01 बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल एवं 03 साइकिल बरामद की गई।

पकड़े गए व्यक्ति से खाद से संबंधित वैध दस्तावेज / बिल प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ के दौरान खाद को नेपाल में बेचने हेतु ले जाने की बात सामने आई। जब्त यूरिया खाद, मोटरसाइकिल एवं साइकिल को नियमानुसार सीमा शुल्क कार्यालय, मोतिहारी में अग्रिम कार्रवाई हेतु जमा कराया जा रहा है तथा गिरफ्तार व्यक्ति के संबंध में सीमा शुल्क कार्यालय, मोतिहारी में प्राथमिकी दर्ज करने कीप्रक्रिया जारी है।

# कृषि अनुसंधान परिसर, पटना में केन्द्रीय कृषि मंत्री के साथ ऑनलाइन संवाद रबी योजना-2026 के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना तथा इसके रांची स्थित अनुसंधान केंद्र और कृषि विज्ञान केंद्रों (रामगढ़ एवं बक्सर) द्वारा दिनांक 13 सितम्बर, 2026 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।




मंत्री ने किसानों, वैज्ञानिकों और अन्य हितधारकों को पिछले रबी मौसम में रिकॉर्ड उत्पादन के लिए बधाई दी। उन्होंने आगामी रबी मौसम की बेहतर तैयारी के लिए स्थानीय परिस्थितियों और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए ठोस कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रबी योजना किसानों की जरूरतों के आधार पर गांव, प्रखंड और जिला स्तर से तैयार होकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचनी चाहिए। इसमें आईसीएआर, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य सरकार, एटीएमए और किसानों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। चौहान ने छोटे किसानों के लिए समेकित कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने और इसे किसानों के खेतों पर प्रदर्शित करने पर जोर दिया। डॉ. एम.एल. जाट, सचिव (डेयर) एवं महानिदेशक, आईसीएआर तथा श्री आतीश चंद्रा, सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने भी रबी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों और संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर किसान-वैज्ञानिक संवाद भी आयोजित किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास ने कहा कि किसान के लिए समय सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है। इसलिए खेती के प्रत्येक कार्य को सही समय पर करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि रबी फसलों की योजना बनाते समय भी समय का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आर.पी.एस. मोड़, एस.के.पुरम के लेन नं. 8 में चोरी

**पटना, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिनांक 12.09.2026 को लेन नं. 8, एस.के.पुरम, आर्य समाज मंदिर रोड, आर.पी.एस. मोड़ में रात के 2.00 से 3.00 बजे के बीच विजय शंकर गुप्ता के मकान के गेट का ताला तोड़कर दो अज्ञात व्यक्ति घर में घुस गये और खाली घर पाकर दोनों ने नीचे एवं ऊपर के फ्लैटों से सोने के गहने (सीकड़ी, मंगलसूत्र, अंगूठी एवं घड़ी इत्यादि) समान के साथ नगद रु. 30,000/- से 35,000/- लेकर फरार हो गये। सी.सी.टी.वी. कैमरे में दोनों चोर गमछी से अपना चेहरा ढंके हुए दिखाई दिये। दोनों चोरों को लेन नं. 8 में छोड़ने एक व्यक्ति बाईक से दो बजे के आस-पास आया था जिसके नं. प्लेट पर उजला पेपर सटा हुआ था।इसकी सूचना दानापुर थाना में दर्ज करा दी की गई है।



### हिन्दी दिवस पर रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में विविध कार्यक्रम आयोजित

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिन्दी दिवस के अवसर पर सोमवार को सारण जिले के एकमा स्थित रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के सचिव ई. जयप्रकाश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय मिश्रा, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, ठाकुर सिंह, कमल कुमार सिंह, कॉलेज के कर्मी हरिशंकर सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह एवं अनूप कुमार सहित शिक्षकगण तथा बी.एड. और डीएलएड के प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के सचिव ई. जयप्रकाश सिंह ने कहा कि हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और सामाजिक एकता को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने तथा दैनिक जीवन में इसके अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय मिश्रा ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान को व्यवहार में उतारना ही हिंदी के विकास में वास्तविक योगदान है।वहीं कॉलेज के प्राध्यापक अनूप कुमार ने कहा कि वर्ष 2026 का राष्ट्रीय हिंदी दिवस भारतीय भाषाओं के संवर्धन, डिजिटल एवं तकनीकी विकास तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में भाषा की सशक्त भूमिका को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि बदलते तकनीकी दौर में हिंदी को ज्ञान-विज्ञान और डिजिटल माध्यमों से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

### 2047 तक बिहार को डेयरी क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने का रोडमैप तैयार करें : सुधीर कुमार सिंह

**पटना, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में डेयरी क्षेत्र को केवल आजीविका का साधन न मानकर समृद्धि और रोजगार का मजबूत आधार बनाने की जरूरत है। वर्ष 2047 तक बिहार को डेयरी क्षेत्र में राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उत्पादकता बढ़ाने, सहकारी संस्थाओं को मजबूत करने, वैल्यू एडिशन, आधुनिक तकनीक और नियातोन्मुख गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। ये बातें इंडियन डेयरी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने सोमवार को बिहार स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी, पटना में ह्यडेयरी डेवलपमेंट इन बिहार फ्रॉम लाइवलीहुड टू प्रोस्पेरिटी : ए रोडमैप टू 2047ह्न विषय पर आयोजित व्याख्यान में कहीं। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत किसान और पशुपालक हैं। जब तक उत्पादन का 70 से 80 प्रतिशत लाभ किसानों और पशुपालकों तक नहीं पहुंचेगा, तब तक यह क्षेत्र अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ सकता। किसानों को संगठित करने और सहकारिता को मजबूत करने की जरूरत है।

# जन समस्याओं के समाधान का महाअभियान प्रशासन पुनः होगा आपके द्वार

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम नागरिकों को उनकी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करने तथा उनके त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए बिहार सरकार से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर के पुनः आयोजन का निर्देश प्राप्त है। सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में सहयोग शिविर के आयोजन और उसकी सफलता को लेकर जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के द्वारा 15 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे सहयोग शिविर के प्रथम चरण में जिला के सभी 27 प्रखंडों के तीन - तीन पंचायत में सहयोग शिविर के आयोजन का निर्देश दिया गया है और समाधान शिविर के लिए जिला के वरीय पदाधिकारियों की पंचायत बार प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है।

15 सितम्बर को सहयोग शिविर का **आयोजन**

1.आदापुर प्रखंड के आंधरा और मझरिया पंचायत में किया जाएगा जिसके लिए श्री संतोष कुमार पांडे,जिला कल्याण पदाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

2.छौरादानो प्रखंड के भेलवा, भतनहिया और महुआवा पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन होगा। डॉ कुंदन कुमार, निदेशक डीआरडीए पूर्वी चंपारण को यहां का नोडल बनाया गया है।

3.रामगढ़वा प्रखंड के सकरार, अधकपरिया और जैतापुर पंचायत में।

4.रक्सौल प्रखंड के नोनियाडीह, हरदिया और धनगढ़वा कौड़िहार में।

5.बनकटवा प्रखंड के बनकटवा, बीजबनी दक्षिणी और जीतपुर में सहयोग शिविर लगेगा।

6.चिरैया प्रखंड के खोरा,परेवा और सरौरगढ़ पंचायत में ।

7.ढाका प्रखंड के करसहीया,झोआराम और गहई पंचायत में।

8.घोड़ासहन प्रखंड के गुर्मियां,विशुनपुर और बगही भेलवा पंचायत में।

9.मधुबन प्रखंड के दुलमा, रोपानी और भेलवा में

10.पकड़ीदयाल प्रखंड के सिराहां, अजगरवा और सुंदर पट्टी पंचायत में

11.पताही प्रखंड के बलुआ जुल्फिकारबाद और बखरी पंचायत में।

12.फेनहारा प्रखंड के खानपिपरा,मधुबनी और रूपौलिया पंचायत में।

13.तेतरिया प्रखंड के कोठिया,तेतरिया एवं पुनास लहलादपुर पंचायत में।

14.बंजरिया प्रखंड के जनरेवा, चैलाहा एवं पचरुखा मध्य पंचायत मे।

15.कोटवा प्रखंड के मछरगांवा, बड़हरवा कला एवं कररिया पंचायत में

16.मोतीहारी प्रखंड के झीटकहिया, ध्रुव लखौरा एवं नौरंगिया पंचायत में।

17.पिपरा कोठी प्रखंड के ढेकहां दक्षिणी,पंडितपुर और वीरछपरा पंचायत में।

18.सुगौली प्रखंड के सुकुल पाकड़, करमावा रघुनाथपुर और माली पंचायत में

19. तुरकौलिया प्रखंड के जयसिंहपुर पूर्वी और,जयसिंहपुर उत्तरी जयसिंहपुर दक्षिणी पंचायत में।

20. चकिया प्रखंड के चिंतामणपुर,चकबारा और जमुनिया पंचायत में।

21. कल्याणपुर प्रखंड के दरमाहा,दिलावरपुर और रघुनाथपुर पंचायत में

22.केसरिया प्रखंड के पूर्वी सरोतर ,पश्चिमी सरोतर और सेमुआपुर पंचायत में

23. मेहसी प्रखंड के हरपुर नाग,कटहा और परतापुर पंचायत में।

24.अरेराज प्रखंड के बभनौली,ममरखा और रढिया पंचायत में।

25.हरसिद्धि प्रखंड के पानापुर रंजीता,यादोपुर और सोनबरसा पंचायत में।

26.पहाड़पुर प्रखंड के कोटवा, मझरिया और कमाल पिपरा पंचायत में।

27.संग्रामपुर प्रखंड के संग्रामपुर पूर्वी ,संग्रामपुर पश्चिमी और बरियारिया उत्तरी पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सहयोग शिविर के माध्यम से यह पहल प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को मजबूत करने तथा जन शिकायतों के त्वरित निवारण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।सरकार लगातार यह प्रयास कर रही है कि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई 2,880 किलोग्राम तरबूज के बीज जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** 71 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी द्वारा प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट के निर्देशन में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2,880 किलोग्राम तरबूज के बीज एवं 01 पिकअप वाहन की जब्ती के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।



प्राप्त गुप्त आसूचना के आधार पर समवाय मुख्यालय बेलदरवामठ के गश्ती दल द्वारा गश्ती के दौरान भारत की ओर सैनिक रोड पर गश्ती दल ने एक सफेद रंग की पिकअप गाड़ी को आते हुए देखा। संदेह के आधार पर गाड़ी को रोककर जांच की गई। पूछताछ के दौरान चालक ने अपना नाम अरमान (23 वर्ष), पुत्र नूर खान, ग्राम जमालपुर, पोस्ट रामनगर, थाना मसौली, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश बताया। गाड़ी में लदे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि वाहन में तरबूज के बीज लदे हैं, जिन्हें नेपाल के मटियरवा क्षेत्र से भारत लाया गया था तथा रक्सौल ले जाया जा रहा था। सामान से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में वह असमर्थ रहा। गाड़ी की तलाशी लेने पर 72 बैग तरबूज के बीज (हंड्डी१-टी'ड्ढल्ल ई रीी), प्रत्येक

### एक व्यक्ति गिरफ्तार

बैग 40 किलोग्राम, कुल 2,880 किलोग्राम तथा 01 अशोक लीलैंड पिकअप वाहन बरामद हुआ। बरामद सामग्री एवं वाहन को नियमानुसार जब्त कर लिया गया तथा उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जब्त 2,880 किलोग्राम तरबूज के बीज एवं पिकअप वाहन तथा गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु सीमा शुल्क विभाग, मोतिहारी को सुपुर्द किया जा रहा है।

# 'साथी हाथ बढ़ाना' अभियान के तहत महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया सामाजिक सेवा कार्य



**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के उरफ उी'' द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यसाथी हाथ बढ़ानाह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न सामाजिक सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अभियान में विशेष रूप से प्रबंधन विज्ञान विभाग के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ - साथ पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता की। विद्यार्थियों ने पौधरोपण, पौधों में पानी देना एवं उनकी देखभाल करना, जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराना, बुजुर्गों एवं पड़ोसियों की सहायता करना, वंचित बच्चों की सहायता करना, जरूरतमंदों को कपड़े एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना तथा अन्य सार्थक सामाजिक सेवा गतिविधियों में भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, मानवीय संवेदनशीलता एवं सामुदायिक सहभागिता की भावना को विकसित करना था। विद्यार्थियों ने अपने आसपास के समाज में छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयासों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन में योगदान देने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सफलता पर विद्यार्थियों एवं आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि उनमें समाज के प्रति संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। उन्होंने ह्यसाथी हाथ बढ़ानाह्न जैसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उरफउी'' की अध्यक्षा प्रो. (डॉ.) सपना सुगंधा ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सामाजिक सेवा की भावना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा किया गया छोटा-सा सकारात्मक प्रयास समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी इस प्रकार की सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों में सक्रिय

# सोशल मीडिया सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम : प्रो. शांडिल्य



**पटना, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 14 सितंबर, हिंदी दिवस के अवसर पर टी. पी. एस. कॉलेज, पटना के हिंदी विभाग एवं क्दअउ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कौटिल्य सभागार में ह्लसोशल मीडिया के दौर में हिंदी भाषा : चुनौतियाँ और संभावनाएँ विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित किया गया।

अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि सोशल मीडिया ने हिंदी को व्यापक मंच और नई ऊर्जा प्रदान की है। हालांकि हिंदी को अंग्रेजी की प्रतिस्पर्धा, रोमन लिपि में हिंदी लिखने की प्रवृत्ति, भाषायी अशुद्धियों, फेक न्यूज तथा अभिव्यक्ति की मयार्दा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाषा हमारी सोच, संस्कृति और सामाजिक चेतना का दर्पण है, इसलिए डिजिटल माध्यमों पर हिंदी के प्रयोग में शुद्धता, गरिमा और जिम्मेदारी आवश्यक है। प्रो. शांडिल्य ने कहा कि डिजिटल माध्यम हिंदी के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक के साथ भाषा की दक्षता विकसित करने का आह्वान किया।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शशि भूषण चौधरी ने कहा कि हिंदी दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि हिंदी के प्रचार-प्रसार, विकास और उसके प्रति दायित्व को समझने का अवसर है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# माय भारत के तहत संचालित योजनाओं को अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने की कोशिश

## नवनियुक्त जिला युवा अधिकारी को लौह पुरुष युवा मंच ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। माय भारत के नवनियुक्त जिला युवा अधिकारी अनिकेत कुमार राव का लौह पुरुष युवा मंच, बारुण के शिष्टमंडल ने अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंच के संरक्षक संजीत कुमार ने कहा कि नवनियुक्त जिला युवा अधिकारी अनिकेत कुमार राव काफी ऊर्जावान, कर्मठ एवं युवाओं के प्रति सकारात्मक सोच रखने वाले अधिकारी हैं। उनके औरंगाबाद जिले में पदस्थापित होने से जिले में युवाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही, भारत सरकार एवं माय भारत द्वारा संचालित विभिन्न युवा-केंद्रित कार्यक्रमों एवं योजनाओं



का लाभ जिले के अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकेगी। बारुण प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सनी कुमार ने कहा कि माय भारत द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी प्रखंडों के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक महाविद्यालयों, विद्यालयों, युवा मंडलों, स्वयंसेवी संगठनों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं से लगातार संपर्क स्थापित करेंगे। युवाओं को माय भारत के पोर्टल एवं विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर युवा सहभागिता, कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सेवा, फिटनेस, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण से संबंधित कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर युवा मंच के सक्रिय सदस्य प्रयाग कुमार, गौतम कुमार एवं विक्की कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शिष्टमंडल ने जिला युवा अधिकारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## संथुआ गांव में चारपहिया वाहन रोककर शिक्षक से मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड की पोगर पंचायत के मई खुर्द गांव निवासी शिक्षक संतोष कुमार यादव ने संथुआ गांव में चारपहिया वाहन रोककर मारपीट करने और 15 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने रफीगंज थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में शिक्षक ने बताया कि 13 सितंबर की शाम करीब 7:45 बजे वह अपने परिवार और चाचा डॉ. अशोक कुमार के साथ देव से संथुआ होते हुए घर लौट रहे थे। इसी दौरान संथुआ गांव के समीप राहुल सिंह समेत चार लोग सड़क पर खड़े थे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उनकी चारपहिया गाड़ी रुकवाकर गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। इस दौरान डॉ. अशोक कुमार के साथ भी अभद्रता और मारपीट किए जाने की बात कही गई है। शिक्षक ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उनकी जेब से 15 हजार रुपये निकाल लिए गए। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# भखरुआं चौक से नहर पुल तक हटेगा अतिक्रमण, जाम से मिलेगी राहत

### एसडीओ ने दिया सीओ और एसएचओ को आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । अनुमंडल मुख्यालय में भखरुआं चौराहे से दाउदनगर बाजार जाने वाली सड़क से जाम की समस्या समाप्त करने के लिए अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके लिए एसडीओ अमित राजन ने अंचल अधिकारी और थाना अध्यक्ष को आदेश दिया है। दोनों पदाधिकारी को भेजे गए एसडीओ के पत्र में प्रभारी पदाधिकारी, गोपनीय शाखा के आदेश का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि दाउदनगर में भखरुआं चौक से बड़ी नहर पुल तक हमेशा सड़क जाम रहता है। आने-जाने वालों वाहनों, यात्रियों को भारी



कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। भखरुआं चौक से दाउदनगर बाजार शहर जाने वाले सड़क चौक से नहर पुल तक की सड़क पर फल और सब्जी विक्रेताओं का ठेला लगा रहता है। जिसके कारण सब्जी, फल खरीदने वाले लापरवाह ढंग से मोटर साईकिल खडा कर जाम लगा देते हैं। साथ ही चौक के पास ओटो खड़ा कर यात्रियों को चढाते उतारते हैं। जिससे भारी भीषण जाम लग जाता है। भखरुआं चौक पर तैनात पुलिस बल उक्त ठेला, टेम्पू और जाम को नहीं हटाते है। एसडीओ के पत्र में कहा गया है कि अतः आम नागरिकों एवं आम जनता, यात्रियों के जनहित को ध्यान में रखते हुए निदेश दिया जाता है कि सीओ व एसएचओ संयुक्त रूप से अभियान चलाकर भखरुआं चौक को जाम मुक्त कराने की दिशा में यथोचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा गया है।

# आरटीई की छह साल से लंबित प्रतिपूर्ति राशि को लेकर निजी स्कूलों का आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा**। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब बच्चों के नामांकन के एवज में मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि पिछले छह वर्षों से लंबित रहने से निजी स्कूल संचालकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सरकार और शिक्षा विभाग से लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद भुगतान नहीं होने से नाराज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने अब आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि 23 सितंबर को राज्यभर के सभी निजी विद्यालय पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। स्कूल संचालकों का कहना है कि लंबे समय से राशि अटके रहने के कारण विद्यालयों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के वेतन भुगतान के साथ बिजली, पानी, भवन किराया और वाहनों के रखरखाव जैसे नियमित खर्चों का प्रबंधन करना मुश्किल हो रहा है। कई छोटे और मध्यम विद्यालय बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि बकाया राशि के भुगतान के लिए कई बार सरकार और शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। 23 सितंबर की हड़ताल के दौरान कक्षा एक से 12वीं तक की नियमित कक्षाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। इसके साथ ही ऑनलाइन और डिजिटल कक्षाएं भी स्थगित रहेंगी। एसोसिएशन की ओर से सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने की भी तैयारी की जा रही है।

## सोन तट पर गूंजेगा जय बाबा गणिनाथ का जयघोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलवाई वैश्य सभा, शाखा दाउदनगर के तत्वावधान में सोन नद के तट पर स्थित बाबा भूतनाथ प्रांगण में श्री श्री 1008 बाबा गणिनाथ गोविंद जी का 30वां वार्षिक पूजनोत्सव सह सम्मेलन 19 सितंबर दिन शनिवार को धूमधाम से आयोजित होगा। सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि बाबा गणिनाथ का यह पूजनोत्सव विगत 30 वर्षों से अनवरत होते आ रहा है। इसकी शुरुआत सन् 1996 ई. में पुलिस पदाधिकारी ललन प्रसाद एवं शंभू प्रसाद के सान्निध्य में की गई थी।

# बाबा गणिनाथ जयंती मनाने की हो रही तैयारी

### तीस वर्षों से लगातार हो रहा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलवाई वैश्य सभा की शाखा दाउदनगर के तत्वावधान में शनिवार को सोन नद के तट पर बाबा भूतनाथ प्रांगण में स्थित श्री श्री 1008 बाबा गणिनाथ गोविंद जी का पूजनोत्सव सह वार्षिक सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इसकी तैयारी आयोजक संस्था द्वारा की जा रही है। उक्त आयोजन विगत तीस



वर्षों से लागातार होते आ रहा है। मनजीत अमन ने बताया कि बाबा का पूजनोत्सव सबसे पहले सन् 1996 में शुरू किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि बतौर पुलिस पदाधिकारी ललन प्रसाद एवं शंभू प्रसाद का सान्निध्य प्राप्त हुआ था। तब स्थानीय लोगों द्वारा पूजन कार्य सम्पन्न किया जाता था। समय के अनुसार कार्यक्रम का दायरा बढते चला गया। अब प्रत्येक वर्ष निर्धारित तिथि को पूजनोत्सव का कार्य क्रम होता रहा है। इस वर्ष 30वां पूजनोत्सव होगा। जिसमें प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी स्थानीय लोगों के साथ सुदूरवर्ती इलाकों से स्वजातीय बंधुओं का आगमन होगा। बताया कि श्रद्धालु अपने कुल गुरु बाबा गणिनाथ गोविंद जी का पूजन अर्चन एवं हवन के उपरांत प्रसाद वितरण होगा। जिसमें करपी, शहरतेलपा, हसपुरा, पचरुखिया, देवहरा, अरवल, बैदराबाद, मेहंदिया, औरंगाबाद, ओबरा, अरंडा, गयाजी, पंचानपुर, गोह, देवहरा आदि के साथ अन्य स्थानों से काफी संख्या में बाबा गणिनाथ पूजनोत्सव में लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विभिन्न ज़िले के जिला अध्यक्ष भी सम्मिलित होंगे। उक्त अवसर पर बड़े पैमाने पर सोन तटीय इलाके में मेला लगता है।

# महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । दाउदनगर महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर -विकसित भारत में हिंदी की प्रासंगिकता एवं हमारा कर्तव्य-विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रेमचंद सभागार में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमएस इस्लाम ने की। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में संजीत कुमार, प्रियंका कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार, सौम्या राज, आरती कुमारी, निर्मल कुमार, साहिबा एवं गुड़िया कुमारी सहित कुल आठ विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने हिंदी की महत्ता, राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका तथा



भारतीय भाषाओं की विविधता पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कहा कि भारत की प्रत्येक भाषा का अपना महत्व और गौरव है तथा सभी भाषाओं का सम्मान ही हमारी भाषायी समृद्धि है।

मंच संचालन डॉ. रोजी कांत ने किया। उन्होंने हिंदी के प्रति प्रेम और राष्ट्रभावना को स्वर देते हुए "हिंदी है हम वतन है, हिंदुस्तान हमारा, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा" पंक्तियों से कार्यक्रम को भावपूर्ण बना दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने हिंदी के प्रति गौरव व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी को ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में भी अधिकाधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने विज्ञान के शिक्षकों से आग्रह किया कि विज्ञान की पुस्तकों एवं अध्ययन-सामग्री को मानक एवं सरल हिंदी में तैयार किया जाए, ताकि विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक विषयों को समझना सहज हो सके।

प्रतियोगिता में संजीत कुमार-प्रथम, गुड़िया कुमारी-द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर सौम्या राज एवं प्रियंका कुमारी रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. देव प्रकाश, शशांक मिश्रा एवं डॉ. सुमित कुमार मिश्रा शामिल रहे। हिंदी विभाग के डॉ. मंजू सोरेन की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। शशांक मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भाषायी चेतना, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति-कौशल को विकसित करते हैं।

राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ।

# राजभाषा हिंदी में आया है भाषिक लचीलापन : डॉ. आकाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। राजकीय डिग्री महाविद्यालय ओबरा में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर विचारपरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आकाश कुमार ने की। उन्होंने राजभाषा हिंदी की संवैधानिक स्थिति पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुए बदलते समय के साथ राजभाषा हिंदी में आए भाषिक लचीलेपन को रेखांकित किया। संचालन हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. रामप्यारी ने किया। हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. निवेदिता प्रसाद ने 'जनपदीय भाषाओं से हिंदी का आलोक' विषय पर व्याख्यान देते हुए हिंदी और जनपदीय भाषाओं के सह-अस्तित्व को रेखांकित किया। साथ ही भाषा के प्रति शुद्धतावादी आग्रह से मुक्त होकर समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीतेश कुमार ओझा ने हिंदी को वर्चस्ववादी भाषा के बजाय




समावेशी भाषा के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। छात्रों के साथ-साथ महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापक डॉ.पूजा सिंह, डॉ .शुभम बोकड़े, डॉ. करुणा सागर दुबे, डॉ.रोहित राज, डॉ. संतोष शर्मा, ज्ञान प्रकाश, रवि रंजन, साक्षी पांडेय, श्रद्धा गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने हिंदी और उसकी जनपदीय भाषिक परंपराओं के पारस्परिक संबंध पर सार्थक विमर्श का अवसर प्रदान किया।

# जाम की समस्या से मुक्ति के लिए होंगे गृह रक्षक तैनात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । भखरुआं ही नहीं जिले में कई स्थानों पर जाम की समस्या से जनता त्रस्त है। इस समस्या से मुक्ति के लिए चिन्हित स्थानों पर गृह रक्षक तैनात करने का आदेश डीएम अभिलाषा शर्मा ने दिया है। उनके द्वारा जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, औरंगाबाद को पत्र लिखा गया है। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाम की समस्या के मद्देनजर गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति किये जाने का निदेश दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि औरंगाबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चौक-चौराहों पर नियमित जाम की समस्या उत्पन्न होते रहती है, जिससे आम जनों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः जाम की समस्या से निजात पाने हेतु आपको निदेश दिया जाता है कि पुलिस उपाधीक्षक, यातायात से अविलम्ब समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार उन्हें पर्याप्त संख्या में गृह रक्षक



उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, औरंगाबाद को निदेश दिया जाता है कि जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, औरंगाबाद के द्वारा उपलब्ध कराये गए गृह रक्षकों को जाम लगने वाले स्थलों पर आवश्यकतानुसार तैनात करना सुनिश्चित करेंगे ताकि जिले में जाम की समस्या उत्पन्न न हो सके एवं यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे।

# यूजीसी और एससी/ एसटी कानून में संशोधन की मांग को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के चातर पेट्रोल पंप के समीप मृगनैनी उत्सव पैलेश में रविवार दोपहर क्षत्रिय सेवा संस्थान की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने किया। बैठक में यूजीसी की नीतियों तथा एससी/ एसटी कानून में संशोधन और पुनर्विचार की मांग को लेकर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एससी/ एसटी कानून के दुरुपयोग को लेकर समाज में कई तरह की चिंताएं हैं। उन्होंने कानून की समीक्षा कर आवश्यक बदलाव करने तथा कथित दुरुपयोग पर



रोक लगाने की मांग की। साथ ही सरकार और यूजीसी की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन एवं धरना देने का निर्णय लिया गया।

अर्जुन सिंह ने कहा कि संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत किया जाएगा। प्रखंड में चार मंडल जोन बनाकर प्रत्येक गांव में दस सदस्यीय टीम भेजी जाएगी। टीम ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि क्षत्रिय सेवा संस्थान पिछले करीब 20 वर्षों से सामाजिक स्तर पर कार्य कर रहा है।

बैठक में दिनेश सिंह, सतेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विनय कुमार सिंह, संजय सिंह, प्रो. अनिल कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, गोपाल सिंह,पिंटू सिंह, मुन्ना सिंह, गुड्डू सिंह, अशोक कुमार सिंह, मनोज सिंह,राधेश्याम सिंह, धनंजय सिंह, बसंत सिंह, अवधेश प्रसाद सिंह, अनूप कुमार सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, रिशु सिंह, टुनटुन सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पौथू पुलिस ने बराही बाजार से वारंटी को किया गिरफ्तार



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना पुलिस ने औरंगाबाद न्यायालय से जारी वारंट के मामले में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बराही बाजार निवासी स्व बालदेव यादव के पुत्र भूलन कुमार यादव उर्फ बसंत कुमार यादव के रूप में हुई है। पौथू थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि माननीय न्यायालय सूरज प्रकाश, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, औरंगाबाद के वारंट के आधार पर अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल की समस्याओं पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा**। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को शासी निकाय रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ पंकज कुमार ने की, जबकि संचालन चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण ने किया। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार एवं अस्पताल प्रबंधक हेमंत कुमार ने पिछली बैठक में लिए गए प्रस्तावों को संपुष्टि के लिए सदस्यों के समक्ष रखा। इस दौरान प्रस्तावों के अनुपालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कई नए प्रस्ताव भी लिए गए। बैठक में अस्पताल की जीर्ण-शीर्ण बाउंड्री के निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने, लेबर वार्ड की छत से हो रहे पानी के रिसाव को ठीक कराने, पार्किंग व्यवस्था बढ़ाने तथा अस्पताल परिसर में जलजमाव की समस्या दूर करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। समिति के सदस्य अरुण सिंह, गुड्डू पासवान, द्वारिका पासवान एवं प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार ने अस्पताल की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वहीं गुड्डू पासवान ने एजेंडा से अलग अस्पताल में चिकित्सकों की कमी का मुद्दा भी उठाया। इस पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण ने बताया कि चिकित्सकों की उपलब्धता को लेकर विभाग को लगातार पत्राचार किया जाता है। बीडीओ पंकज कुमार एवं चिकित्सा प्रभारी ने समिति के सदस्यों से अस्पताल की व्यवस्था बेहतर बनाने में सहयोग की अपील की। बैठक में बीसीएम सूरज कुमार एवं अकाउंटेंट पुष्कर भारद्वाज ने भी सहयोग किया।

# रफीगंज शहर के चरकावां निचली डीह में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर शिशु संघ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के चरकावां निचली डिह स्थित देवी मंदिर परिसर में आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर शिशु संघ दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक



में पूजा को भव्य और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। रविवार की रात आयोजित बैठक की अध्यक्षता धनेश चंद्र यादव ने की, जबकि संचालन किशोरी मोहन ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा के प्रथम दिन निकलने वाली कलश यात्रा, भक्ति भजन, संध्या महाआरती और रामायण पाठ के आयोजन को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। समिति सदस्यों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी। मौके पर दयानंद कुशवाहा, अखिलेश कुमार, सुबोध कुमार शर्मा, राम अवतार मिस्त्री, गोपाल महतो, राजेंद्र यादव ,अजीत कुमार, सुभाष कुमार, सुधीर कुमार, ब्रजेश यादव, विरेन्द्र कुमार, विजय दास, मोहन यादव , जगदीश चंद्र यादव, सुधीर कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# घरेलू विवाद में अधेड़ ने खाई सल्फास की गोली, चिंताजनक हालत में नवादा रेफर

**रजौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड की फरका बुजुर्ग पंचायत के बिराज गांव में सोमवार को घरेलू विवाद के बाद एक अधेड़ ने सल्फास की गोली खा ली। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित की पहचान बिराज गांव निवासी महावीर यादव के 55 वर्षीय पुत्र कारू यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सोमवार को घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद गुस्से में आकर कारू यादव ने सल्फास की गोली खा ली। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे नवादा ले गए, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कारू यादव के भतीजे आशीष यादव ने बताया कि घर में आपसी कहासुनी के बाद चाचा ने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। परिजन उसकी सलामती को लेकर चिंतित हैं। घटना के वास्तविक कारणों का अभी पूरी तरह खुलासा नहीं हो सका है। इधर, रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विभागाध्यक्ष के निधन पर शोकसभा आयोजित

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड के कृषक महाविद्यालय, धेवधा के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. गोपाल शरण गुंजन का निधन हो गया। उन्होंने पीएमसीएच में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से महाविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रो. गुंजन के निधन पर सोमवार को कृषक महाविद्यालय, धेवधा में प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। इसमें उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मियों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रो. गुंजन का योगदान उल्लेखनीय रहा है।

**NAME CHANGE**


I, Niwas Kumar Dinkar, son of Late Anandi Pandit, resident of Radhil, Post- Naima, Police Station- Telhara, District- Nalanda, do hereby solemnly affirm that my son's name is recorded as Shivanshu Raj in his Aadhaar Card and as Aniket Kumar in his Birth Certificate, both names belong to my son, and henceforth he shall be known as Aniket Kumar all future leagle purpose. Affidavit number :-6870 Date :-28/08/2026

# एनटीपीसी कहलगांव में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

## 14 से 28 सितंबर तक चलेगा हिन्दी पखवाड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के तापीय विद्युत परियोजना में सोमवार को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। कहलगांव विद्युत परियोजना के प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में 14 सितंबर से 28 सितंबर तक चलने वाले हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ परियोजना प्रमुख रविन्द्र शर्मा ने किया। उन्होंने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी का सम्मान एवं कार्यालयीन कार्यों में इसका अधिकाधिक प्रयोग हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री शर्मा ने कहा कि विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों से जुड़े लोगों वाले एनटीपीसी कहलगांव में हिंदी आपसी संवाद का सशक्त माध्यम है। सभी लोगों को उत्साहपूर्वक हिन्दी के प्रचार-प्रसार में पूरा सहयोग देने की जरुरत है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मियों और आमजनों से हिन्दी को दैनिक कार्य- व्यवहार का सहज हिस्सा बनाने का आह्ववान किया। उद्घाटन अवसर पर राजभाषा प्रतिज्ञा,तथा राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान एनटीपीसी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के साथ-साथ नगर परिसर की महिलाओं, विभिन्न विद्यालयों, सीआईएसएफ कर्मियों तथा नराकास, कहलगाँव से जुड़े कार्यालयों के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी।




# चिकित्सा तकनीक किफायती और सुलभ हो : प्रो. डॉ. संजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**देहरादून।** चिकित्सा तकनीक का उद्देश्य केवल नई तकनीक विकसित करना नहीं, बल्कि मरीजों को बेहतर उपचार और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना होना चाहिए। किसी भी नई तकनीक की वास्तविक सफलता इस बात से तय होनी चाहिए कि उससे मरीज को कितना लाभ मिल रहा है। यह बात एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष प्रो. डॉ. भूपेंद्र कुमार सिंह संजय ने चिकित्सा तकनीक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। एम्स गुवाहाटी की ओर से नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज, इंडिया के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि चिकित्सा तकनीक ने बीमारी की पहचान, उपचार, मरीजों की निगरानी और सर्जरी के क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए हैं। अब ऐसी तकनीक विकसित करने की जरूरत है, जो मरीजों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की जाए। किसी भी नई तकनीक के विकास से पहले यह विचार जरूरी है कि इससे मरीज को क्या लाभ होगा। प्रो. डॉ. संजय ने कहा कि चिकित्सा तकनीक किफायती, सुलभ और समाज के लिए उपयोगी होनी चाहिए। इसके लिए चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों, नवोदित उद्यमों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं को मिलकर काम करना होगा। चिकित्सकों की जरूरतों और तकनीकी विशेषज्ञता के बीच बेहतर समन्वय से ही उपयोगी चिकित्सा नवाचार संभव है। उन्होंने नवोदित उद्यमों और युवा उद्यमियों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नए विचारों पर काम कर रहे युवाओं को चिकित्सकीय मार्गदर्शन, शोध सहयोग, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता तथा तकनीक के परीक्षण और उपयोग के अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। डॉक्टरों को भी तकनीक विकसित करने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल किया जाना चाहिए। कार्यशाला में स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, चिकित्सा तकनीक, अनुसंधान और उद्यमिता से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। वक्ताओं ने चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने तथा मरीज-केंद्रित तकनीक विकसित करने पर जोर दिया।

## कुर्की वारंटी गिरफ्तार

**बड़हरा (भोजपुर)।** बबुरा थाना क्षेत्र के पचरूखिया कलां गांव से पुलिस ने 22 वर्षों से फरार चल रहे एक कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जिसमें गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के पचरूखिया कलां गांव निवासी स्व. पंचम महतो के पुत्र नंद किशोर महतो बताया जा रहा है। यह 2003 के एक पुराने मामले में फरार चल रहा था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध कुर्की वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर घर से गिरफ्तार किया।

# बाढ़ प्रभावितों तक राहत एवं आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने का मंत्री ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**भागलपुर।** राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग सह जिला प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा की अध्यक्षता में आज जिले की बाढ़ आपदा राहत से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल, जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, उप विकास आयुक्त रवि राकेश, स्थानीय विधायक रोहित पांडेय, कहलगांव के विधायक शुभानंद मुकेश विधान पार्षद विजय कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिले में बाढ़ की वर्तमान स्थिति एवं राहत कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। 13 सितंबर की स्थिति के अनुसार गंगा एवं कोसी नदी के विभिन्न स्थलों पर जलस्तर में गिरावट का रुझान दर्ज किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित समेकित प्रतिवेदन के बाबत जिले की 15 अंचलों की 114 पंचायतों के 456 गांव एवं 899 वार्ड प्रभावित हैं, जिनमें 2,10,219 परिवार एवं 9,15,781 की आबादी शामिल है। उन्होंने बताया कि भागलपुर शहर में संचालित सात बाढ़ राहत शिविरों में कुल 2,092 परिवारों के 9,003 लोग आवासित हैं। इन शिविरों में शौचालय, स्नानघर, पानी के टैंकर, पॉलिथीन शीट, पशुओं के लिए चारा तथा स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है। गर्भवती महिलाओं के संबंध में भी आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। बैठक में राहत शिविरों एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई के माध्यम से भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रभावित लोगों की आवश्यकता के अनुसार सामुदायिक रसोई नियमित रूप से संचालित रहे। जिस पर श्रीमती पांडेय ने आश्वस्त किया कि जलजमाव एवं कीचड़ की स्थिति समाप्त होने के बाद भी प्रभावित लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त अवधि तक सामुदायिक रसोई संचालित की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि जलस्तर सामान्य होने के बाद जलजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए पर्याप्त स्वास्थ्य एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद ही सामुदायिक रसोई बंद करने की कार्रवाई की जाय। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर घटने के बाद बीमारियों एवं संक्रमण की संभावना को देखते हुए सिविल सर्जन को ब्लीचिंग पाउडर एवं गेमेक्सिन पाउडर के छिड़काव, बाइक एंबुलेंस की व्यवस्था तथा पर्याप्त दवाओं के वितरण के निर्देश दिए गए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि प्रत्येक प्रभावित परिवार तक स्वास्थ्य सेवाएँ, राहत सामग्री एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ पहुँचें और कोई पात्र व्यक्ति सरकारी सहायता से वंचित न रहे। बैठक में प्रभावित लोगों के लिए जीआर राशि के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गई। प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार कुल 1,44,233 लाभुकों में से 1,16,746 लाभुकों की अनुशंसा जिला स्तर पर सत्यापित की गई तथा 1,16,702 मामलों में पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान भेजे जाने की स्थिति दर्ज है। उक्त प्रतिवेदन के आलोक में श्री मिश्रा (प्रभारी मंत्री) ने निर्देश दिया कि जीआर राशि के भुगतान से पूर्व क्षति एवं लाभुकों का समुचित सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा अपात्र व्यक्तियों को भुगतान न हो। साथ ही वास्तविक बाढ़ प्रभावित एवं पात्र परिवारों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

# मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** सोमवार को विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच हिंदी दिवस समारोह का आयोजन हुआ जिसकी शुरुआत डायरेक्टर डॉ संजय प्रधान जी ने छात्रों के बीच कक्षा 6 से 10 में निबंध प्रतियोगिता के आयोजन से किया एवं संचालन के रूप में प्राचार्य डॉक्टर पाराशर त्यागी ने कहा हिंदी राजभाषा ही नहीं संपूर्ण भारत की मातृभाषा है। वरीय शिक्षक अर्जुन कुमार ने हिंदी दिवस की शुरुआत की चर्चा करते हुए कहा कि 14 सितंबर 1949 को भारत की संविधान सभा में इस राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। सभी कक्षा के छात्राओं ने हिंदी दिवस पर अपने विचार प्रकट किया व शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। इसी क्रम में प्रशासक अभिनंदन नौटियाल ने कहा की संयुक्त राष्ट्र संघ में की महासभा में 10 जनवरी 1949 को पहली बार हिंदी बोली गई। हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता के आयोजन में कक्षा 6 से 10 के छात्रों में विजय प्रतिभागियों को डायरेक्टर एवं प्राचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया। हिंदी हमारी ही नहीं संपूर्ण भारत की मातृभाषा है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है जीजीएसइएसटीसी

## ओपन काउंसलिंग में 687 विद्यार्थियों ने लिया भाग, 650 से अधिक का औपबंधिक चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस (जीजीएसइएसटीसी), इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेज, चास, बोकारो में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु ओपन काउंसलिंग का सफल आयोजन किया गया। काउंसलिंग में कुल 687 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 650 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न पाठ्यक्रमों में औपबंधिक रूप से चयन किया गया। काउंसलिंग के दौरान बी.टेक रेगुलर एवं लेटरल एंट्री, डिप्लोमा रेगुलर एवं लेटरल एंट्री, एमबीए, बीबीए तथा बीसीए सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में औपबंधिक प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, संस्थान में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं तथा रोजगार और करियर की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, रांची की ओर से सरकारी प्रतिनिधि के रूप में राजकीय पॉलिटेक्निक, खुटरी के व्याख्याता गनौरी दास उपस्थित रहे। उन्होंने काउंसलिंग प्रक्रिया की निगरानी करने के साथ ही विद्यार्थियों को प्रवेश से संबंधित आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया। संस्थान के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेहतर भविष्य के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण और उचित मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि जीजीएसइएसटीसी नैक से बी++ ग्रेड प्राप्त संस्थान है और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि संस्थान के विद्यार्थियों को अब तक 45 राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा रोजगार के लिए चयनित किया जा चुका है। इस अवसर पर जीजीइएस के सचिव एस.पी. सिंह एवं अध्यक्ष तरसेम सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## एसपी ने थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

**बड़हरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भोजपुर अवधेश दीक्षित ने उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर बबुरा थानाध्यक्ष संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। विदित हो कि एसपी के निर्देश पर बीते दिनों गुप्त सूचना के आलोक में बबुरा थानान्तर्गत ग्राम बिंदगांवा स्थित जोगा बाबा मंदिर, सोन नदी किनारे पुलिस ने छापेमारी की थी। इस छापेमारी में थानाध्यक्ष संजय कुमार सहित अन्य शस्त्र बलों के सहयोग से अवैध आग्नेयास्त्र, गोली आदि के साथ चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी सोन नदी में अवैध रूप से बालू खनन करने वाले नाविकों से हथियार के बल पर रंगदारी वसूली करते थे। एसपी ने उक्त कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि आपका यह कार्य कर्तव्य के प्रति समर्पण, अनुशासन, कार्यकुशलता एवं सकारात्मक कार्यशैली का परिचायक है। आपके द्वारा संपादित उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है।

# भागलपुर के भाजपा नेता हत्याकांड में महिला पार्षद गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले एक स्थानीय भाजपा नेता उमा भूषण तांती की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आज भागलपुर नगर निगम की महिला पार्षद दीपिका कुमारी को गिरफ्तार किया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने सोमवार को यहां बताया कि इस हत्याकांड के नामजद अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग पुलिस की विशेष टीम द्वारा विभिन्न ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है और इस कड़ी में सोमवार को फरार चल रहे स्थानीय भाजपा नेता शशि मोदी की पत्नी एवं भागलपुर नगर निगम क्षेत्र की वार्ड संख्या - 51 की पार्षद दीपिका कुमारी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई है और अगले दिन दोपहर तक गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विशेष पुलिस टीम अपने तकनीकी एवं मानवीय सहयोग के जरिए जिले के विभिन्न हिस्सों में काम कर रही है।

उल्लेखनीय है कि बबरगंज थाना क्षेत्र के कुतुबगंज बाजार में विगत 11 सितंबर को मोटरसाइकिल सवार कुछ अपराधियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के श्रीनारायण नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष उमा भूषण उर्फ पप्पू तांती (52 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिससे भागलपुर के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में आक्रोश उत्पन्न हो गया था।

वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरीय अधिकारियों ने घटनास्थल और मृतक के घर पर जाकर मामले की पूरी जानकारी ली थी। बाद में मृतक के परिजनों के बयान पर पुलिस ने कुतुबगंज निवासी भाजपा नेता शशि मोदी और उनके अन्य रिश्तेदारों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी। सभी अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस की तीन अलग-अलग विशेष टीमें बनाई थी।

इस बीच स्थानीय भाजपा विधायक रोहित पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने मृत भाजपा नेता के परिजनों से मिलकर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया था। सभी नेताओं ने इस मामले में शामिल सभी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग वरीय पुलिस अधिकारियों से की थी।

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार

सितम्बर माह में मत्स्य-पालकों द्वारा ध्यान देने योग्य महत्त्वपूर्ण बातेंः-

- मत्स्य बीज उत्पादकों को सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह के बाद स्पॉन उत्पादन का कार्य बंद कर देना चाहिए।
- पंगेशियस मछली के पालन करने वाले कृषकों को पूरक आहार प्रबंधन के क्रम में मछली के कुल औसत वजन के हिसाब से छः माह की पालन अवधि में क्रमशः 6%, 5%, 4%, 3%, 2%, 1.5% प्रथम माह से छठा माह तक पूरक आहार देना चाहिए। पालन अवधि में मछली के औसत वजन के हिसाब से प्रथम दो माह 32% प्रोटीन युक्त आहार अगले दो माह 28% प्रोटीन युक्त आहार पाँचवे माह में 25% प्रोटीन युक्त आहार एवं छठे माह में 20% प्रोटीन युक्त आहार प्राथमिकता के आधार पर प्रयोग करें।
- वातावरण का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से कम एवं 36 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होने पर पूरक आहार का प्रयोग आधा कर देना चाहिए।
- तालाब का पानी अत्याधिक हरा हो जाने पर रासायनिक उर्वरक एवं चूना का प्रयोग एक माह तक बन्द कर देना चाहिए, इसके बाद भी यदि हरापन नियंत्रित नहीं हो तो दोपहर के समय 800 ग्राम कॉपर सल्फेट या 250 ग्राम एट्राजीन (50%) प्रति एकड़ की दर से 100 लीटर पानी में घोल कर तालाब में छिड़काव करना चाहिए।
- तालाब में घुलनशील ऑक्सीजन की मात्रा कम होने पर ऑक्सीजन बढ़ाने वाली टैबलेट 400 ग्राम/एकड़ की दर से छिड़काव करें या 15 दिनों के अंतराल पर वर्षात के मौसम में ऑक्सीजन पाउडर का सूखा छिड़काव करें या सुबह एवं शाम को चार-चार घंटे एरेटर/एअर ब्लोअर चलायें।
- नर्सरी तालाब में अत्याधिक रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं करें। नर्सरी तालाब में पानी हल्का हरा होने पे 20 किलो ग्राम फीटकरी प्रति एकड़ की दर से 100 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- मछली की जल्द बढ़वार के लिए फीडसप्लीमेंट के रूप में प्रति किलोग्राम पूरक आहार में 10 ग्राम सूक्ष्म खनिज तत्व (Mineral Mixture) 2-5 ग्राम गट प्रोबायोटिक्स को वनस्पति तेल या बाजार में उपलब्ध कोई भी बाईंडर 30 एम0एल0/किलो ग्राम भोजन में मिलाकर प्रतिदिन खिलाना चाहिए।
- मछली को संक्रमण से बचाने हेतु प्रति 15 दिन पर पी0एच0 मान के अनुसार 10-15 किलो ग्राम प्रति एकड़ की दर से चूना घोलकर छिड़काव करें एवं माह में एक बार प्रति एकड़ की दर से 400 ग्राम पोटाशियम परमेग्नेट को पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- मछली को परासाईटिक संक्रमण से बचाने हेतु प्रतिमाह 40 किलो ग्राम प्रति एकड़ की दर से नमक को पानी में घोलकर छिड़काव करें एवं माह में एक सप्ताह प्रति किलो ग्राम पूरक आहार में 10 ग्राम नमक मिलाकर मछलियों को खिलायें।



PR. No. 011781 (Animal)2026-27

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग (मत्स्य प्रभाग) बिहार सरकार द्वारा जनहित में प्रचारित

# भाषा की उन्नति से ही विकास सम्भव : कुलपति

## संस्कृत विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दरभंगा।** सोमवार को संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो लक्ष्मीनिवास पांडेय ने कहा कि अपनी भाषा की उन्नति के बिना स्वयं की व समाज की उन्नति सम्भव नहीं है। इसलिए भाषा का चतुर्दिक विकास हमारा प्राथमिक दायित्व बनता है। इस ओर युवाओं पर विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बिना हिन्दी की उन्नति के हिन्दस्तान का इकबाल सम्भव नहीं है। निज भाषा का उत्थान संस्कृति का उत्थान है। इसी क्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार ने कहा कि भाषा केवल बोली नहीं जाती, भाषा को जिया भी जाता है। आज हम सभी यहां एक ऐसी भाषा का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं जो केवल हमारे भावों को व्यक्त करने का माध्यम ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदना और पहचान की अभिव्यक्ति भी है और वह है हमारी हिन्दी। हिंदी प्राचीनतम भाषा है। आमीर खुसरो के ग्रन्थों में तथा तुगलक काल मे भी हिंदी का बोलबाला था। उन्होंने कहा कि आज हम केवल हिन्दी दिवस न मनाएँ, बल्कि हिन्दी को अपने दैनिक जीवन में सम्मान देने और अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प भी लें। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के बाद शुरू हुए कार्यक्रम में छात्रा काजल, भार्गवी भारती ने कुलगीत गाया। विशिष्ट वक्ता डॉ. निहार रंजन सिन्हा ने भी हिंदी की विशेषताओं को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी दिलों को जोड़ती है। यही इसकी बड़ी ताकत है। प्रेमचन्द, निराला, दिनकर जैसे सैकड़ों महान लेखकों को हिंदी ने ही प्रसिद्धि दिलायी है। वहीं कुलसचिव डॉ. दिनेश झा तथा अध्यक्ष छात्र-कल्याण प्रो. पुरेन्द्र वारिक ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि हमारे सम्मान व संस्कार की भाषा है। कहा कि अंग्रेजी ज्ञान की भाषा हो सकती है लेकिन हिंदी भाव की भाषा है। कार्यक्रम में वैदिक मङ्गलाचरण सहायक प्राध्यापक डॉ. छबिलाल न्यौपाने ने प्रस्तुत किया। रमेश्वरलता सं. महा विद्यालय के सहायक प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने स्वागत भाषण दिया। स्नातकोत्तर साहित्य विभाग के सहायक प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार कार्यक्रम के संयोजक थे जबकि सह-संयोजिका एवं मञ्च सञ्चालन की जिम्मेदारी स्नातकोत्तर साहित्य विभाग की सहायक प्राचार्या डॉ. निशा के हाथों रही।सहायक प्राचार्य डॉ. कुमार ने ही धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# हिंदी दिवस पर स्कूलों में कई कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक, मध्य एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सोमवार को हिंदी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच कविता पाठ, निबंध लेखन एवं वाद-विवाद सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने हिंदी भाषा के महत्व को समझते हुए कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नावकोठी में प्रभारी प्रधानाध्यापक गणेश झा की अध्यक्षता में हिंदी दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की ऐसी भाषा है, जो जन-जन तक पहुंची हुई है। हिंदी हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता की मजबूत कड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और इसके अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय चकमुजफ्फरपुर में प्रधानाध्यापिका इंदु कुमारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ देश का गौरव भी है। यह पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का सुंदर माध्यम है। हिंदी के माध्यम से भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पहचान पूरी दुनिया में बनी है।

शिक्षिका खुशबू कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों की मांग बढ़ने के कारण कई बच्चे हिंदी भाषा में पिछड़ते जा रहे हैं। शिक्षक प्रदीप रंजन ने बताया कि विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति काफी जागरूकता है। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने हिंदी भाषा से संबंधित कविताओं का गायन भी किया।

# हिन्दी को जीवनधारा की तरह अपनाने की जरूरत : राजेंद्र राजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला साहित्य अकादमी की ओर से सोमवार को कर्मयोगी सभागार, कैंटीन चौक में सम्मान-सह-स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ। दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए समारोह में साहित्य, पत्रकारिता और रंगकर्म की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।साहित्य में डॉ. भगवान प्रसाद सिंह, राम कृष्ण, विद्यासागर ब्रह्मचारी, मुकेश कुमार, डॉ. प्रभा कुमारी, सुनीता झा, पत्रकारिता में विजय कुमार झा, अशोक कुमार और रंगकर्म में मेनका मल्लिक को सम्मान मिला। कार्यक्रम में प्रलेस के प्रदेश महासचिव राजेंद्र राजन ने कहा कि हिंदी को इतना बोझिल न बनाएं कि संस्कृत भी लजा जाए, इसे जीवनधारा की तरह अपनाना होगा। भाषा का आरोपण विभेद पैदा करता है। पूर्व मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. चंद्रभानु प्रसाद सिंह ने कहा कि हिंदी एक हजार साल से बिना संवैधानिक दर्जा के दायित्व निभा रही है, यह पूरे देश के योगदान से यहां पहुंची है। दक्षिण में विवाद राजनीतिक है, आज हम अंग्रेजी के आतंक में जी रहे हैं। अध्यक्षता प्रो. सीताराम प्रभंजन ने की, संचालन सच्चिदानंद पाठक, स्वागत रामनरेश पंडित व धन्यवाद रामरेखा ने किया। सचिव नरेंद्र कुमार सिंह की भूमिका रही।

# आपसी विवाद में महिला की पिटाई

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के महेशवाड़ा पंचायत अंतर्गत नौलखा गांव में घर के ऊपर से बिजली का तार ले जाने से मना करने पर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला की पहचान रमेश महतो की पत्नी सुनैना देवी के रूप में हुई है। उसका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल मंझौल में कराया गया। घटना को लेकर पीड़िता ने नावकोठी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए गांव के ही बबलू महतो, दिलीप महतो और राम बालक महतो को नामजद किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बबलू महतो अपने घर में बिजली कनेक्शन के लिए पोल से उसके घर के ऊपर से बिजली का तार ले जा रहा था। इस पर उसने तार को सड़क के रास्ते ले जाने की बात कही। इसी बात को लेकर बबलू महतो आक्रोशित होकर गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर तीनों आरोपितों ने कथित तौर पर लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में उसके सिर में गंभीर चोट लगी और सिर फट जाने से वह लहूलुहान होकर जमीन पर बेहोश होकर गिर गई। ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल मंझौल पहुंचाया।

# हिंदी भाषा लिखने-पढ़ने वालों के लिए असीम अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** एमआरएम महा विद्यालयके हिन्दी विभाग में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की उपयोगिता' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथियों को मंच पर आमंत्रण के पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया। डॉ0 सुकृति वर्मा द्वारा स्वागत भाषण के उपरांत नीलम सेन द्वारा विषय प्रवेश के माध्यम से संगोष्ठी के विषय 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की उपयोगिता पर विषय प्रवेश करवाते विद्यापति, तुलसीदास, कबीर, मीरां, सूरदास की कृतियों पर प्रकाश डाला हैं। आजादी के आंदोलन में भी हिंदी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्य वक्ता डॉ0 भारद्वाज ने अपने वक्तव्य के माध्यम से छात्राओं और उपस्थित जन को बताया कि हिंदी की वर्तमान में प्रासंगिकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ0 गजेंद्र ने छात्राओं को ब्लॉगिंग ,प्रूफ रीडिंग ,वाणिज्य व्यापार आदि क्षेत्रों में उनके भविष्य को बनाने के अवसर पर चर्चा की। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो0 पुष्पम नारायण ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उपस्थित छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज 14 सितंबर हिंदी दिवस हिंदी को संवैधानिक रूप से राजभाषा का दर्ज़ा प्राप्त करने के उपलक्ष में मनाया जाता है। हिंदी हमारी राजभाषा है, इसका आशय है भारत के सरकारी कार्यालयों में कामकाज की भाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार किया गया। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य कार्यक्रम की अगली कड़ी में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं शिक्षिकाओं द्वारा प्रमाण- पत्र वितरित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में स्नातक वर्ग में दीप माला कुमारी प्रथम, अलबसर सुमैया द्वितीय अल्फिया फातमा तृतीय स्थान पर रही। स्नातकोत्तर वर्ग में सुधा कुमारी प्रथम, रानी कुमारी द्वितीय और मानसी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्नेहा कुमारी ( स्नातक) शिवानी कुमारी (स्नातकोत्तर) पुष्पांजलि कुमारी (स्नातकोत्तर) भारती कुमारी (स्नातकोत्तर) सुधा कुमारी (स्नातकोत्तर) पूजा कुमारी (स्नातकोत्तर) ने अपनी काव्य रचना- पाठ एवं विचार अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। इस संगोष्ठी के दौरान हिंदी विभाग एम0आर0एम कॉलेज में डॉ0 शगुफ्ता, डॉ सूफिया, डॉ0 आशीष, डॉ0 अर्चना ,डॉ0 अंकिता, डॉ0 बबीता, डॉ0 ममता, डॉ0 सरिता, डॉ0 नफासत एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मी प्रिया कुमारी एवं विभागीय छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन हिंदी विभाग स्नातकोत्तर की छात्रा सविता कुमारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन छात्रा मानसी कुमारी द्वारा किया गया।

# एलएनएमयू में एआई आधारित शोध कार्यशाला का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय रसायन विज्ञान विभाग तथा अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पांच दिवसीय हस्त-प्रशिक्षण कार्यशाला रिसर्च विद एआई : फ्रॉम आइडियाज टू इनोवेशन का शुभारंभ हुआ। 14 से 18 सितंबर तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को अनुसंधान, शिक्षण एवं नवाचार के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी, नैतिक एवं व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना है। कार्यक्रम से पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने रसायन विज्ञान विभाग में प्रो डॉ नीलाम्बर चौधरी अध्यक्ष कक्ष, सम्मेलन कक्ष तथा नवीनीकृत रसायन विज्ञान विभाग का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं को विभाग में शैक्षणिक, शोध एवं अकादमिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने की। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना के पूर्व कुलपति प्रो एन. सी. गौतम- मुख्य अतिथि तथा बिहार के राज्यपाल के सलाहकार (संकाय उत्कृष्टता एवं शैक्षणिक विकास) प्रो बिनोद कुमार त्रिपाठी- विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता एवं रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने स्वागत संबोधन में अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए आधुनिक तकनीक के साथ गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला के संयोजक डॉ अभिषेक राय एवं डॉ अनिन्द्र शर्मा ने कार्यशाला की विषय-वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शोध की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं नवाचारपरक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विशिष्ट अतिथि प्रो बिनोद कुमार त्रिपाठी ने भारतीय गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि कौशल विकास, व्यावहारिक ज्ञान, चरित्र निर्माण एवं समग्र व्यक्तित्व विकास था। मुख्य अतिथि प्रो एन. सी. गौतम ने अनुसंधान में मौलिक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गुणवत्ता एवं नवाचार के महत्व पर बल दिया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने कार्यशाला की समसामयिक विषय-वस्तु के चयन के लिए संयोजक डॉ अभिषेक राय एवं डॉ अनिन्द्र शर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सही दृष्टिकोण, वैचारिक चिन्तन, नैतिक मूल्यों एवं कौशल विकास की क्षमता विकसित करना है।

# ऑपरेशन मुस्कान से चेहरे पर लौटी मुस्कान

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत सनहा संख्या 72/25 से संबंधित मोबाइल बरामद किया है। बरामद मोबाइल भगवानपुर थाना क्षेत्र के चंदौर गांव निवासी विकास कुमार, पिता सुरेश राय का बताया गया है। मोबाइल बरामद होने की जानकारी मिलने के बाद संबंधित व्यक्ति को राहत मिली। पुलिस की इस कार्रवाई से एक बार फिर ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य सामने आया है, जिसके तहत गुम या बरामद मोबाइल फोन को उनके वास्तविक धारकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।पुलिस की ओर से बताया गया कि मोबाइल बरामदगी के मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर संबंधित व्यक्ति को मोबाइल सौंपा दिया गया। पुलिस की इस पहल से लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में बेगूसराय ने रचा इतिहास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय लोक अदालत के इतिहास में बेगूसराय न्याय मंडल के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। इस बार की लोक अदालत में बेगूसराय ने कोर्ट केसों के निष्पादन में पूरे बिहार में चौथा स्थान हासिल किया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय के सचिव-सह-अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट केसेज के निष्पादन में पटना, मुजफ्फरपुर और गया के बाद बेगूसराय चौथे पायदान पर रहा है, जो जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है।उन्होंने बताया कि इस बार के राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 3536 कोर्ट केसेज का निष्पादन हुआ है, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। बेगूसराय न्याय मंडल में राष्ट्रीय लोक अदालत के इतिहास में आज तक इतनी बड़ी संख्या में मामलों का एक साथ निष्पादन कभी नहीं हुआ था। सचिव करुणानिधि प्रसाद आर्य ने इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय सभी सहयोगियों को दिया। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, बैंक, बिजली विभाग, वन विभाग, इंश्योरेंस कंपनियों सहित सभी विभागों के पदाधिकारियों, व्यवहार न्यायालय के कर्मियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मियों, विद्वान अधिवक्तागण, पीएलवी, मीडिया कर्मियों एवं सभी सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापन किया, जिनके सक्रिय सहयोग से यह रिकॉर्ड सफलता संभव हो सकी।

# सरकारी विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा आज से शुरू होगी। यह परीक्षा 20 सितंबर तक संचालित की जाएगी। इस संबंध में बीपीआरओ सह बीईओ भगवानपुर ने बताया कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा के सफल संचालन को लेकर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा एक और दो के बच्चों का मूल्यांकन मौखिक रूप में किया जाएगा, जबकि कक्षा तीन से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करा दी गई है। सभी वीक्षकों को परीक्षा के दौरान पवित्रता और कदाचार मुक्त वातावरण बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

# सुहागिनों ने रखा हरितालिका तीज का व्रत

### पति की दीर्घायु के लिए की शिव-पार्वती की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना को लेकर हरितालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने मां पार्वती और भगवान शिव की प्रतिमा बनाकर विधि-विधान से पूजन किया और रात भर आराधना में लीन रहीं।

मान्यता है कि भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए सबसे पहले मां पार्वती ने हरितालिका तीज का व्रत रखा था और इस व्रत के प्रभाव से ही उनका विवाह भगवान शिव से हुआ था। तभी से यह व्रत सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए रखती आ रही हैं। इस व्रत में सुबह सूर्योदय से पूर्व प्रतिमा को जलाशय में विसर्जित करने के बाद ही पारण करने का विधान है। व्रत को लेकर रविवार को दिन भर तैयारी चलती रही। बनवारीपुर, भगवानपुर, सूर्यपुरा, संजात, हरिचक, अतरुआ सहित सभी बाजारों में भारी भीड़ देखी गई। महिलाएं पूजन सामग्री, फल-फूल, श्रृंगार का सामान खरीदती नजर आईं। सोमवार को महिलाओं ने लाल साड़ी पहनकर, लाल चुनरी ओढ़कर सोलह श्रृंगार किया। मां पार्वती को सोलह श्रृंगार अर्पित कर हरितालिका तीज व्रत की कथा का श्रवण किया और रात्रि जागरण किया। पूरे प्रखंड में भक्तिमय माहौल बना रहा। रातभर जगह जगह ध्वनि विस्तारक यंत्र पर भजन कीर्तन की आवाज सुनाई देती रही।

# पुलिस ने किया 121 किलो गांजा बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनीगाछी (दरभंगा)।** बाजितपुर थाना क्षेत्र के मैनारहिका गांव निवासी बद्री साहू की पत्नी सोनी देवी उर्फ अलीनगर वाली के घर से गत 13 सितंबर की देर शाम करीब आठ बजे बाजितपुर थाना की पुलिस ने छापेमारी कर चार बोरों में शील्ड 121.250 किलो गांजा बरामद किया है जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य बीस लाख के करीब बतायी जाती है। छापेमारी दल में एसडीपीओ बेनीपुर वासुकी नाथ झा, बाजितपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, बीडीओ संदीप कुमार पाण्डेय, पुअनि राजेन्द्र चौधरी, सिपाही राजेश कुमार, गौतम कुमार सिंह, प्रीति कुमारी, रौशनी कुमारी, अंकित कुमार, शिवम कुमार तथा स्थानीय चौकीदार शामिल थे। गांजा बरामदगी की जानकारी देते हुए एसडीपीओ बेनीपुर वासुकी नाथ झा ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई में गांजा कारोबार की मिली गुप्त सूचना पर मैना रहिका गांव में बद्री साह की पत्नी सोनी देवी उर्फ अलीनगर वाली के यहां की गई छापेमारी में गांजा बरामद की गई। छापेमारी की भनक लगने पर कारोबारी फरार हो गई। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य किरदार सुरज साह के पुत्र लालटून साह है जो अपने एक रिश्तेदार के घर में गांजा छिपाकर रखे हुए था। उन्होंने बताया कि बद्री साह अपनी दूसरी पत्नी के साथ गांव से बाहर रहता है जबकि उसकी पहली पत्नी सोनी देवी गांव में रहती है। इतनी बड़ी मात्रा में गांजा मिलने के संबंध में पूछे जाने पर एसडीपीओ ने बताया कि इसके नेटवर्क की जानकारी ली जा रही है और इसके मुख्य स्रोत तक पहुंच कर इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में नशे की दवाओं को लेकर तीन मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण, नमूने जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले में मादक पदार्थों, कोडीन युक्त कफ सिरप, नारकोटिक व साइकोट्रॉपिक दवाओं के अवैध कारोबार पर रोक के लिए डीएम के निर्देश और राज्य औषधि नियंत्रक के दिशा-निर्देश पर मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मेसर्स शिव शक्ति मेडिको, मंझौल तथा 11 सितंबर को मेसर्स साकेत मेडिकल हॉल और मेसर्स राज मेडिकल हॉल, खोदावंदपुर की जांच की गई। शिव शक्ति मेडिको में प्रोपराइटर मनोज कुमार मिले, लाइसेंस 20 मई 2030 तक वैध है। वहां कोई प्रतिबंधित इंजेक्शन या कोडीन सिरप नहीं मिला, लेकिन एक्सपायरी दवाएं नियमानुसार अलग नहीं रखी थीं, बिक्री रजिस्टर नहीं दिखाया गया। तीन दवाओं के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।साकेत मेडिकल हॉल में प्रोपराइटर अमिताभ कुंवर मिले, लाइसेंस 3 अप्रैल 2031 तक वैध है, पर फार्मासिस्ट दिनेश्वर साहू अनुपस्थित थे। क्रय पंजी नहीं मिली और बंद पाया गया। राज मेडिकल हॉल में प्रोपराइटर राजनीती कुमार मिले, लाइसेंस 25 फरवरी 2029 तक वैध, पर एएइट्ठु नहीं था, जिसे तुरंत लगाने का निर्देश दिया गया। तीनों जगहों पर नारकोटिक भंडारण नहीं मिला। प्रशासन ने कहा कि अवैध दवा कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2026-27

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 09.09.2026
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि : दिनांक 18.09.2026, 10:00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक 22.09.2026, 4:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि : दिनांक 22.09.2026 अपराह्न 5:00 बजे अपराह्न में एवं समय (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | बेल्ट्रॉन का प्रोसेगिंग फीस + अन्य कर(रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | औरंगाबाद जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में सुखाड़ की स्थिति एवं जिलों में जलस्तर के गिरावट एवं प्राकृतिक आपदा (सुखाड़) के कारण पेयजलापूर्ति हेतु नये चापाकलों का निर्माण कार्य। | | | | | |
| | लोक स्वास्थ्य अवर प्रमंडल, औरंगाबाद एवं रफीगंज | | | | | |
| 01 | (i) 125 mm dia x 45 मीटर गहरा चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**15** अदद। (ii) 125/115 mm x 60 मीटर गहरा ड्रिल्ड चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**40 अदद।** | 54.71900 | 1.09500 | 5000 | As per Eproc2 | 3 माह |
| | लोक स्वास्थ्य अवर प्रमंडल, नवीनगर एवं दाउदनगर | | | | | |
| 02 | (i) 125 mm dia x 45 मीटर गहरा चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**20** अदद। (ii) 125/115 mm x 60 मीटर गहरा ड्रिल्ड चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**25 अदद।** | 43.06700 | 0.86200 | 5000 | As per Eproc2 | 3 माह |

7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकि बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी)
8. निविदा वैधता की तिथि : निविदा खोलने से 180 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

PR. No. 011715 (PHED) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

# विष्णुधाम मंदिर प्रांगण में लगेगा हाई मास्ट लाइट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पितृपक्ष महोत्सव 25-26 सितंबर को



**औरंगाबाद।** पितृपक्ष महोत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण आयोजन को लेकर सदर प्रखंड के जम्होर स्थित विष्णुधाम मंदिर परिसर एवं पुनपुन-बटाने संगम क्षेत्र का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आयोजन स्थल का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस वर्ष पितृपक्ष महोत्सव का आयोजन 25 एवं 26 सितंबर को सदर प्रखंड अंतर्गत जम्होर एवं बारून के बीच पुनपुन एवं बटाने नदियों के संगम पर स्थित विष्णुधाम मंदिर परिसर में किया जाएगा। पितृपक्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव में धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं के साथ-साथ स्थानीय कला एवं संस्कृति को भी प्रमुखता दी जाएगी। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, घाट एवं पिंडदान स्थल की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं आयोजन से पूर्व ही सुनिश्चित कर ली जाएं। साथ ही आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं विष्णुधाम मंदिर न्यास समिति के सदस्यों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा आयोजन से संबंधित सभी तैयारियों की नियमित रूप से समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष महोत्सव धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। जिलाधिकारी के निर्देश पर विष्णुधाम मंदिर प्रांगण में हाई मास्ट लाइट लगाने तथा संगम तट स्थित पिंडदान स्थल के समीप श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट निर्माण कराने हेतु जिला परिषद के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। घाट एवं प्रकाश व्यवस्था से श्रद्धालुओं को पिंडदान एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान काफी सुविधा मिलेगी।

## छत से गिरने के कारण घायल व्यक्ति की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के भैयाराम बिगहा में रविवार की रात छत से गिरकर घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी 46 वर्षीय उमेश रिकियासन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उमेश रिकियासन छत से नीचे गिर गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर लेकर पहुंचे। यहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उमेश रिकियासन की मौत हो गई।

# अधिकाधिक लोगों को मिले पीएम सूर्य घर योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, अधिकृत वेंडर के चयन, रूफटॉप सोलर संयंत्रों के संस्थापन, बैंक ऋण की स्वीकृति एवं वितरण, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जिलावार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि बिहार में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत अब तक 1,28,814 आवेदन प्राप्त, 91,161 वेंडर चयन तथा 29,970 रूफटॉप सोलर संयंत्रों का संस्थापन किया जा चुका है। योजना के अंतर्गत अब तक 189.33 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई है। वहीं, योजना के लिए 39,146 ऋण आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 22,696 ऋण स्वीकृत किए गए हैं तथा 19,303 ऋण वितरित किए जा चुके हैं। समीक्षा के क्रम में औरंगाबाद जिले की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिले के लिए निर्धारित 12,000 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 1,082 आवेदन प्राप्त, 871 वेंडर चयन तथा 234 रूफटॉप सोलर संयंत्रों का संस्थापन किया गया है। समीक्षा अवधि में जिले में पांच संयंत्रों का संस्थापन किया गया। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव द्वारा सभी जिलाधिकारियों को योजना के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अभियान स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन, अधिकृत वेंडरों के चयन एवं रूफटॉप सोलर संयंत्रों के संस्थापन की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा बैंक ऋण से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने तथा जिलास्तर पर नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों एवं अधिकृत एजेंसियों को निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाते हुए वेंडर चयन, स्थल निरीक्षण एवं रूफटॉप सोलर संयंत्रों के संस्थापन की प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए।

# उत्तर कोयल नहर से युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र में उत्तर कोयल नहर के समीप सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। की है। सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नहर में फंसे शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम क बाद शव को पुलिस अभिरक्षा में रखा गयो है। पुलिस आसपास के थानों यथा सोशल मीडिया के सहारे पता लगाने की कोशिश में जुटी है। पुलिस के अनुसार युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक शव को नियमानुसार 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा ताकि परिजनों अथवा परिचितों के माध्यम से उसकी पहचान कराई जा सके। पहचान होने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया जाएगा। निर्धारित अवधि में पहचान नहीं होने की स्थिति में सरकारी प्रावधानों के तहत पुलिस द्वारा शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

# दैनिक जीवन में हिंदी भाषा का करें अधिकाधिक प्रयोग : डीइओ

## हिंदी दिवस पर जिला स्तरीय निबंध, भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित आम्रपाली कला केंद्र में जिला स्तरीय निबंध, भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, सम्मान एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना तथा हिंदी के व्यापक प्रयोग के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, साहित्य, परंपरा और सामाजिक मूल्यों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी भाषा के अध्ययन एवं दैनिक जीवन में इसके अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में निबंध, भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर के बाद संकुल एवं प्रखंड स्तर के उपरांत जिला स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा एवं विचारों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है तथा उनमें भाषायी दक्षता, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक सोच का विकास होता है। शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिभागियों के चयन हेतु शिक्षक संजीव कुमार सिंह, शंभू कुमार सिंह अभय कुमार गोविंदा सिंह फरहाना कादरी को निर्णायक मंडल का सदस्य के रूप में प्राधिकृत किया गया था। निर्णायक मंडल के द्वारा प्रतिभागियों की प्रस्तुति, विषय-वस्तु, भाषा की शुद्धता, अभिव्यक्ति, मौलिकता एवं प्रस्तुतीकरण आदि विभिन्न मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों के द्वारा प्राप्त परिणाम के आलोक में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित भी किया गया।

# तीज पर्व पर नदी में स्नान करने गई महिला की डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** तीज पर्व के अवसर पर नदी में स्नान करने गई एक महिला की डूबने से मौत हो गई। घटना सोमवार की संध्या रफीगंज प्रखंड के मई खुर्द गांव के समीप धावा नदी में हुई। मृतका की पहचान मई खुर्द गांव निवासी लालमोहन यादव की 30 वर्षीय पत्नी प्रतिमा कुमारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजन राजकुमार यादव ने बताया कि सोमवार की शाम प्रतिमा कुमारी गांव की अन्य महिलाओं के साथ तीज पर्व को लेकर धावा नदी में स्नान करने गई थीं। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरीं। साथ में मौजूद महिलाओं ने शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने नदी में खोजबीन शुरू की। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद प्रतिमा कुमारी को नदी से बाहर निकाला गया। परिजन उन्हें जीवित समझकर तत्काल रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक डॉ. लालजी यादव ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। अस्पताल परिसर में परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# पितृपक्ष मेला की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत जम्होर में आगामी पितृपक्ष मेला की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा विभिन्न पिंडदान स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। पितृपक्ष मेला का आयोजन 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा मेला अवधि में श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा जम्होर घाट के समीप धर्मशाला, विष्णु धाम मंदिर के समीप तथा सीरीस स्थित पिंडदान स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। सभी पिंडदान स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित नगर कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी स्थलों पर नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए तथा पर्याप्त संख्या में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य नागरिक सुविधाओं की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। पिंडदान स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को तीनों स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पानी के टैंकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पेयजल की उपलब्धता की नियमित निगरानी करने तथा आवश्यकता के अनुरूप अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित मंदिर समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# रंगदारी सहित अन्य मामलों में 23 लोग गये जेल, देसी-विदेशी शराब एवं स्प्रिट जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 23 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार रंगदारी में एक, हत्या के प्रयास में 10, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 12 तथा अन्य मामलों में 14 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 77.50 लीटर देसी शराब, 80 लीटर स्प्रिट, 6.750 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1026 वाहनों से 59000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 2000 लीटर महुआ घोल तथा एक भट्ठी को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि औरंगाबाद पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के साथ जिले में आम लोगों के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# पात्र लाभुकों को शीघ्र उपलब्ध कराएं राशन कार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विशेष अभियान के तहत नए राशन कार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों के सत्यापन, डेटा एंट्री, ई-केवाईसी एवं राशन कार्ड निर्गमन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकानों की रिक्तियों के विरुद्ध प्राप्त आवेदनों, लाइसेंस निर्गमन की स्थिति तथा पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि विशेष अभियान के तहत प्राप्त राशन कार्ड आवेदनों का सत्यापन एवं डेटा एंट्री का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। पात्र आवेदनों का ई-केवाईसी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराते हुए पात्र लाभुकों को शीघ्र राशन कार्ड उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन की प्रगति में तेजी लाने तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार औरंगाबाद जिले में विशेष अभियान के तहत कुल 69,546 ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 52,446 आवेदनों को सत्यापन के उपरांत पात्र पाया गया है। 14 सितंबर 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे तक कुल 51,872 आवेदनों की डेटा एंट्री पूर्ण की जा चुकी है,जो पात्र आवेदनों का लगभग 99 प्रतिशत है। इनमें से 51,410 आवेदन ई-केवाईसी के लिए सक्षम किए गए हैं। अब तक 21,289 आवेदनों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है, जबकि 30,121 आवेदन ई-केवाईसी हेतु लंबित हैं। वहीं, 16,338 राशन कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। जन वितरण प्रणाली दुकानों की रिक्ति की समीक्षा के क्रम में औरंगाबाद जिले में रिक्ति शून्य पाई गई। जिले में जन वितरण प्रणाली दुकानों के संबंध में किसी रिक्ति के विरुद्ध आवेदन अथवा लाइसेंस निर्गमन का मामला लंबित नहीं है।

## ट्रेन की चपेट में आने से कारपेंटर मिस्त्री की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गया-डीडीयू रेलखंड पर अवस्थित सोननगर जंक्शन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान ओबरा प्रखंड के अतरौली गांव निवासी स्व. सूर्यनाथ मिस्त्री के पुत्र महादेव मिस्त्री के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार महादेव मिस्त्री अपने गांव अतरौली लौटने के लिए टिकट लेने जा रहे थे। इसी दौरान सोननगर जंक्शन के समीप वह अचानक एक ट्रेन की चपेट में आ गए। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद जीआरपी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से सोमवार को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने हिंदी की वैश्विक संभावनाओं और दुनिया में बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए हिंदी के व्यापक प्रसार की चर्चा की। समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सतीश ओझा उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध कवियों धनंजय जयपुरी, हिमांशु चक्रपाणि, नागेंद्र केशरी, ओम प्रकाश पांडे एवं डॉ. संजीव रंजन ने काव्य पाठ किया। कवियों की प्रस्तुतियों के साथ विद्यार्थियों ने भी अपनी स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कर समारोह को साहित्यिक रंग दिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार मिश्रा ने पुरस्कृत किया। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनूप सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रमेश सिंह ने किया।

# नवोदय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** दीपावली के दौरान पटाखों से होने वाली आगजनी और संभावित हादसों को रोकने के उद्देश्य से एनटीपीसी की नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना की सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा की ओर से पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बारून में अग्नि सुरक्षा एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 20 शिक्षक, 17 एनसीसी कैडेट और 503 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा के जवानों ने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में तत्काल किए जाने वाले बचाव उपायों की जानकारी दी। साथ ही दीपावली के दौरान पटाखे चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए पटाखे चलाते समय विशेष सतर्कता जरूरी है। सीआईएसएफ की टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि पटाखे हमेशा खुले और सुरक्षित स्थान पर ही जलाने चाहिए। पटाखे चलाने वाली जगह के पास पानी और बालू से भरी बाल्टियां तैयार रखनी चाहिए, ताकि आग लगने की स्थिति में तत्काल उस पर काबू पाया जा सके। बच्चों को पटाखे चलाते समय सूती और आरामदायक कपड़े पहनने तथा बड़ों की निगरानी में ही खुले स्थान पर पटाखे चलाने की सलाह दी गई। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि अधजले पटाखों को दोबारा जलाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। किसी भी पटाखे को हाथ में रखकर जलाना बेहद खतरनाक हो सकता है। सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा ने विद्यार्थियों को आग लगने या पटाखे से किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर घबराने के बजाय तत्काल सुरक्षित स्थान पर जाने और जरूरत पड़ने पर नजदीकी अस्पताल पहुंचने की सलाह दी। विद्यार्थियों को आग से बचाव के प्राथमिक उपायों के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी सुरक्षित रखने के तरीके बताए गए।

## शराब ले जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अम्बा पुलिस ने संडा-बालूगंज पथ पर परता मोड़ के समीप एक पियाजियो ऑटो से 281 बोतल देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से ऑटो चालक समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ऑटो से शराब की खेप ले जाई जा रही है। इसके बाद परता मोड़ के पास टेंपू को रोककर तलाशी ली गई। इस क्रम में वाहन से 300 एमएल की 'टनाका' देशी शराब की 281 बोतलें बरामद हुईं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# महिलाओं ने की अखंड सुहाग की कामना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में सोमवार को हरितालिका तीज व्रत का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, बेहतर स्वास्थ्य, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर व्रत रखा। सुबह से ही घरों में पूजा-पाठ की तैयारी शुरू हो गई थी। महिलाओं ने स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और सोलहों श्रृंगार कर भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हरितालिका तीज के अवसर पर महिलाओं ने पूजा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया। भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की प्रतिमा अथवा तस्वीर स्थापित कर पूजा की गई। पूजा के दौरान महिलाओं ने तीज व्रत कथा का श्रवण किया तथा शिव-पार्वती से अपने पति की दीर्घायु और परिवार में सुख-शांति की प्रार्थना की। कई घरों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर पारंपरिक तीज गीत गाए। सुबह से ही महिलाओं में व्रत को लेकर उत्साह बना हुआ था। पूजा के लिए फल, फूल, बेलपत्र, धूप, दीप, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री की व्यवस्था की गई थी। महिलाओं ने श्रद्धा के साथ भगवान शिव और माता पार्वती को पूजन सामग्री अर्पित की। हरितालिका तीज हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इसी आस्था के आधार पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए यह व्रत रखती हैं। वहीं अविवाहित युवतियां भी मनचाहे वर की प्राप्ति की कामना से तीज व्रत करती हैं। महिलाओं ने बताया कि हरितालिका तीज उनके लिए केवल एक पर्व नहीं, बल्कि पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और पारिवारिक सुख-समृद्धि का प्रतीक है।

## शत-प्रतिशत किसानों की समय से पूरी हो फार्मर रजिस्ट्री

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ फार्मर रजिस्ट्री एवं एग्रीस्टैक से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि औरंगाबाद जिले में 10 अगस्त से 12 सितंबर की अवधि में जिले में 581 फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण किया गया है। सत्यापन एवं अनुमोदन के स्तर पर जिले में 26 मामले लंबित पाए गए। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रखंड एवं पंचायतवार नियमित समीक्षा की जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

